Social Changes As Depicted in the Astrological Texts of Ancient India

[In Hindi]

इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डी. फिल्. (D. Phill.) उपाधि हेतु प्रस्तुत

शोध प्रबन्ध

2002-2003

निदेशक
डा० हर्ष कुमार
वरिष्ठ प्रवक्ता
प्राचीन इतिहास विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
इलाहाबाद।

शोधछात्रा
कु० रश्मि श्रीवास्तव
एम० ए०
प्राचीन इतिहास संस्कृति
एव पुरातत्व विभाग
इलाहाबाद

प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

भवानी शंकरौ वन्दे, श्रद्धा विश्वास रूपिणौ।
याभ्यां बिना न पश्यन्ति, सिद्धाः स्वान्ता स्थमिश्वरम् ॥

समर्पण

परम पूज्य समर्थ सद्गुरू देव श्री भवानी शंकर जी
(चच्चा जी महाराज)

को

सादर समर्पित

Rashmi Srivastava
(रश्मि श्रीवास्तव)

विषय सूची

प्राक्कथन

प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं समाज का आकलन करने हेतु इतिहास लेखन की आवश्यकता होती है। इतिहास मे कोई भी उपलब्धि अन्तिम नहीं होती। ज्ञान क्षितिज के विस्तार के लिए किसी विशेष विषय पर शोध किया जाता हैं जो एक बौद्धिक प्रचेष्टा हैं शोध का अर्थ एक नवीन अविष्कार या अन्वेषण नहीं है, अपितु एक नवीन दृष्टिकोण का प्रस्तुतकीरण भी है। समय-समय पर उत्खनन से प्राप्त सामग्री अभिलेखीय साक्ष्यो तथा इतिहासकारों के अन्वेषणो से इतिहास मे प्रगति होती रहती है। अत: शोध की प्रक्रिया सदा प्रवाहमान है।

हमारे शोध का विषय Social changes as depicted in the astrological texts of ancient India एक रुचिकर विषय है। प्राचीन भारतीय इतिहास में होने वाले परिवर्तनों को देखते हुए प्रस्तुत शोधकार्य में ज्योतिष ग्रन्थों धर्मशास्त्रों, पुराणों, स्मृतियों, अभिलेखो, शिलालेखों आदि में वर्णित परिवर्तन का वर्णन किया है। ज्योतिष से सम्बन्धित किसी भी विषय का वर्णन आचार्य वराहमिहिर के ग्रन्थों की सहायता के बिना सम्भव ही नहीं है अत: इस शोध प्रबन्ध की नींव मुख्यत: वराहमिहिर के ग्रन्थों पर ही आधारित है।

मैने यह शोध कार्य इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के ''प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग'' के प्रवक्ता डा0 हर्ष कुमार के निर्देशन में पूर्ण किया है। अत मैं इनकी सदैव आभारी रहूँगी, जिन्होंने अपने विद्वतापूर्ण कार्यो में अत्यन्त व्यस्तता से परिपूर्ण दिनचर्या के मध्य शोधकार्य हेतु निर्देशन का समय निकाला। उनके सुस्पष्ट निर्देशन एव प्रोत्साहन से यह शोध कार्य एक सुस्पष्ट रूप ग्रहण कर सका एवं पूर्णता को प्राप्त हो सका। आदरणीय निर्देशक के मार्गदर्शन के कारण मुझे इस शोध कार्य में किसी भी प्रकार की कठिनाई का अनुभव नहीं हुआ। उनके संरक्षण में मेरा यह कार्य अत्यन्त सरलता एवं शीघ्रता से पूर्ण हुआ है, जिसके लिए मैं सदैव उनकी कृतज्ञ रहूँगी तथा मैं उनका हृदय से आभार प्रकट करती हूँ।

प्रस्तुत शोध कार्य के पूर्ण कराने में प्रो0 बी0एन0एस0 यादव, भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, ''प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग'' की सहृद्‌यता एवं स्नेहिल आशीर्वाद द्वारा विभिन्न रूपों में मेरी जिस प्रकार सहायता हुई उन्हें शब्दो के माध्यम से व्यक्त करना सम्भव नहीं है। ज्ञान

के अथाह सागर प्रो0 बी0एन0 एस0 यादव के सम्बन्ध मे कुछ भी कहना सूर्य को दीपक दिखाने के समान है। अत मैं सम्मानपूर्वक उनके प्रति अपना आभार प्रकट करती हूँ।

मैं वर्तमान विभागाध्यक्ष सहित विभाग के समस्त गुरूजनों के प्रति अपना आभार प्रकट करती हूँ जिनके सतत आशीर्वाद ने इस दुरूह कार्य को पूर्णता की ओर अग्रसर कराने में मुझे अप्रतिम ऊर्जा एव शक्ति प्रदान की।

मैं अपने पूज्य माता-पिता के प्रति आजीवन ऋणी रहूँगी जिनके असीम स्नेह एवं आशीर्वाद की छत्रछाया मे मैं शोध जैसे कठिन कार्य को पूर्ण करने की स्थिति में पहुँच सकी।

मेरे शोधकार्य मे मेरे परिवारजनों का आशीवाद एवं असीम स्नेह के साथ-साथ पग-पग पर मुझे हर प्रकार का सहयोग एवं मार्गदर्शन मिला उनके इसी सहयोग के द्वारा ही मैं यह कार्य पूर्ण करने मे सफल हो सकी हूँ अत: मैं अपने परिवार के सभी बड़ो तथा छोटों का हृदय से आभार प्रकट करती हूँ।

इस शोधकार्य मे सर्वाधिक सहयोग मुझे मेरे जीजाजी श्री ओ0पी0श्रीवास्तव तथा भतीजे सद्‌गुरू पुष्पम् का प्राप्त हुआ। जिनके सहयोग के बिना यह कार्य सम्भव नहीं था। अत: मैं इनका हृदय से आभार प्रकट करती हूँ।

मेरे इस शोध कार्य में अध्ययन की सामग्री की अनुपलब्धता से जो कमिया एवं त्रुटिया रह गयी हो उनके लिए मैं हृदय से क्षमाप्रार्थी हूँ।

Rashmi Srivastava

शोधछात्रा
रश्मि श्रीवास्तव
प्राचीन इतिहास संस्कृति
एव पुरातत्व विभाग
इलाहाबाद

सहायक ग्रन्थों का संक्षिप्त रूप

ABORI	-	Annals of The Bhandarkar Oriental Research institute, Poona
AR	-	Asiatic Researches
ASWI	-	Archaeological Survey of South India
BJ	-	Brhajjātaka
BS	-	Brahat samihita
BY	-	Brhadyātrā
EI	-	Epigraphia India
HDS	-	PV Kane's History of Dharmasāstra
JBBRA	-	Journal of The Bombay Branch of the Royal Asiatic Soceity
JNSI	-	Journal of th oriental Institute, Baroda
JRASB	-	Journal of the Royal Asiatic Society of Bengal
JUPHS	-	Journal of the united provinces Historical society
LJ	-	Laghujātaka
MASI	-	Memories of Archaeological Survey of India
M.P	-	Matsya puran
S S	-	Samās samhita
TY	-	Tikanikayātrā
VIJ	-	Vishvesvaranand Indological Journal
VP	-	Vivahapatala
YY	-	Yogayatra

अध्याय 1

प्रस्तावना

1. प्रस्तावना

ज्योतिषग्रन्थो का इतिहास लेखन मे योगदान स्वय सिद्ध है। ज्योतिष का सम्बन्द्ध सीधे जीवन से है क्योकि कोई भी ज्योतिषी यदि कोई भविष्यवाणी करता है और वह जीवन मे घटित नही होती तो उस ज्योतिषी का कोई सम्मान भी नही रहता। अत प्रत्येक ज्योतिषी का यही प्रयास रहता है कि वह घटित होने वाली भविष्यवाणियॉ करे। इस दृष्टिकोण से इतिहास लेखन मे ज्योतिष ग्रन्थो का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

प्राचीन भारतीय सस्कृति एव समाज का पूर्ववर्ती एव परवर्ती आकलन करने हेतु इतिहास की आवश्यकता होती है। इतिहास लेखन का लक्ष्य अतीत तथा वर्तमान के बीच ऐसे सेतु का निर्माण करना है, जिसके माध्यम से समसामयिक समाज को अतीत का अवलोकन कर अतीत के उद्धरणो द्वारा प्रशिक्षित करे तथा भविष्य का मार्गदर्शन करे अर्थात् इस सेतु पर यह एक ऐसा चक्रीय प्रकाश स्तम्भ होता है जिसका उद्देश्य अतीत का अवलोकन कराना, वर्तमान को प्रकाशित करना तथा उज्जवल भविष्य के लिये दिशा निर्देश करना है। इतिहास लेखन की इस निरन्तर प्रक्रिया द्वारा ही इतिहास का उद्भव तथा विकास होता है।

प्राचीन भारतीय इतिहास लेखन मे इतिहास को मानव सभ्यता के सभी पक्षो का दर्पण माना गया था। मध्यकाल मे हमारे देश मे इस्लामी इतिहास लेखन की की परम्परा आई जिसमे इतिहासकारो ने मुस्लिम आक्रमणकारियो और विजेताओ के धर्मान्धतापूर्ण कृत्यो का औचित्य सिद्ध करना अपना पवित्र कर्तव्य समझा आधुनिक काल मे अग्रेजो के साथ पाश्चात्य इतिहास लेखन की प्रवृत्तियो का अनुप्रवेश हुआ जिसकी विविध धाराओ मे नवीनतम धारा मार्क्सवादी इतिहास लेखन है।

आधुनिक भारतीय इतिहास लेखन प्रधानत पाश्चात्य इतिहास लेखन का अनुगामी रहा है इसके परिणामस्वरूप भारत मे वह सब प्रवृत्तिया आई जो यूरोपीय इतिहास लेखन मे दिखायी देती है। यूरोपीय इतिहासकारो ने जो यूरोप मे विभिन्न सम्प्रदायो के सघर्ष तथा फ्रासीसी क्रान्ति के साथ धर्मनिरपेक्षता के उन्मेष की पृष्ठभूमि मे इतिहास के विकास को देखते आये थे, भारत मे भी ब्राह्मण क्षत्रिय सघर्ष, हिन्दुओ द्वारा बौद्धो के उत्पीडन और पाश्चात्य प्रभाव के साथ धर्म–निरपेक्षता की अवधारणाये रखी। इस सम्बन्ध मे भारतीय इतिहासकारो और विचारको को आक्रामक नीति अपनानी होगी क्योकि किसी के आक्रमण का जवाब केवल आत्मरक्षा ही नही होता, इसके लिये प्रत्याक्रमण भी जरूरी होता है। यह प्रत्याक्रमण कहीं–कही राष्ट्रवादी इतिहास लेखन मे मिलता है। जिसके कारण राष्ट्रवादी विचारधारा वाले भारतीय इतिहासकारो की रचनाओ मे कभी–कभी पूर्वाग्रह झलकने लगता है। इसलिये इनका भारतीय इतिहास लेखन सर्वथा निर्दोष या निष्पक्ष है यह कहना पूर्ण सत्य नही होगा।

भारतीय इतिहास को साम्यवादी चिन्तन के ढॉचे मे ढालने के प्रयास के कैसी विकृतियॉ हो रही है यह कुछ उदाहरणो से स्पष्ट है। भारतीय इतिहास पर मार्क्सवादी दृष्टिकोण से लिखी गयी एक विख्यात पुस्तक है। एस०एडागे की 'इण्डिया फ्राम प्रीमिटम कम्यूनिज्म टु स्लेवरी' – इसमे एक स्थल पर वह 'गीता' के निष्काम कर्मयोग की व्याख्या करते हुए कहते है कि तुम्हारा अधिकार केवल काम करना है, वेतन की आशा करना नही। उनकी इस व्याख्या ने 'गीता' के निष्काम कर्मयोग की वास्तविक व्याख्या ही बदल दी।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि प्राचीन भारत का आधुनिक इतिहास लेखन अनेक चुनौतियो से गुजरा है। हमारे इतिहासकारो को न केवल साम्राज्यवादी और औपनिवेशिक इतिहास लेखन के कारण उत्पन्न विकृतियो को दूर करना है वरन्

राष्ट्रवादी इतिहास लेखन के अनुचित पूर्वाग्रहो से भी बचना है। उन्हे यह भी स्मरण रखना है कि इतिहासकारो को एक जज की तरह निष्पक्ष तो रहना चाहिए परन्तु अब वह अपने को केवल 'शुष्क तथ्यो' की खोज तक सीमित नही रख सकता उसे उनकी व्याख्या भी करनी होगी। इसके लिए उसे एक वैचारिक पृष्ठभूमि की आवश्यकता होगी। शायद निकट भविष्य मे एक ऐसी सर्वांगीण इतिहास दृष्टि विकसित हो जाए जिसमे जीवन और सस्कृति के सभी पक्षो को यथायोग्य स्थान मिल सके।

अतीत का प्रत्यक्षीकरण सम्भव नही है। इतिहासकार न तो स्वय अतीत का अवलोकन कर सकता है और न समसामयिक समाज को उसका दिग्दर्शन करा सकता है। ऐतिहासिक साक्ष्यो के आधार पर इतिहासकार अतीत का अनुभव अथवा परिकल्पना करके समसामयिक समाज के लिए अतीत की मानसिक पुनर्रचना ही कर सकता है। अतीत से वर्तमान तक प्रगति के मापन का एक मात्र इतिहास है। इतिहास के अभाव मे समाज वैसा ही प्रतीत होता है जैसे स्मरण शक्ति के अभाव मे मनुष्य। यदि इतिहास मानव–समाज के लिए इतना उपयोगी है तो उसकी पुनर्रचना का स्वरूप ऐसा ही होना चाहिए, जो सभी के लिए ग्राह्य हो सके।

यह सत्य है कि अतीत के ऐतिहासिक तथ्य स्वयमेव इतिहास नही बल्कि निर्जीव अस्थिपजर मात्र उपादान होते है। सारनाथ, हडप्पा, मोहनजोदडो तथा द्वारका की खुदाई से प्राप्त ईट, पत्थर, बर्तन के टुकडे, निर्जीव, अस्थिपजर मात्र है, परन्तु यह इतिहासकार का कौशल है कि वह इन अस्थिपजर मात्र तथ्यो को मासल बनाकर उनमे रक्त सचार करता है तथा उन्हे सजीव बनाकर समसामयिक समाज के समक्ष प्रस्तुत करता है। काल्पनिक पुनर्रचना सम्बन्धी विधियो का प्रयोग नाटककार, उपन्यासकार की तरह इतिहासकार भी करता है।

इतिहास मे कोई भी उपलब्धि अन्तिम नही होती। किसी भी प्रदत्त समस्या के प्रति उपलब्ध साक्ष्य ऐतिहासिक विद्या मे परिवर्तन के साथ परिवर्तित होते रहते है। कोई भी इतिहासकार कितने भी दीर्घकाल तक तथा लगन से कार्य क्यो न करे, वह यह कभी भी नही कह सकता कि इस विषय पर उसका कार्य अन्तिम है। अत प्रत्येक इतिहासकार का यह कर्तव्य है कि पुरानी अवधारणाओ से सन्तुष्ट न हो कर नयी अवधारणाओ ज्ञान क्षितिज के विस्तार के लिये किसी विशेष प्रकार से शोध किया जाता है, जो एक बौद्धिक प्रचेष्टा है एव किसी विशेष क्षेत्र मे विशेषता की अपेक्षा करता है। शोध का अर्थ एक नवीन अविष्कार या अन्वेषण नही है अपितु एक नवीन विन्यास, एक नवीन दृष्टिकोण तथा एक नवीन साक्ष्य का प्रस्तुतीकरण भी है। शोध मात्र उसी विषय से सम्बन्धित नही होता जिस पर कोई कार्य न किया गया हो बल्कि किये गये कार्य पर समय समय पर उत्खनन से प्राप्त सामग्री अभिलेखीय साक्ष्यो तथा आधुनिक इतिहासकारो के अन्वेषणो को नये रूप मे प्रस्तुत करना एव उसे उन्नत करने से सम्बन्धित भी होता है।

हमारे शोध का विषय "Social Changes As Depicted in Astrological Text of Ancient India" के सन्दर्भ मे एक अध्ययन है। यह एक रूचिकर विषय है भारतीय इतिहास मे होने वाले परिवर्तन को देखते हुये प्रस्तुत शोध कार्य मे प्राचीन भारत के ज्योतिष ग्रन्थो मे वर्णित सामाजिक परिवर्तन का धर्मशास्त्र से सम्बन्धित ग्रन्थो, पुराणो तकनीकी ग्रन्थो एव साहित्य के आधार पर वर्णन किया गया है। प्रस्तुत शोधकार्य का आधार आचार्य बराहमिहिर की बृहत्सहिता, बृहज्जातक, होराशास्त्र एव योगयात्रा पर रखी गयी है। आचार्य वराहमिहिर ज्योतिष शास्त्र के पोषक पिता (Father of Astrology) है। उनके समान अन्वेषक, युगपर्वतक व्यक्तितत्व फलित ज्योतिष मे आज तक भारत वर्ष मे नही हुआ ज्योतिष से सम्बन्धित किसी भी विषय पर कोई भी शोध कार्य आचार्य वराहमिहिर के ग्रन्थो सरक्षण के बिना अपूर्ण है। अत प्रस्तुत शोध कार्य मे

उनके ग्रन्थो से विशेष रूप से सहयोग लिया गया है। इसके अतिरिक्त पुरातात्विक स्रोत उदाहरणत अभिलेख मुद्रायें, स्मारक एव सर्वेक्षण तथा उत्खनन से प्राप्त सामग्री पर भी विचार विमर्श करके प्रस्तुत शोध पर कार्य किया गया है।

इसके अतिरिक्त अन्य अनेकों ग्रन्थो का जगह जगह पर तथ्यो की प्रामाणिकता के लिये उल्लेख किया गया है। जिसमे मुख्य रूप से 'पञ्च सिद्धान्तिका, समाससहिता, यवनजातक, वृद्धयवनजातक एव सारावली मुख्य हैं। मूल ग्रन्थो मे ऋग्वेद, अर्थशास्त्र, नारद सूक्त, याज्ञवलक्य स्मृति, अग्नि पुराण, शतपथ ब्राह्मण, वायु पुराण, विष्णुपुराण, गौतम धर्मसूत्र, आपस्तम्ब धर्मसूत्र आदि प्रमुख है। अन्य सम्बन्धित ग्रन्थो का विस्तृत विवरण इस शोध के अन्त मे सलग्न किया गया है।

अध्याय 2

सामाजिक परिवर्तन

2. सामाजिक परिवर्तन

प्राचीन भारत मे समय–समय पर ऐसे अनेकानेक साहित्य का निर्माण हुआ जिनसे भारतीय समाज पर विपुल प्रकाश पडता है, ब्राह्मण, बौद्ध, जैन, धर्मप्रधान साहित्य तथा अनेकानेक ज्योतिष ग्रन्थो से तत्कालीन समाज की गतिविधियो का पता चलता है। अभिलेख, मुद्राऐ, अवशेष, स्मारक आदि विविध पक्ष उद्घाटित होते है तथा इतिहास की प्रमाणिकता पुष्ट होती है। गार्गीसहिता, बृहत्सहिता आदि अनेक ऐसे ज्योतिष ग्रन्थ है जिनसे सामाजिक जीवन की विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है और जिनकी प्रमाणिकता तत्कालीन समाज के विभिन्न पक्षो का दिग्दर्शन करने से पुष्ट भी हो जाती है। इस आधार पर हम ज्योतिष के ग्रन्थो पर आधारित तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था को अधिक प्रमाणिक मान सकते है।

बृहत्संहिता तत्कालीन सामाजिक जीवन के विभिन्न पहलुओ का सजीव चित्रण करती है। मानव जीवन के गूढ पहलू जो कि लेखो मे सामान्यत वर्णित नही हो पाते है, बृहत्सहिता मे उसका अत्यन्त सूक्ष्मता से वर्णन किया गया है और इन्ही ज्योतिष ग्रन्थो के आधार पर अब हम तत्कालीन समाज की वर्णव्यवस्था का वर्णन करेगे।

वर्ण - भारत के सामाजिक इतिहास मे वर्ण व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्थान है जो वैदिक काल से आज तक निरन्तर प्रवाहमान है। वर्ण धर्म एव वर्ण कर्म का निष्ठापूर्वक पालन करने से त्यष्टि और समष्टि दोनो का उत्कर्ष होता है। व्यक्ति अपने धर्म का अनुसरण करके समाज निर्माण मे अपना महत्वपूर्ण योग प्रदान करता है। निश्चय ही समुदाय, समाज एव देश के निर्माण एव अभ्युदय मे वर्ण व्यवस्था का योगदान अत्यधिक गरिमामय है। आर्यो ने इस विभाजन के अन्तर्गत यह व्यवस्था रखी थी कि कोई भी व्यक्ति कार्य पद्धति, रूचि और मन स्थिति के अनुसार वर्ण परिवर्तन कर

सकता था किन्तु ऐसी विकल्पना व्यवहार मे विरल ही थी तथा उत्तरवैदिक काल के परवर्ती युग आते–आते वर्णव्यवस्था का यह लचीलापन समाप्त हो गया था। उसमे कठोरता आ गई थी। यह सत्य है कि इसने समय–समय पर हिन्दू समाज की समस्त गतिविधियो को अपने विचारो तथा कार्यों से प्रभावित किया।

ऋग्वेद के पूर्ववर्तीकाल मे समाज मे तीन वर्णो, ब्राह्मण, राजन्य और वैश्य का ही उल्लेख हुआ है। पहले दो वर्ग कवि–पुरोहित और वीर–नायक के व्यवसायो का प्रतिनिधित्व करते थे और तीसरा वर्ग सामान्य लोगो का समूह था, जिसमे समाज के शेष लोग सम्मिलित थे। ऋग्वेद के उत्तरवर्ती काल मे ये तीन वर्ग चार वर्गों मे विकसित होकर सुदृढ हो गये यद्यपि यह कहा जाता है कि पुरूषसूक्त फलत परवर्ती रचना है, वर्ण व्यवस्था ऋग्वेदिक न होकर परवर्ती काल की सामाजिक व्यवस्था है।[1] ऋग्वेद के मूल अश के लेखन तक सम्भवत वर्णव्यवस्था जैसी कोई सस्था विकसित नही हुई थी। कालान्तर मे प्रक्षेपित अशो के जुट जाने के कारण वर्ण–व्यवस्था का सूत्र पूर्व वैदिक काल से ही मान लिया गया इन वर्णो के कार्य और प्रस्थिति को देव समर्थित रूप मे ग्रहण किया गया, यद्यपि इनके कार्यो का सही पृथक्करण इनके अन्य सम्बन्धो का मार्गदर्शन कराने वाले उपनियम तथा उनके लचीलेपन की सीमा चाहे ऋग्वैदिक साहित्य के मुख्य भाग मे न वर्णित की गई हो, तो निश्चित रूप से कर्मकाण्ड अथवा पूजा विधि के रूवरूप से सम्बन्धित थी।[2] अत भारतीय साहित्य मे 'वर्ण' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग ऋग्वेद मे हुआ है, जो पूर्ववैदिक युग का समाज रचना के प्रारम्भिक स्वरूप को स्पष्ट करता है। उसमे वर्ण का प्रयोग रग अथवा आलोक के अर्थ मे है।[3] तत्कालीन समाज मे केवल दो ही वर्ण थे 'आर्य' और दूसरा अनार्य।[4]

1- दत्त, ओरिजन ऐड ग्रोथ ऑव फास्ट इन इण्डिया। प ०–3
2- धुर्ये, कास्ट क्लास ऐड आकुपेशन, पृ० 40, और वैदिक इण्डिया के कतिपय पृष्ठ, 1979।
3- ऋग्वेद 1 73 7, 2 3 5, 9 97 15, 9 104 4, 9 105 4, 10 1124 7
4- वही 2 4 4 यो दास वर्णमधर गुहाक

उत्तर वैदिक काल तक आते–आते आर्य और अनार्य का विरोध और द्विवर्ण का स्वरूप समाप्त सा हो गया है। इसके स्थान पर चातुर्वर्ण का उल्लेख प्रारम्भ हो गया।[5] यद्यपि ऋग्वेद के पुरूषसूक्त मे चारो वर्णो का उल्लेख अवश्य हुआ है, किन्तु उस वश की प्राचीनता उतनी नही है, जितनी ऋग्वेद के अन्य प्रारम्भिक ऋचाओ की।

हिन्दू सामाजिक जीवन का आधार चतुर्वर्ण व्यवस्था थी। यह वर्ण[6] और जाति[7] दोनो कहलाई जाती है। शूद्रो के विपरीत प्रथम तीन वर्ण द्विज या द्विजाति[8] कहे जाते थे क्योकि इस वर्ण के लोगो को उपनयन सस्कार, जो कि दूसरा जन्म समझा जाता था, का अधिकार प्राप्त था, जो कि शूद्रो को प्राप्त नही था। हालाकि ब्राह्मणो को दूसरी जाति से पृथक करने के लिए द्विज और द्विजाति का प्रयोग ब्राह्मणो के सन्दर्भ मे अधिक किया जाता था।[9] वर्णो का विवरण सामान्यत समाज मे उनकी स्थिति को प्रकट करते हुए घटते हुए क्रम मे किया जाता था।

उस समय वर्ण व्यवस्था अत्यन्त कठोर थी। वराहमिहिर का जाति व्यवस्था का विवरण चरम सीमा तक पहुँच गया था। उन्होने क्रमश सफेद, लाल, पीले और काले रग को ब्राह्मण क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र से सम्बन्धित किया है। ब्रह्मा ने ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र की उत्पत्ति की, जिनका रग क्रमश श्वेत, लोहित (लाल), पीत (पीला) और काला था।[10] वस्तुत श्वेतरग का परिचायक सत्वगुण था लाल रग का

5- अथर्ववेद 3 5 7, श०ब्रा०5 5 5 4 9, 6 4 4 13,

6- III 19, XXXIII, 14 etc

7- VIII 10, XXXII 18, 18, BY, XXIII 7,YY, IX 2,4,etc

8- YY, IV 4

9- IV,23, V20, 32,7176, IX39, XII 18, XV XVIII 4, XIX 13, XXIV 7,XXXIII LY, LVIII 5 , LXVIII 38, LXXIX II, 2 LXXXVI 3 etc

10- महाभारत, शान्तिपर्व, 188 5
ब्रह्मणाना तु सितोक्षत्रियाणा तु लोहित
वैश्याना पीत को वर्ण शूद्रणाम सितस्यतया

रजोगुण, पीलेरग का रजोगुण और तमोगुण तथा कालेरग का तमोगुण।[11] चारो वर्णों से सम्बन्धित रगो के सम्बन्ध मे कुछ उदाहरण दिये जा सकते है। वर्षा ऋतु की सूर्य की सफेद लाल पीली और काली किरण चारो वर्णों का इसी क्रम मे विनाश करने वाली कहलाई जाती है। राहु का सफेद लाल पीला और काला होना क्रमश ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रो को पीडा देने वाला माना जाता था।[12] रगो के सिद्धान्त का प्रयोग घरो और मन्दिरो के स्थान का निर्धारण करने के लिए भी किया जाता था। दैनिक जीवन मे प्रयुक्त होने वाले रग वर्णों के आधार पर निर्धारित किये जाते थे। उदाहरणत चारो वर्णों के गदा–छाता, अकुश, बेत धनुष, माला पताका आकद की मूठ का रग क्रमश पीला yellowishred शहद का रग गहरे रग का होता था। ब्राह्मण एक विशेष प्रकार के छत्र का प्रयोग करते थे जो केवल उन्ही के लिए निर्धारित होता था। क्षत्रियो को लाल या yellow diamond, ब्राह्मणो को सफेद, वैश्यो को Sirish फूल का रग तथा शुद्रो को काला रग प्रयोग करना होता था।

इसी प्रकार चारो वर्णों के लिए क्रमश उत्तर, पूर्व, दक्षिण, पश्चिम दिशाओ का निर्धारण किया गया था।[13] नगर निर्माण योजना के अन्तर्गत यह कहा गया है कि चारो वर्णों के घर अपनी अपनी निर्धारित दिशाओ मे ही होने चाहिए।

विभिन्न वर्णों के लोगो के घरो का स्थान अन्य वर्णों से रग taste, smell and similar other matter के आधार पर अलग होता था। अलग–अलग वर्णों के निवास स्थान के लिए अलग–अलग माप निर्धारित थे।

11- वही 188 5, नीलकठ की टीका, सित स्वच्छ सत्वगुण प्रकाशात्मा रामदमादि स्वभाव । लोहितो रजोगुण प्रव्रत्थात्मा शौर्यतेज आदि स्वभाव । पीतक रजस्तमोव्यामिश्र कृ यादीनिहीन कर्म प्रवर्तक । असित कृष्ण आवरणात्मा तमोगुण स्वत प्रकाशप्रवृत्तिहीन शकतवत् परप्रेर्य।

12- AISO cf III, 19, X 21, XXX 17, XXXIII, 14, XXXV 8, XXXVI , LI 1

13- Also see V 32, XXX 16, XXXI 3-4 , XXXIII 15, XXXVI 1 1 XLII 65 ,

इसी प्रकार से मूर्तियो के लिए प्रयुक्त लकडियॉ भी वर्ण के आधार पर निर्धारित की जाती थी। इन वर्णो द्वारा सम्पन्न किए जाने वाले यज्ञो मे ब्राह्मण के लिए पलाश की लकडी क्षत्रिय के लिए न्यग्रोध की और वैश्य के लिए अश्वत्थ की।[14]

वर्ण भेद को कुछ ज्योतिषीय सिद्धान्तो पर भी लागू किया गया है इसलिए उत्तरी व दक्षिणी संक्रान्ति के समय होने वाला ग्रहण क्रमश ब्राह्मण और क्षत्रिय या वैश्य और शुद्रो को कष्ट देने वाला माना जाता था। इसमे यह वर्णित है कि जब सूर्य और चन्द्रमा को आकाश के कुछ निश्चित भागो मे ग्रहण लगता है उस समय विभिन्न वर्णो को कष्ट होता है। ये भी माना जाता था कि विभिन्न ग्रह और artrism इनको नियन्त्रित करते थे और यह भी कहा जाता है कि जब ऐसा परिवेश होगा तो माह के प्रारम्भिक चार दिन क्रमश चारो वर्णो के लिए बर्बादी लायेगा यदि एक टूटा हुआ तारा इसके सिर छाती और पूछ या कोई तारा सीधा, चमकदार बिना टूटा हुआ नीचे गिरता है तो कहा जाता है कि वह चारो वर्णो को अलग–अलग नुक्सान पहुॅचायेगा। एक इन वर्णो के भेद या महत्व के विषय मे कोई विश्वसनीय वर्णन नही मिलता है।

ब्राह्मण धार्मिक आचार विचार[15] तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठान[16] जैसे शान्ति, इन्द्रपूजा, ग्रहप्रवेश, निराजना, पुष्यस्नान, राज्याभिषेक तथा मूर्ति स्थापना[17] आदि अनुष्ठानो के लिए वेदो तथा वैदिक मन्त्रो मे निपुण माने जाते थे। ब्राह्मणो के विषय मे यह वर्णन मिलता है कि वे फल–फूल हवा तथा पानी के सहारे ही जीवित रहते थे तथा आजीवन तपस्या किया करते थे। प्रधानत उनके छ कर्म थे– वेद पढना, वेद पढाना, यज्ञ करना, यज्ञ कराना, दान देना और दान लेना।[18] धार्मिक अनुष्ठान

14- श० ब्रा०, 5 3 2 11

15- XIX13, XLII 26, XLIII 6 , XLVII 49

16- XXIV6, XLII 30, YY, VIII 2, 3, 8, 12 etc

17- Chs XLII, XLIII, XLV, XLV, XLVII, LII.1234, LIX

18- अर्थशास्त्र, 1 3 स्वधर्मो ब्राह्ममणस्मरध्ययनमध्ययनमध्यापन यजन दान प्रतिग्रहश्चेति,मुन० 188 , याज्ञ० 5 188, शख० 1 2, गौ०ध०सू० 10 1 बौ०ध०सू०, 110, 182 कृत्यकल्पतरू, 185 86, समरागज सूत्रधार, 7 70, यजनाध्ययननेदान याजनाध्यापनार्थिता

की समाप्ति पर उन्हे दक्षिणा और विभिन्न उपहारो आदि से सम्मानित किया जाता था तथा भोजन आदि के लिए आमन्त्रित किया जाता था।[19] लोगो का यह विश्वास था कि ब्राह्मणो को दान आदि देकर वे बुरे ग्रह, नक्षत्रो, अपशकुन आदि से अपनी रक्षा कर सकते है।[20] ऐसा माना जाता था कि ब्राह्मण Santis द्वारा देश को उसी प्रकार शक्ति प्रदान करते है जैसे एक वैद्य विष तथा अन्य बिमारियो से शरीर की रक्षा करता है।[21] ब्राह्मणो को भगवान के समान समझा जाता था तथा लोग अपनी सेवा द्वारा उनके प्रति समर्पित होते थे। ब्राह्मणो का सम्मान करने वाला नृप सुख समृद्धि प्राप्त करता था तथा उसके इस व्यवहार से पृथ्वी उसके प्रति उदार होती थी और स्वय उसके सम्मुख नत होते थे।[22] समाज मे ब्राह्मण देवता के समान आद्रता था।[23, 24] मनु के अनुसार मूर्ख और विद्वान दोनो ही प्रकार के ब्राह्मण देवता के समान महत्वशाली थे।[25] ब्राह्मण अपनी शिक्षा और अध्ययन से समाज की बौद्धिक क्षेत्र मे अग्रणी करता था। निरूक्त मे कहा गया है कि विद्या अपने ऋण के लिए ब्राह्मण के निकट आई।[26] समाज मे वेदो का प्रचार और प्रसार ब्राह्मणो के कारण ही सम्भव था।[27] वे ही वेद और शास्त्र के प्रवर्तक थे[28] रूचक और मण्डालका प्रकार के लोग ब्राह्मण, शिक्षक, भगवान, ध्यान आदि क्षेत्रो से सम्बन्धित थे। इन लोगो का आशीर्वाद किसी भी कार्य के प्रारम्भ से पूर्व मिलना एक अच्छा शकुन[29] माना जाता था। जिस राजा की सेना ब्राह्मणो से घृणा करती थी उस पर आसानी से आक्रमण किया जा

19- XLII, 38, XLV, 17, 24, 32, 37, 45, 53, 57-8, 64, 71-2, LII a

20- — — — न तेषा भवति दुरितपाको दक्षिणाभिश्च रूद्ध IXLV 17

21- रोगाभिभूत विषदूषित वा यथा विनाशभिमुख शरीरम्।
वैद्य प्रयोगै सुदृढ करोति राष्ट्र तथा शान्तिमिरग्रजन्मा।।

22- ऋग्वेद, 4 50, 8

23- तै० स० 1 7 11, एते वै देवा प्रत्यक्ष यद्र ब्राह्मणा।

24- वही 3 200 88

25- मनु० 9 317 अविद्वाश्चैव विद्वाश्च ब्राह्मणो दैवतमहत्।
प्रणीतश्चाप्रणीतश्च यथाऽग्निदैदतमहत्।।

26- निरूणन्त — 2 4

27- वायु०पु० 57 60, सहिता च ततो मन्त्रा ऋषिभिर्ब्राह्मणेस्तुत

28- मत्स्य पु०, 21 31, काण्डरीकोऽपि धर्मात्मा वेदशास्त्र प्रवर्तक।।

29- BY, XV 15, XVI 30, TY, IX 2, YY, XIII 1

सकता था।[30] ऐसा उन लोगो का विश्वास था कि ब्राह्मणो के तेज तथा मन्त्रोचार के द्वारा विजय आसानी से मिल जाती थी। ब्राह्मणो गाय और राजाओ के लिए युद्ध हुआ करते थे।[31] राज्य को जीतकर भी जीतने वाला राजा वहा के ब्राह्मणो को बन्दी नही बना सकता था।[32] शत्रु के आक्रमण के समय वह अपने राजा के साथ यह युद्ध भूमि मे जाकर सैनिको का उत्साहवर्द्धन करता था।[33] राज्याभिषेक के पूर्व ब्राह्मण पुरोहित राजा से कहता था –"तू वीरता की योनि और नाभि है। कोई तेरी हिसा न करे और न तू हम लोगो की हिसा करे। नियमो का पालन करने वाला तथा विद्या का निवारण करने वाला व्यक्ति प्रजा मे स्वैर्य प्राप्त करता है। सुकमा व्यक्ति ही साम्राज्य के योग्य होता है। मृत्यु से रक्षा करता है। सूर्यदेव के प्रकाश अश्विनी कुमारो की भुजाओ पूषा के हाथो और अश्विनी कुमारो की औषाधियो से (राष्ट्र के) बल, श्री और यश के लिए इन्द्र के इन्द्रिय (शक्ति) से मै तेरा अभिषेक करता हूँ।[34] कौटिल्य के अर्थशास्त्र के अनुसार उन्नत कुल से उत्पन्न, शील तथा सदाचार सम्पन्न, सभी वेदो और व्याकरण आदि वेदोगो मे पारगत, दैवी विपत्तियो एव शकुन शास्त्र मे विज्ञ दण्डनीति (राजनीति) शास्त्रो मे निपुण और दैवी तथा मानवी आपदाओ को अथर्ववेदोक्त मत्रो द्वारा हटा देने कुशल ब्राह्मण व्यक्ति को ही राजा पुरोहित बनाए। जैसे शिष्यगुरू को, पुत्र पिता को तथा सेवक स्वामी को मानता है, ठीक उसी प्रकार राजा भी पुरोहित को अपना पूज्य मानकर उसका अनुसरण करे।[35]

ब्राह्मणो को वेदो मंत्रो के उच्चारण के आधार पर विभक्त कर दिया गया

30- सग्रामे वयममरद्विज प्रसादाज्जेष्यामो रिपुष्लमाश्वसशयेन।
BY, XXXI,2 TY, IX. 28

31- स्वाम्यर्थगोद्विजहिते त्यजता शरीरम् IYY, XVI 4
स्वाभिगोब्राह्मणार्थे त्यक्तासूनाम् IYY, XVI 26

32- YY, XVII 9, By, XXXIV8, TY , IX 22

33- ऋग्वेद 10 71 9, 1 , 164 45, 7 103 7 8, 10 71 9 आदि

34- यर्जुर्वेद (शुक्ल), 20 14

35- अर्थशास्त्र, 1 9, पुरोहितमुदितकुल शीलशड्डगे वेदे दैवे निमित्ते दण्डनीत्या च अभिविनीतमापदा दैवभानुशीणामथर्वभि रूपार्ये च प्रतिकर्त्तार कुर्वीत। तमाचार्य शिष्य पितर पुत्रो भृत्य स्वामिनमिव चानुवर्तेत।

था। जैसे अथर्ववेद सामवेद ऋग्वेद के ब्राह्मण। पुरोहित के रूप मे वे राज्य के समस्त धार्मिक कृत्यो को सम्पन्न करता था। श्रोत यज्ञो मे उनकी सहायता अनिवार्य मानी गयी थी। देव–स्तवन के लिए भिन्न–भिन्न ऋचाऐ थी जिन्हे ब्राह्मण सम्पन्न करते थे। प्रारम्भ मे मत्रो की सहायता से यज्ञ किया जाता था। किन्तु बाद मे मत्रोच्चार के साथ–साथ हाथो के माध्यम से यज्ञ किया जाता था।[36] वैसे ब्राह्मण चारो वेदो मे निपुण होते थे। गुप्त काल मे चर्तुविद्या निपुण ब्राह्मणो को भू–स्वामित्व भी दिया जाता था।[37] वैखानसग्रह्यसूत्र के श्रौत्रिय शब्द ब्राह्मण की किसी भी वेद मे निपुणता सूचित करता है।गोत्र इन्हे अन्य से पृथक करने का एक और आधार है। वशिष्ठ गोत्र के ब्राह्मण का V-72 मे वर्णन है। इनके लिए ब्राह्मबन्धु[38] शब्द जो कि धीरे–धीरे कम होता जा रहा है या वह BY, XVIII 24 मे मिलता है। जो ब्राह्मण उपनयन सस्कार को सम्पन्न कराने मे असफल होता है। वह अपनी व्रात्य जाति से अवनत हो जाता है (LXXXVI 39)।[39]

ब्रह्म हत्या एक बहुत बडा घ्रणित कार्य समझा जाता था और इसमे प्रायश्चित के लिए अनेक प्रकार की तपस्या निर्धारित की गई थी। वराहमिहिर ने प्रायश्चित का तरीका कपालव्रत बताया है। उनके अनुसार जब रोहिणी वीनस द्वारा तोडी जाती है और उसकी हड्डियो के टुकडे आदि पृथ्वी पर बिखर जाते है। इस कष्टकारी क्रिया को ही कपालव्रत कहते है।[40] मानव धर्मशास्त्र के अनुसार ब्रह्महत्या करने वाले की

---

36 ऋग्वेद, 1 2 9 2

37- CII, III, P 70 1 6, 179, II65-6, P 238, I, 25 , El, X V P 307 The legend chaturvıdyarya ıs found on ———
———
वेदमधीत्य शारीरैरापाणिग्रहणात् सस्कृत , पाकयज्ञेरपि यजन् श्रैत्रिय

38 cf Brahmabandhur = adhıksope, Amara, III 3 194
यावदुपनयन न कृत स व्रात्यो द्विज ।

39- प्राजापत्ये शकटे भिन्ने कृत्वेव पातक वसुधा।
केशास्थिशकलवला कापालमिव व्रत धत्ते।।

40- ब्रह्महा द्वादशव्दानि कुटी कृत्वा वने बसेत्।
भैक्ष्याश्यात्मवि शुद्ध्यर्थ कृत्वा शवशिरोरूहम्।। [Maner, XI 72]

स्वय की आत्मबुद्धि के 12 वर्ष वन मे कुटी बनाकर रहना भिक्षु बन कर तथा मृतक के समान जीवन व्यतीत करना चाहिए होता था।[41]

क्षत्रिय – भारतीय समाज मे क्षत्रियो की स्थिति ब्राह्मणो के बाद थी किन्तु उनका मान और महत्व ब्राह्मणो से कम नही था। देश और समाज की रक्षा व्यवस्था का भार क्षत्रियो पर ही था। अपने युद्धकौशल और प्रशासन से वे समाज को रक्षित और पोषित करते थे। क्षात्र शासक वर्ग का[42] प्रतिनिधित्व करता है (ın VIII 30)। नरेन्द्र शब्द क्षत्रियो के लिए ही प्रयुक्त होता था (ın V32)। यह राजकीय शक्ति केवल द्वितीय जाति तक ही सीमित थी। वास्तव मे कुछ बाते इससे अलग थी। जैसे युवानच्वाग के अनुसार थानेश्वर और परयात्र[43] मे वैश्य राजा तथा मतीपुर और सिन्ध[44] मे शूद्र तथा उज्जैनी, जीठोती तथा माहेश्वरपुर मे ब्राह्मण शासक थे।[45]

पहले दो वर्ण अर्थात् ब्राह्मण तथा क्षत्रिय के वर्ग होते थे जैसे ब्रह्मशास्त्र, द्विजक्षात्र, द्विजक्षत्रिय, द्विज नरपति। इनकी एकता सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक समझी जाती थी।[46]

युद्ध मे जीति गई सारी वस्तुए क्षत्रीय शासक की होती थी, जो उसके विशेष अधिकार को व्यक्त करता है। मनु के अनुसार रथ, घोडा, हाथी, छत्र, धन, धान्य, पशु (गौ, भैस आदि), स्त्रिया (दासी आदि) दस तरह के द्रव्य (गुड, नमक आदि) और कुव्य (सोना–चादी के अतिरिक्त ताबा–पीतल आदि धातु) योद्धा जीतकर लाता था, उसी का होता था।[47]

41- Ksatram tada sastı ca bhutadhatrım
42- Oh yuan chwang 1 pp 300, 343
44- Ib, I, p 322 , II, p 252
45- 16 , II, pp 250-257
46- cf Manu, IX 322
47- मनु० 7 96 रथा व हस्तिन छत्र धन धान्य पशून्स्त्रिय।
सर्वद्व्याणि कुप्य च यो यज्जयति तस्य तत्।।

यही नही विजित राजाओ और अधीनस्थ राजाओ से मिलने वाले उपहार राजा की विशेष सुविधाए थे। सम्राट चन्द्रगुप्त को ऐसे ही अनेक राजाओ से उपहार मे बहुमूल्य धन—सम्पत्ति और राजव्यस्थाऐ प्राप्त हुई थी। प्रयाग प्रशस्ति इस तथ्य का ज्वलन्त प्रमाण है।

क्षत्रियों के लिए दण्ड व्यवस्था-

वर्ण के क्रम के अनुसार क्षत्रियो के लिए दण्ड की व्यवस्था भी क्रमानुसार की गई थी। ब्राह्मणो को सबसे कम दण्ड मिलता था और शूद्र को सबसे अधिक सभी धर्मशास्त्रकारो और स्मृतिकारो ने इसी सिद्धान्त के अनुसार क्षत्रियो के लिए भी दण्ड का विधान किया था। गौतम के अनुसार ब्राह्मण का अपमान करने वाले क्षत्रीय को 100 कार्षापण अर्थदण्ड देना पडता था और वैश्य को 150 कार्षापण।[48]

क्षत्रीय के निषिद्ध कर्म -

समाज मे कुछ ऐसे कार्य थे जो क्षत्रीयो के लिए वर्जित थ। वेद पढाने यज्ञ कराने और दान लेने का अधिकार केवल ब्राह्मणो का था, यद्यपि वैदिक युग के अनेक क्षत्रीय शासको ने पढानि का भी कार्य किया था। मनु के अनुसार ब्राह्मणो के कर्मो मे से क्षत्रीयो के लिए ये कर्म अविहित थे—पहला पढाना, दूसरा यज्ञ कराना और तीसरा दान लेना।[49] क्षत्रिय वेद पढ सकते थे पढा नही सकते थे। पढने का अधिकार केवल ब्राह्मणो को था।[50]

वैश्य - पाणिनी ने वैश्यो के लिए ''अर्थ'' शब्द प्रयोग किया है। समाज मे वैश्यो का

48- गौ० ध०सू०, 2 36-7 शतक्षत्रियो ब्राह्मणो कोशे। अध्ययर्थ वैष्य ।

49- मनु० 10 77 त्रयो धर्मा निवर्तन्तेब्राह्मणसत्रिय प्रति।
अध्यापन याजन च तृतीय च प्रतिग्रह ।।

50- वही, 10 1, अधीयीरस्त्रयो वर्णा स्वकर्मस्था द्विजातय ।
प्रबूयाद्ब्रह्मणरूत्वेशा नेतराविति निश्चय।।

स्थान क्रमानुसार तीसरा था। व्यापारिक व्यवस्था और कृषि का समान्त भार उसके ऊपर निर्भर करता था। राज्य और देश की आर्थिक स्थिति उसी के सत्यप्रयास से सुदृढ होती थी। अर्थ सम्बन्धी नीतियो का सचालन वैश्य वर्ग ही करता था। अध्ययन, यजन और दान उसका परम कर्तव्य था।[51] कौटिल्य के अनुसार उसका प्रधानाचार्य था, अध्ययन करना, यज्ञ करना और दान देना।[52] कालान्तर मे चलकर वैश्यो ने शिक्षा ग्रहण करने का कार्य त्याग दिया और अपने को पूर्णरूप से व्यापार और वाणिज्य मे लगाया। इस तरह आध्यात्मिक और बौद्धिक उन्नयन का मार्ग उनसे छूट गया। अध्ययन, यज्ञज आदि दानादि के कर्मो को त्याग कर वैश्य कृषि, वाणिज्य, पशुपालन और ध्नार्जन के कार्यो मे लग गये।[53] पशुओ का रक्षा करना, दान देना, यज्ञ करना, वेद पढना, व्यापार करना, ब्याज लेना और कृषि करना वैश्यो के कर्म थे।[54]

गुप्त युग मे उन्हे श्रेष्ठि[55], वणिक[56] सार्थवाह[57] आदि नामो से सम्बोधित किया जाता था। हेमचन्द्र ने उनके लिए छह शब्दो का प्रयोग किया है—अर्था, भूमिस्पर्श वैश्य, अख्या, अरूजा और विश।

51- गौ० ध० सू०, 10 1-3

52- अर्थशास्त्र, 3 7 नैश्पस्थस्याध्यायन यजन दान।

53- गौ० ध०सू०, 2 1 50, वैश्यस्याधिक क्रषिवणिक्यषाशुपात्यकुसीदम्

54- मनु० 1 90, पशूना रक्षण दानमिज्याध्ययनमेव च।
वाणिक्पथ कुसीद च वैश्यस्थ कृषिमेव च ।।

55- शाकुतलम् पृ० 219

56- मालविकाग्निमित्र, 1 7

57-

साम्माश्रत या वर्णसकर जाति

(Mixed Castes)

भारतीय जाति व्यवस्था हिन्दू सामाजिक सगठन का एक विशिष्ट रूप है, जो हिन्दू समाज को अनेक समूहो मे विभक्त करता है। जातियो के रहन–सहन, स्तर, व्यवहार और आचरण मे सम्यक् अन्तर है। समाज का स्तर जाति द्वारा निर्धारित किया जाता है। (Sarthe pradhanam samye syaȷ = ȷatı-vıdya-vayo = dhıkam, LXXXV11, BY XXIII 7), जाति के प्रधान[58] जाति के सगठन के अस्तित्व को प्रस्तुत करते है।

उपनिषदो और महाभारत से विदित होता है कि चातुर्वणो के अतिरिक्त समाज मे अनेकानेक जातिया थी, जिनकी उत्पत्ति अनुलोम और प्रतिलोम जैसे अर्न्तजातिय विवाह से हुआ था।[59] ऐसी विभिन्न जातिया तत्कालीन समाज मे सवर्णता या अवर्णता का बिना ध्यान रखे ही कुछ लोगो द्वारा विवाह सम्बन्ध स्थापित करके उत्पन्न हुई थी।[60] फलत प्रजातीय भेदो और सामाजिक अन्तरता के कारण समाज मे इनकी सख्या बढती गई और इनका एक बहुत बडा वर्ग हो गया। ऐसे बहिर्विवाह से समाज मे सकरता इतनी बढ गई कि व्यक्ति की सही जाति का पता पाना असम्भ सा हो गया।[61] धर्मसूत्रो मे भी ऐसी विभिन्न जातियो का उल्लेख है जो अनुलोम–प्रतिलोम से उत्पन्न हुई थी।[62] पूर्वमध्ययुग तक आकर वर्णसकर जातियो की सख्या 64 हो

58- ȷatı-srestha (VIII 10) Utpala - ȷathınam ye sresthah pradhanah,Raȷanaya mukhyan (IV 24), utpala kstrıya pradham cf pada tadıtaka (chaturbhanı edıted by Motıchandra), p 156, whıch refers to the brahmanapıthıka for decıdıng matters relatıng to theır caste

59- छा०उ० 5 10 7, रमणीयचरणा रमणीया योनिमाधेरन् ब्राह्मयोनि स्वा क्षत्रिययोनिष्वा वे ययोनिवा। कपूयचरणा कपूयायोनिमापधेरन् वयोनि वा सकस्योनि वा चाण्डालयोनि वा ।, महाभारत, 12 296 5-9

60- महाभारत, वनपर्व, 80 31-33

61- वही

62- गौ० ध० सू० 21 6-10, 18 24, 4 14, बौ०ध०सू० 1 9 3 आ०ध० सू०, 1 2 4 9 5,

गयी।[63] बृहद्धधर्मपुराण मे उल्लिखित है कि वर्णसकर जातियो की तीन श्रेणिया थी–(1) उत्तम सकर, जिनकी सख्या बीस थी, (11) मध्यसकर, जिनकी सख्या बारह थी और (111) अधमसकर या अन्त्यज, जिनकी सख्या नौ थी।

वर्णसकर जातियो का भी आपस मे मिश्रण होने से अनेक सताने उत्पन्न हुई जो विभिन्न निम्न जातियो के अन्तर्गत गृहीत की गई। इस प्रकार भारतीय समाज मे जातियो और उप जातियो का विशाल समुदाय हो गया। मिश्रण से बनी हुई ये जातिया आपस मे ऊच नीच की भावना से ग्रस्त थी जबकि वर्णसकर जातिया स्वय अस्पृश्य और निम्न श्रेणी की थी।

वराहमिहिर ने बृहत्सहिता मे नयी मिश्रित जातियो के विषय मे वर्णन किया है जैसे विवर्ण और अवर्णज। स्मृति के दृढ निर्देश को वराहमिहिर जानते थे कि केवल चार वर्ण ही होते है। धर्मशास्त्र द्वारा ज्ञात होता है कि अर्न्तजातीय विवाह जैसे अनुलोम[65] तथा प्रतिलोम[66] विवाह द्वारा मिश्रित जातिया उत्पन्न होती है।

चाण्डाल -यह प्रतिलोम विवाह द्वारा उत्पन्न छ जातियो मे से एक है। समाज मे चाण्डल जाति अत्यन्त निम्न मानी जाती थी। यह जाति शूद्र पुरूष तथा ब्राह्मण स्त्री से उत्पन्न सन्तान होती थी।[67] चाण्डाल जाति गाव के बाहर रहती थी, कुत्ते और गधे उनकी सम्पत्ति होती थी। वे मृतको के वस्त्र पहनते थे, टूटे फूटे बर्तन प्रयोग करते लोहे के जेवर पहनते थे तथा इधर से उधर घूमते रहते थे। उन्हे कस्बे तथा गाव मे आने की अनुमति नही थी। वे जब भी गांव में रात्रि या दिन मे जाते तो उन्हे

63- हिस्ट्री अव बगाल, प ० 567

64- ब्रहदुधर्मपुराण, उत्तरकोढ प ० 33-48

65- ı e unıon of a male of hıgher caste wıth a female of lower caste

66- ı e unıon of a man of lower caste and a women of hıgher caste

67- Manu, X 12 , yajnvalkya, 1 93, Arthasastra, III 7, Amara II 10 4

एक विशेष प्रकार की आवाज करते हुए आना पडता था।[68] जिससे की उनकी उपस्थिति का लोगो को पता चल जाये। जिन मृतक का कोई जानने वाला या रिश्तेदार नही होता था उनका दाहसस्कार ये ही करते थे तथा राजाज्ञा[69] द्वारा किसी को फासी की सजा देने पर जल्लाद का काम भी करते थे। फासी देने के पहले उसे कपडे जेवर, शय्या आदि पर इन्ही का अधिकार होता था।

डोम - इसी प्रकार डोम एक जाति होती थी जो शमशान के कार्यो को ही किया करती थी। यह अस्प्रश्य जाति बहुत पहले से भारत मे रहती आ रही है। इसके विषय मे अरब लेखको का भी विवरण मिलता है। वैसे डोमो को आज भी निम्न कार्य करते हुए देखा जा सकता है। इनका मुख्य पेशा गाना बजाना था। अल्बरूनी के अनुसार ये बासुरी बजाते और गाते थे।[70] किन्तु आजकल डोमो का पेशा बास की टोकरी आदि बनाना है। कल्हण ने इसके निम्नतम पेशे का उल्लेख किया है।[71] चर्यापद मे डोमो का उल्लेख हुआ है, जो शहर के बहार रहते थे।

निषाद - बौधायन के अनुसार ब्राह्मण पुरूष और वैश्य[72] या शूद्र[73] स्त्री से निषाद की उत्पत्ति हुई थी।[74] अमर शब्द भी निषाद जाति के लिए ही प्रयुक्त होता था। निषाद अत्यन्त निम्ना कोटि की जाति थी। रामायण मे निषाद जाति का विस्तृत वर्णन है। मनु ने भी निषाद जाति का उल्लेख किया है।[75] ये जाति नाविक का कार्य करती

68- cf Fa-hıan (H A Gıles, Travels of Fa-hsıen, p 21, "These (candelas) lıve away from other people, and when they approach a cıty or market, they beat a pıece of wood, ın order to dıstınguısh themselves Then people know who they are and avoıd comıng ın to contact wıth htem" Aslo cf जर्जरितमुख–भागा वेणुलतामादाय नरपतिबोधनार्थ सकृत्समाकुटटिममाजधान (चाण्डालकन्यकावर्णनम्) kadambrı, Purrabhaya, p 20

69- cf Mrcchakatıka, Act X, where we meet two chandalar actıng as havıng man

70- ग्यारहवी सदी का भारत, प ० 126

71- राजतरगिणी, 6 69, श्रेत्रियेणेव तेनापि म दम्भ शौचाशालिना
डोम्बोच्छि टभुजो भृत्या पार्श्वात्र परिजहिरे।।

72- बॉ० ध० सू० 1 95

73- Haradatta on, Gautama smrıtı, IV 14 Mentıoned ın HDS, II, p 86

74- Arthasastra, II, 7Ip 16y , Manu X 8, Yajnavalkya 1 91

75- मनु०, 10 48 मत्स्यधातो निशादाना ------ ।

थी। विष्णुपुराण मे[76] इसे विन्ध्याशैल का निवासी और पापकर्मा कहा गया है तथा इसकी उत्पत्ति राजा वेन का जघस्थल से मानी गई है। नाविक का कार्य तथा मछली पालन इनका मुख्य व्यवसाय है।

पाराशव –ब्राह्मण पिता तथा शूद्र स्त्री से पाराश्व जाति का उदय हुआ था।[77] पुराणो मे भी पाराश्व का उल्लेख हुआ है।[78] विदुर एक पाराश्व थे। उनका विवाह भी पारश्वी पुत्री से हुआ था। वाण के दो पाराश्व भाई थे चन्द्रसेन तथा मात्रसेन।

(श्वपाकी) सोपाक - स्वपाक जाति अधिकतर उग्र पुरूष क्षात्र स्त्री[79] तथा उग्र स्त्री[80] चाण्डाल पुरूष तथा ब्राह्मण स्त्री तथा चाण्डाल पुरूष वैश्य[81] स्त्री की सन्तान होती थी। वराहमिहिर ने स्वपाक जाति को अन्त्यजाति के अन्तर्गत माना है और वे समाज से बहिष्कृत होते थे तथा गाव के बाहर की निवास करते थे। मनु ने उनकी तुलना चाण्डाल से की है।[82] इनका प्रधान कार्य था प्राणदण्ड प्राप्त पापियो को वध करना।[83]

उग्र - गौतम ने इस जाति को वैश्य पुरूष और शूद्र स्त्री से उत्पन्न माना है।[84] परन्तु बौधायन ने इसके विपरीत विचार व्यक्त किया है उनके अनुसार इस जाति का जन्म क्षत्रिय पुरूष और शूद्र स्त्री से हुआ।[85] स्मृतियो के अनुसार भी उग्र जाति की

76- विष्णुपुराण, 1 13 33 36,
मप्यमानात्समुत्तस्थौ तस्योरो, पुरूष किल। दग्धस्थूणाप्रतीकाष खर्व्वाटास्योऽपि हत्स्वक।।
कि कसेमीति तान्सर्वान्सविप्रानाह चातुर। निशीदेति तमूचुस्ते निशादस्तेव सोऽभवत्।।

77- मनु० 10 8 ब्राह्मण द्वै यकन्यायामम्ब ठो नाम जायते। निषाद शूद्रकन्याया य पाराराण उच्यते।।
स्त्रियान अम्बश्ठ शूद्रया निषादो जात पारशवोऽपि वा।।

78-

79- Arthasastra, III 79 p 163

80- Manu X 19

81- HDS, II P 97

82- Amara, II 10 19-20, dentıfices the candelas and svapacas

83- वही 10-38, चाण्डालेन तु सोपाको मूलव्यसनव त्तिमान्। पुक्कस्या जायते पाप सदा सजानगर्हित ।।

84- गौ०ध० सू० ज० 16

उत्पत्ति क्षत्रिय पुरूष और शूद्र स्त्री से हुई थी।[86] इस जाति का प्रमुख कार्य भूमि के अन्दर बिल मे से जानवरो को निकालकर जीवन यापन करना था।

यवन पहलव शक हूण और Magas आदि विदेशी जातियो को उनकी जटिलता के साथ हिन्दू समाज मे मिला लिया गया और वे मैखास के नाम से जाने गये। यवन भी यही कहे जाने लगे। वे मिश्रित जाति के कहे जाते थे। ब्राह्मण लेखको के अनुसार उन्हे समाज मे उच्च तथा सम्मानिय स्थान प्राप्त नही था।

आश्रम - प्राचीन हिन्दू समाज मे आश्रम–व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। मनुष्य के जीवन को सुसस्कृत, सुगठित और सुव्यवस्थित करने के निमित्त भारतीय समाज मे आश्रम व्यवस्था जैसी सस्था की नियोजना की गई थी। मानव जीवन को समग्रता पूर्वक व्यवस्थित रूप प्रदान करने के लिए तथा आध्यात्मिक उत्कर्ष के लिए उसे आश्रमो के अन्तर्गत विभाजित किया था। द्विजो के जीवन के अनुरूप ही आश्रम को भी चार भागो मे विभाजित किया गया है। इनमे ब्रह्मचारी या विद्यार्थी, ग्रहस्थ वनप्रस्थ, सन्यासी थे। वराहमिहिर के अनुसार, वानप्रस्थ जैसे वन्यासन अर्थात ये लोग वन मे उत्पन्न कन्दमूल आदि पर जीवन व्यतीत करते थे (BJ XV1) तथा तपस्या करते थे, और सन्यासी जैसे भिक्षु, प्रवराजित पारिव्रत, सुपरिव्रत और यति। यह वर्ण मिलता है कि सन्यासी पारिवारिक बन्धनो से मुक्त होते थे तथा अपना जीवन किसी एक निश्चित स्थान पर व्यतीत नही करते थे। उत्पल के अनुसार–आश्रम का अर्थ सन्यासी होता है। तपस्वी के विषय मे यह जानकारी मिलती है कि उनका सिर मुडा हुआ होता था तथा वे लाल रग के वस्त्रधारण (Kasayın, YY, XIII,14Ty, IX 15) करते थे। तपस्वीनी, भिक्षुनिक (bhıksunıka pravrgjıta LXXVII 9)[87] प्रवरजिता

86- मनु० 10 49 क्षत्रुग्रपुक्कसाना तुबिलौकावध बन्धनम्।
धिग्वणाना धर्मकाय वेणाना भाण्डवादनम्।।

87- cf Bj XXIV 16, which states that women born ın certaın contınuatıons of planets and stars wıll undoubtedly take to arcetıe lıfe (pravrajya)

के विषय मे भी वर्णित है।

कायस्थ वर्ग - पूर्वमध्यकाल मे राजाओ द्वार पुरोहितो, मन्दिरो और अधिकारियो के नाम भूमि या भू–राजस्व का निरन्तर हस्तातरण होते रहने के चलते लिपिक या कायस्थ समुदाय का उत्थान और विकास हुआ। भूमिसमनुदेशन का लेख्य तैयार करने के लिए तथा भूमि, ग्राम और अनुदान मे दी जाने वाली राजस्व की क्रमश बढती मदो का लेखा जोखा रखने के लिए बहुत बडी सख्या मे लिपिक और अभिलेखपाल रखने पडे होगे। गुप्त काल से ही भूसम्पत्ति के बटवारे की विधि (कानून) चली। इसके कारण भूमि के टुकडो मे बटने की शुरूआत हुई और इसक चलते ही अलग–अलग प्लाटो के ब्योरे रखना आवश्यक हुआ। विधि ग्रन्थो मे सीमा–विवाद एक महत्वपूर्ण अध्याय है। अभिलेखो की सहायता के बिना आसानी से इन विवादो का निपटारा सम्भव नही था। आगे, सामान्तोपसामतीकरण के कारण कभी–कभी एक ही प्लाट के चार पाच दावेदार बन जाते थे। पहला उस पर स्वामी के रूप मे दूसरा स्वामी के अधीनस्थ के रूप मे तीसरा उप अधीनस्थ के रूप मे और चौथा वास्तविक कृषक के रूप मे, दावेदार हो जाता था[88] इसलिए गाव और जमीन का अभिलेख सावधानी से रखना होता था ताकि भूमि का विवाद, जो अवसर हुआ करता था, रोका और तय किया जा सके।

अभिलेख सम्बन्धी यह कार्य एक लिपिक वर्ग द्वारा सम्पन्न होता था जो अनेक नामो से जाना जाता था जैसे कि कायस्थ, करण करणिक, अधिकृत, अक्षरचण, पुस्तपाल, चित्रगुप्त, लेखक, दिविर, अक्षरचण, धर्मलेखिन, अक्षरचचु, अक्षपटलिक अक्षपटलाधिकृत आदि। जिस प्रकार वैदिक काल के सोलह प्रकार के पुरोहितो से एक ब्राह्मण वर्ग बना उसी प्रकार प्रारम्भ मे कायस्थ भी करीब करीब बारह प्रकार के

88- इण्डियन फ्यूडॉलिज्म, प ० 15-3-154

लिपिको और अभिलेख पालो से बना एक वर्ग था। कालक्रम मे अन्य प्रकार के अभिलेखपालो को भी कायस्थ कहा जाने लगा। प्रारम्भ मे उच्च वर्णो के साक्षर लोग जनसमुदाय की राजस्व और प्रशासनिक जरूरते पूरी करने के लिए कायस्थ या लिपिक के रूप मे बहाल किए जाते थे। कल्हण ने लिखा है शिवरथ नाम का एक ब्राह्मण कायस्थ अधिकारी के रूप मे बहाल किया गया था।[89] यह भी ज्ञात होता है कि लोकनाथ जो पिता के पक्ष मे ब्राह्मणवशी था, करण था।[90] लेकिन धीरे–धीरे विभिन्न वर्णो से आये इन लिपिको के अपने–अपने मूल वर्ग से वैवाहिक और अन्य सम्बन्ध विच्छिन्न हो गए और ये लोग इस नए समुदाय तक ही अपने सारे सामाजिक सम्पर्क रखने लगे। उन्होने वर्गाभ्यन्तर असगोत्र विवाह–प्रथा चलाई। वर्ण व्यवस्था मे कायस्थो के लिए स्थान खोजने की समस्या से ब्राह्मण स्मृतिकार (विधिनिर्माता) दुविधा मे पड गए और उन्होने कायस्थो को शूद्र और द्विज दोनो ही वर्णो से जोड दिया। चूकि कायस्थो की उत्पत्ति के विषय मे धर्मशास्त्र के वचन अस्पष्ट है, और ऐतिहासिक उदाहरण ऐसे नही है, जिनसे उन्हे किसी एक वर्ण मे रखा जा सके, इसलिए हाल मे कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इन्हे शूद्र और इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ब्राह्मण कहा है।

पेशेवर शिक्षित जाति के रूप मे कायस्थो के उदय से स्वभावत लिपिक और कातिब के रूप मे ब्राह्मणो का एकाधिकार नष्ट हो गया। मध्यप्रदेश मे चदेल और कलचुरि राजाओ तथा कर्णाटक और उडीसा के राजाओ के यहां कायस्थ मत्री थे। ब्राह्मणो को इससे रोष हुआ, क्योकि ऐसे उच्च पदो पर अधिकतर वे ही रखे जाते थे। वे कायस्थो से भी नाराज हुए क्योकि वे ही भूमिदान का अभिलेख रखने लगे जिनसे ये ब्राह्मण मुख्यत सम्बद्ध थे। लिपिक और अभिलेख पाल के रूप मे कायस्थो ने ब्राह्मणो को सदा तग किया होगा, जो दानग्रहीताओ मे भारी सख्या मे थे। इसलिये

89- काणे, पूर्वोद ध त, 11, 77।

90- ए०ई०, XV, स० 19।

ब्राह्मणो के ग्रन्थो मे कायस्थो का गुण वर्णन नही हुआ था। यद्यपि इनका सर्वप्रथम उल्लेख ईस्वी सन की चौथी शताब्दी मे ही स्मृतिकार याज्ञवल्स्य ने किया है।[91] लेकिन वहा भी इनका चित्रण प्रजापीडक के रूप मे ही है। बारहवी शताब्दी आते–आते कायस्थो को बदनाम करने की प्रवृत्ति पराकाष्ठा पर पहुच गई। इनकी निन्दा कल्हण की राजतरगिणी[92] की प्रिय विषय वस्तु है जिसकी पुनरावृत्ति थोडे से हेरफेर के साथ अनेक परवर्ती ग्रन्थो से भी हुई है।

दासता - भारत मे दासप्रथा का प्रचलन अत्यन्त प्राचीन काल से है। सम्भवत इसका प्रारम्भ–प्रौगतिहासिक काल मे ही हो गया था। समय और परिस्थिति के अनुसार भारतीय समाज मे अनेक प्रकार के दास हुआ करते थे। कौटिल्य ने ऐसे अनेक प्रकार के बातो का उल्लेख किया है जो अपनी कठिनाइयो और मजबूरी के कारण दास बन जाते थे –

(1) आत्मविक्रयी – (जो परिस्थितिवश अपने को बेचकर दासता स्वीकार करते थे)

(2) उदरदास – (जो अपना पेट पालने के लिए अपने को बेच देते थे)

(3) प्रेक्षपानुरूप दास – (जो अपने को बन्धक रखकर धन लेते थे)

(4) दण्डप्रणीत दास – (जो राज्य द्वारा अर्थदड से दडित होने पर और इस आर्थिक दड को न चुका सकने के कारण दास होते थे)

91- I, 322

92- iv 620 एव आगे , viii 560 एव आगे।

(5) ध्वजाहत्त दास – (जो युद्ध मे बन्दी होने के कारण दासता स्वीकार करते थे)

(6) दाय भाग मे प्राप्त दास – (जो दास दाय भाग के कारण दूसरे के पास हो जाते थे)

(7) गर्भवती दासी से उत्पन्न दास[93]

मनु ने भी सात प्रकार के दासों का वर्णन किया है-[94]

(1) ध्वजाहत्त – (युद्ध मे जीता गया)

(2) भक्तदास – (भोज प्राप्ति के लोभ मे बना हुआ दास)

(3) ग्रहज – (दासीपुत्र)

(4) क्रीत – (मूल्य देकर क्रय किया हुआ)

(5) दत्त्रिम – (किसी के देने से प्राप्त)

(6) पैत्रिक – (पिता की परम्परा से चला आता हुआ।)

(7) दडदास – (दड या ऋण आदि न चुका सकने के कारण)

नारद ने अन्य प्रकार के दासों का वर्णन किया है-

(1) प्राप्त किया हुआ दास (उपहार मे या अन्य किसी प्रकार प्राप्त किया हुआ)

93- अर्थशास्त्र, 2 13, आत्मविक्रयिण प्रनोदरदासाहितयौ
– प्रखेवानुरूप चास्य दण्डप्रणीत ध्वजाहत्त
ग्रहजातदायागतलब्ध दासी वा सगभौम

94- मनु०, 8 415,
ध्वजाहत्तो भक्तदासो ग्रहज क्रीतदात्त्रियौ।
पैत्रिको दण्डदास च सप्तैते दासमोनय ।

(2) स्वामी द्वारा प्रदत्त

(3) ऋण न चुका सकने के कारण बना दास

(4) जुए मे दाव पर लगाकर हारा गया (पासे अथवा दाव पर अपने स्वामी द्वारा लगाकर हारा गया)

(5) स्वय दासत्व ग्रहण करने वाला

(6) अपने को दास बनाने वाला

(7) आत्मविक्रयी (अपने को बेचने वाला) दास।[95]

इन प्रकारो से ज्ञात होता है कि दास बनने के अनेक कारण रहे होगे। याज्ञवल्क्य और नारद ने यह मत व्यक्त किया है कि वर्ण के आधार पर और उसके अनुसार ही व्यक्ति अपने स्वामी का दास बन सकता था। उदाहरण के लिए ब्राह्मण के क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र दास हो सकते थे, क्षत्रिय के वैश्य और शूद्र तथा वैश्य के शूद्र। किन्तु ब्राह्मण अपने से निम्न तीनो वर्णो का दास नही हो सकता था। इसी प्रकार न क्षत्रिय अपने से निम्न वर्णो का दास बन सकता था और न वैश्य अपने से निम्न वर्ण का।[96] अत इस विवरण से ज्ञात होता है कि दास का आधार भी वर्णगत था। कात्यायन के अनुसार ब्राह्मण किसी ब्राह्मण का भी दास नही हो सकता।[97]

दास तथा पूजी इन दो को समृद्धि तथा एश्वर्य के दो आवश्यक कारक माना गया था। प्राचीन काल मे दासता सामाजिक तथा आर्थिक जीवन का अत्यन्त महत्वपूर्ण तत्व था, भारत इससे अलग नही था। वराहमिहिर के अनुसार पुरूष दास

95- नारद०, V 38-39

96- वही याज्ञवल्वल्य 2 183

97- कात्ययन० 5 722

और स्त्री दास तथा मुख्यत निश्चित तारो तथा ग्रहो की स्थिति मे उत्पन्न कन्या दासी होती थी। गर्भवती दासी से उत्पन्न दास को गर्भदास कहा जाता था जो कि कौटिल्य, मनु तथा नाटक द्वारा वर्णित उदरदास के समान ही है।[98] दासो के पास अपनी निजी सम्पत्ति होती थी।[99] मेधातिथि के अनुसार स्वामी को अपने दास, उसकी पत्नी और पुत्र से अच्छा व्यवहार करना चाहिए। उसने लिखा है कि मनु ने जो यह लिखा है कि दास का भी सम्पत्ति पर अधिकार है।[100] उसका यह आशय है कि वह अपने स्वामी की अनुमति से उस सम्पत्ति का उपभोग कर सकता है। धन से खरीदे हुए दास अर्थात् क्रीत दास राष्ट्र की सम्पत्ति को बढाने मे महत्वपूर्ण योगदान देते थे।[101] ये लोग कमाई करने के लिए शिलप कला का सहारा भी लेते थे (antyavartı, BJ, XII 15, antyasılpa, BJ, XVIII 11) तथा निम्न कर्मो को भी करते थे (hıcakrt, BJ, XVIII 3), अन्य कर्म भी करते थे।[102]

विवाह - विवाह एक सर्वव्यापी और सार्वभौम सस्था है, जो सभी समाजो मे विद्यमान है किसी देश की सस्कृति का अध्ययन करने के लिए विवाह के महत्व को समझना आवश्यक है क्योकि सामाजिक सगठन पर इस सस्था का व्यापक प्रभाव पडता है। वश, कुल और परिवार की निरन्तरता विवाह–सस्था से ही बनी रही है तथा जीवन के विविध पक्ष उससे अनुप्राणित होते रहे है। सही अर्थो मे विवाह परिवार का प्रधान आधार रहा है। इन कारणो से विवाह को एक अत्यन्त उच्चकोटि का कार्य माना गया है। हिन्दू विवाह–सस्था मे धार्मिक विश्वास, स्थायित्व और सामाजिकता इसकी प्रधान विशेषताए है।

98- Arthasastra, III 13) Manu VIII 15, Naradua V 26
99- cf Arthasastra, Dasakalpa section
100- मेघातिथि टीका मनु 8, 416
101- cf Arthaptır ——————bhrtakajanat, Bj X 1
102- LXVII, 26, 36, Bj, XVIII 1

समूह व्यापार - व्यापारी स्वय का समुदाय बनाकर किसी के नेतृत्व मे सगठित होते थे, जिसे सार्थवाह[193] या प्रधान[194] कहते थे। कभी–कभी उनमे एक से अधिक से अधिक प्रमुख होते है। ऐसी स्थिति मे ज्ञान और आयु मे श्रेष्ठ व्यक्ति को प्रमुख माना जाता था।[195] अत्यधिक सुरक्षा के पश्चात् भी कभी–कभी व्यापारी डाकुओ का शिकार हो जाते थे ऐसी स्थिति मे व्यापारियो के धन के नुकसान एव बर्बाद होने का वर्णन वराहमिहिर ने किया है।[196] कालिदास ने भी मालबिकाग्निमित्रण् ने विदर्भ से विदिशा जाने वाले एक काफिले का वर्णन किया। बसाढ (प्राचीन वैशाली) से प्राप्त एक मुहर एक डोडा को सार्थवाह और एक दूसरी मुहर मे सार्थवाह के साथ–साथ श्रेष्ठि का भी वर्णन मिलता है तथा व्यापारियो के सगठन (निगम) का उल्लेख मिलता है। इस काल मे सार्थवाहो की भी बहुत प्रतिष्ठा थी। दामोदरपुर से ताम्रपत्र से ज्ञात होता कि उनका प्रतिनिधि जिला परिषद का सदस्य होता था।[197]

श्रेणी - एक शिल्प के लोगो ने अपनी एक श्रेणी बना रखी थी। वे अपनी–अपनी श्रेणी[198] के अन्तर्गत ही कार्य करते थे और उनके अध्यक्ष को श्रेणीश्रेष्ठ[199] या श्रेष्ठिन[200] कहा जाता था। बसाढ से प्राप्त सिक्को से इस काल की श्रेणियों के सगठन पर पर्याप्त प्रकाश पडा है। इनमे श्रेणि सार्थवाह, कुलिक, निगम,

---

190- Kutha varana-pambales = tad = eva starnam
191- IV 8
192- X 10, XLVII 12
193- IV 13, LXXXVI 14
194- LXXXVI 11
195- Sartha pradhanam samye syaj = jatı- vıdyavayo = dhıkan, ıbıd
196- LXXXVI 39
197- EI, XV,XV pp 130, 133, 138-139
198- X 13, XXXIV 19
199- VIII 10 cf utpala -Bahuram Samana-jatıuyanam sanghah srenıtatab sresthah pradıhanah
200- XXIX 10, XXXIII 25

श्रेष्ठकुलिक—निगम, श्रेष्ठिनिगम और कुलिक निगम का उल्लेख है जिससे यह निष्कर्ष निकलता है कि इस समय साधारण व्यापारियो, दूर—दूर तक काफिला लेकर जाने वाले व्यापारियो प्रधान शिल्पियो और साधारण शिल्पियो सभी की अलग—अलग श्रेणिया थी। गुप्तकाल के और उसमे पूर्ववर्ती युग के कुछ शिलालेखीय साक्ष्यो से श्रेणियो, कारीगरो के सम्बन्ध मे विशेष जानकारिया प्राप्त होती है। पूर्व के अभिलेख से ज्ञात होता है कि कारीगरो ने अपनी अलग श्रेणिया बना ली थी जैसे—तेजी[201], बुनकर[202] तथा सनितकरस[203] आदि। श्रेणियो के बारे मे क्रमश कुमारगुप्त और बन्धुवर्मन[204] आदि मन्दसोरे अभिलेख मे स्कन्दगुप्त[205] के समय की इन्दौर ताम्रपत्र शिलालेख मे भी वर्णन है। भारतीय अर्थव्यवस्था मे इन श्रेणिया का महत्वपूर्ण योगदान था। ये श्रेणिया बैको के रूप मे भी कार्य करती थी। वे जनता का धन अक्षयनिधि के रूप मे जमा करती थी और नियम से उस पर ब्याज देती थी। अपने व्यवसायिक कार्यो के अतिरिक्त श्रेणियॉ अपने सघटित रूप मे समाज कल्याण के अनेक कार्य जैसे कि सभा भवनो का निर्माण यात्रियो के लिए प्याऊ बनवाना, मन्दिरो, तालाब का निर्माण भी कराती थी। मन्दसोर अभिलेख से ज्ञात होता है कि रेशम बुनकरो की एक श्रेणी ने सूर्य मन्दिर बनवाया था। पहाडपुर अभिलेख और दामोदरपुर ताम्रलेख सख्या 1, 2, 4 मे नगर श्रेणी का उल्लेख है। सम्भवत नगर वे व्यापारियो की श्रेणी का अध्यक्ष श्रेष्ठि कहलाता था।

क्षेत्रीय उत्पाद्य - साधारणत क्षेत्रीय आर्थिक उद्योग का सामान्यत स्थानीय क्षेत्रो मे उपभोग होता था। उनका अतिरिक्त भाग वहा पर निर्यात किया जाता था। जहा पर वे उत्पन्न नही होते थे। दूरस्थ क्षेत्रो मे होने वाला व्यापार देश के सगठन का साधन

201- Nasik inser of Abhira Isvarasena, Ibid p 104, 11 10-12
202- Nasik inscer no 9, ibid p 12
203- EI XXI P 59
204- CII III pp 8, ff
205- Ibid p 70

बनता था, क्योकि निश्चित सीमा तक वे एक दूसरे पर आर्थिक उत्पादो के लिए निर्भर रहते थे।

मसालो मे जैसे छोटी इलायची और लौग जो कि दक्षिणी पश्चिम के तटीय क्षेत्रो मे होती थी वहा से उसका निर्यात किया जाता था।[206] अगुरू तथा पारिजात उसी तरह उत्तर पूर्व मे पाया जाता था।[207] काली मिर्च किसी क्षेत्र विशेष से सम्बन्धित नही थी लेकिन निस्सन्देह रूप से यह दक्षिण प्रसिद्ध उत्पाद्य था और दूसरे देशो मे निर्यात की एक महत्वपूर्ण सामग्री थी, जो मलय पर्वत पर होती थी। तद्नुसार उसे मलय कहा जाता था। ह्वेनसाग ने भी इसे मलय का उत्पाध कहा है। कॉसमस के अनुसार इसका निर्यात पश्चिम बन्दरगाहो, फारस और इथोपियन मे श्रीलंका की सीमा द्वारा होता था। सुगन्धित धूप सिलहक तुर्क देश मे पायी जाती थी इसलिए इसे तुर्कश कहा गया। अमरकोश के अनुसार (11 6 128) सिलहक यवन देशो मे और तुर्क मे उत्पन्न होती। उत्पल के अनुसार निघन्तु पधाश मे केसर कश्मीर मे उत्पन्न होती थी। वराहमिहिर ने दलदल तथा पहाडी क्षेत्रो के हाथियो के विषय मे कोई विशेष जानकारी नही दी है। कालिदास ने इसे कलिग कामरूप और अग से सम्बन्धित माना है। हीरे, मोती तथा अन्य मूल्यवान पथर भी कुछ क्षेत्रो की खानो से निकाले जाते थे।

मूल्य - मूल्यो के राजकीय नियन्त्रण की प्रथा जो कि प्राचीन काल से थी अब ज्यादा प्रचलित नही थी।[208] मूल्यो का उतार–चढाव सामान्यत आर्थिक आधार पर निश्चित की जाती थी जो कि वास्तव में आपूर्ति और माग के नियमो पर आधारित थी। व्यापारिक उत्पाद्यो को रोकने की प्रथा और उचित समय पर उनको बेचकर अधिक लाभ कमाना प्रचलित था। इसलिए व्यापारी अक्सर मक्का, द्रव, शहद, इत्र, तेल, घी, गुड धातु जवाहरात, मोती, खाल, हथियार, कवच, गन्धे, ऊँट, सूत्र, कम्बल, फूल, फल,

---

206- XXVII 9 But this chapter is spurious
207- XXVII 9 this stamza is not found in s Dwivedi's ed
208- Arthasastra B.K Ii, chs 16, 21

बल्ब, जडे, केसर, काच मूग काच आदि को एक महीने से दो साल तक रखते थे और बेचते थे।

अकस्मात् मूल्यो मे उतार–चढाव को ज्योतिष के आधार पर समझाया गया है। वराहमिहिर ने ज्योतिषो को यह निर्देशित किया कि वह हर माह की विस्तार से मूल्यो मे उतार–चढाव की भविष्यवाणी बरसात, उल्का, दण्ड, आभामण्डल ग्रहण, छैदम्भसूर्य और इसी प्रकार के अमावस्या तथा पूर्णिमा मे अद्भुत सूचको और सूर्य का नई राशि मे प्रवेश के समय के आधार पर करे।[209] यह भी कहा है, दोपहर के समय सूर्यग्रहण के कारण मक्के के मूल्य अत्यधिक वृद्धि होती थी। (V 30) मरकट राशि मे ग्रहण के कारण अनाज के दामो मे अनियमित वृद्धि होती थी। जब मगल दक्षिण से रोहिणी को पार करता था तो मूल्यो मे गिरावट आती थी। (VI 10) सूर्य से मिलने के बाद बुद्ध का उदय मक्के के दामो मे अनियमित उतार चढाव लाता था। (VII 1) जब बुद्ध हस्त से प्रारम्भ होने वाले किन्ही 6 तारो के समूह से गुजरता था तो तेल तथा अन्य द्रव्यो के दामो मे वृद्धि होती थी। (VII 4)। आगे यह देखा गया कि बारह वर्षीय चक्र के पॉच वर्ष मे मक्के से दुगुना या तिगुना लाभ होता है।[210] इसी प्रकार माघ तथा चैत्र महीनो मे भी मूल्यो की वृद्धि की सम्भावना होती थी। (VIII 68)। व्यापार की सामाग्रिया ग्रह नक्षत्रो द्वारा सरक्षित थी। यह अवधारणा थी कि जब सूर्य तथा चन्द्रमा एक साथ होते थे तथा उनपर उनके मित्र गृह की दृष्टि पडती थी तब लाभ निश्चित था। आगे यह भी कहा गया है। जब सूर्य ओर चन्द्रमा साथ होते थे अथवा जब पूर्णिमा होती थी तथा उनका समर्थन करने वाला ग्रह या तो साथ होता था अन्यथा दृष्टि डालता था तो उन वस्तुओ के दाम बढ जाते थे जो कि उसी राशि से सम्बन्धित थे जिसमे चन्द्रमा रहता

209- अतिवृष्ट्युल्कादण्डान् परिवेषग्रहणपरिधिपूर्वाश्च।
द्रष्ट्वामावास्यायामुत्पाताम् पौर्णमास्या च।।
ब्रूयादर्ध विशेषान प्रतिमास राशिषु क्रमात् सूर्ये। [XLI 1-2]

210- Dvrı - trıguno dhacyarhah, VIII 5 It should sıgnıfy two or three tıme rıse ın prıces and not fall as utpala would have us under stand Dhanyasyargho dıvgunas = trıguno va bhavatı, dhanyasya yan = mulyam = asıt ten aıva drıgunem trıgunam Va fabhya

था। इसी प्रकार जब चन्द्रमा के साथ था उस पर दृष्टि डालने वाला कोई हानिकारक ग्रह होता था जब उस राशि से सम्बन्धित वस्तुओ के दाम गिर जाते थे।

विदेशी व्यापार - बौधायन ने उत्तर भारत के निवासियो के जीवन की विशेषताओ मे अनेक समुद्रो द्वारा यात्रा करने का उल्लेख है। कौटिल्य ने लिखा है कि यदि जहाज किसी खराबी के कारण डूब जाये तो सरकार को उसका किराया लौटा देना चाहिए। मेगस्थनीज ने लिखा है कि मौर्य सरकार व्यापारियो को जहाज किराये पर देता था। जातको से ज्ञात होता है कि जहाज चलाने वालो की भी श्रेणिया थी। जिनका एक प्रधान होता था। पेरिप्लस मे लिखा है कि प्रथम शताब्दी ईसवी मे दक्षिणापथ के पश्चिमी तट पर सबसे महत्वपूर्ण बन्दरगाह भृगुकच्छ था। गुप्तकाल मे दूसरे देशो से भारत के व्यापारिक सम्बन्धो के प्रमाण मिलते है। इनसे यह ज्ञात होता है कि समुद्रतट जहाजो से भरा रहता था। वराहमिहिर ने दक्षिण भारत के कुशल नाविको का वर्णन किया है। (वारियर XIV 14) भारत के श्रीलका से घनिष्ठ व्यापारिक सम्बन्ध थे जहा से वह मोती आयात करता था। कॉसमस के अनुसार श्रीलका की मध्यवर्ती स्थिति के कारण भारत के सभी भागो से और पर्सिया तथा इथोपिया से जहाज यहा आते थे। यहा से ये जहाज विदेशी बन्दरगाहो मालाबार तट, कालिआना (कल्याण) और सिन्ध मे भी जाते थे। उस समय भारतीयो को पर्सियन मोती बहुत पसन्द थे जो कि श्रीलका के मध्यवर्ती भागो द्वारा आयात किया जाता था।

भारत और रोम के मध्य सतत् व्यापारिक सम्बन्धो की पुष्टि बडी सख्या मे प्राप्त रोमन सिक्को से होती है। भारतीय राजदूत (530 AD and 555 AD) कॉसमस के अनुसार भारत के महत्वपूर्ण बन्दरगाह निम्नलिखित थे – सिन्धु, गुजरात, चौल, तथा जिन पाच बन्दरगाह से काली मिर्च विदेशो को भेजी जाती थी वे है, परती, मगारोथ (मगलोर) सालोपतन, नलीपतन और पाण्डो पतन थे। इनमे से अन्तिम तीन सम्भवत: मगलोर और कालीकट के मध्य स्थित थे।

माणिक्य उद्योग - प्राचीन और मध्ययुगीन इतिहास मे भारत मूल्यवान पत्थरो के लिए बहुत बडे व्यापारिक केन्द्र के रूप मे स्थित था। रत्नो के विषय मे कुछ सन्दर्भ दोनो ही स्वदेशी तथा विदेशी साहित्यिक कार्यों के अथाहसागर मे फैले हुए है। अमूल्य रत्नो से सम्बन्धित सम्पूर्ण ज्ञान समय के साथ क्रमबद्ध किया गया तथा उसे शास्त्र का स्तर दिया गया और उसे 'रत्नपरीक्षा' से सम्बोधित किया गया है। यह कौटिल्य के (अर्थशास्त्र (B K 11 ch 11) मे) और वात्सायन (1 3 16)[211] द्वारा विर्णित है। जिसे वात्सायन ने अपनी 64 सहयोगी कलाओ की सूचीपत्र मे सम्मिलित किया है इस विषय को कब स्वतन्त्र विज्ञान माना गया यह सुनिश्चित करना कठिन है। वराहमिहिर और बुद्धभट्ट के अनुसार (c 6th cent A D) इस सम्बन्ध मे काफी विकास दिखायी देता है। सामान्य रूप से पूर्वाचर्यास (LXXXI 11) और रत्नपरीक्षा प्राचीन रत्नशास्त्र का सार है। कौटिल्य के अनुसार – यह आकृति विहीन अवस्था मे दिखायी पडता है या अव्यवस्थित ढग से मिलता है। यह कहा जा सकता है कि इस विषय मे वैज्ञानिक प्रगति ईसा पूर्व की पहले की शताब्दियो मे हुई।

यशोधरा के अनुसार ('रत्नपरीक्षा' रत्नो रत्न बज्र–मणिमुक्ति–आदि, तेषाम् गुण–दोष–मूले–आदिभि, परीक्षा व्यवहार–आगम, जयमगला–कामसूत्र I 3 16) के गुण, दोष, मूल्यो आदि का वर्णन करता है। कुछ निरीक्षण के पश्चात लिओस किनोट ने निर्णय दिया कि रत्नशास्त्र मे खान, रग, गुण दोष, प्रभाव मूल्य तथा नकली मुद्रा के विषय मे वर्णन मिलता है।[212]

परवर्ती युग मे वराहमिहिर रत्नशास्त्र के विशेषज्ञ माने गये। 'रत्न' का संस्कृत मे दो अर्थ माना गया है –

211- The view of louris finot (les lapidaries Indians p II) that the kamasutra is the earliest work to refer to ratan pariksa is to be modified in view of the discovery of kautilya's subsequent to the publication of finot & work

212- finot, op cit p XX

(1) सामान्य रूप से मूल्यवान वस्तु

(11) विशिष्ट रूप मे मूल्यवान पत्थर

वराहमिहिर ने इस सम्बन्ध मे विशेष रूप से वर्णन किया है। रत्न शब्द का प्रयोग हाथी, अश्व तथा स्त्रिया आदि के लिए किया गया है जो उनके वास्तविक गुणो के कारण उचित है। यहा पर हीरे का प्रयोग रत्नो के सम्बन्ध मे किया गया है। रत्नो के सम्बन्ध मे कुछ मान्यताये लेखबद्ध की गयी है। कुछ लोग मानते है कि इन रत्नो का उद्गम दैत्यवाला की अस्थियो से हुआ है और कुछ लोगो ने इसे दधीचि की हड्डी से उत्पन्न माना है। कुछ लोगो का मानना है कि हीरो के विभिन्न प्रकार पृथ्वी के स्वभाविक गुणो के कारण है। (LXXI X 3)[213]

रत्नो के वर्गीकरण मे जिन महारत्नो और उपरत्नो[214] को वराहमिहिर ने उपेक्षित किया है उन 22 पत्थरो के नाम निम्न है (1) वज्र[215] (हीरा), (2) इन्द्रनील[216] (नीलम), (3) मरकट, (4) करकेतन, (5) पदमराग (6) कधिराख्या[217] (7) वैधूर्य (8) पुलक (9) विमलक (10) राजमणि (11) स्फटिक (12) Moonstone (13) सौगन्धिक (14) गोमेदक (15) शख (16) महानील (17) पुष्पराग, (18) ब्रह्ममणि (19) ज्योतिरस (20) सस्यक (21) मुक्ता, (22) प्रवाल। इनमे से चार रत्न हीरा, मोती लालमणिक्य, पन्ना के विषय मे वर्णन मिलता है।

हीरा - सभी रत्नो[218] मे हीरा सर्वोत्तम माना जाता था और व्यावहारिक तौर पर सभी रत्नशास्त्र इसी से प्रारम्भ होते है। वेणा (नागपुर के पास (सुपर), हिमवत मतङ्ग, कलिग

213- cf Buddhabhatta, 1 2 ff
214- candesvara Ratnadıpıka, 1 5-7
215- Also mentioned ın XVI 27, XXIX8, XL 8
216- Cf LIII 110
217- It ıs called rudhıraksa ın YY VI 9
218- cf BS LXXIX 2 P - that - utpala-ratnanam = adhıkara vajra-purıanam, sukranıtı IV 2 47-Ratna-sresthataram vajram

(गोदावरी तथा महानदी के मध्य), पुण्ड्क (उत्तरी बगाल) के तट हीरे प्राप्ति के स्थान माने गये है।[219] इनमे से कुछ क्षेत्रो मे वर्तमान समय मे हीरा प्राप्त नही होता है। वराहमिहिर ने हीरे के तीन स्रोतो मे नदियो, खानो और छिटपुट स्थानो से प्राप्ति का वर्णन किया है। यह तथ्य अर्थशास्त्र मे भी वर्णित है। हीरे के अच्छे बुरे गुणो का भी सक्षेप मे वर्णन किया गया है।[220] यह कहा गया है कि एक आदर्श हीरा इतना कठोर होना चाहिए कि कोई भी पदार्थ उसमे घुस न सके,[221] वजन मे इतना हल्का होना चाहिए कि पानी पर तैरे और उसकी चमक, बिजली, आग तथा इन्द्रधनुष के समान हो। कौवे के पैर जैसे, कीट या बाल के निशान वाले मिट्टी या ककड या टूटे मुख्य वाले जले हुए विकृत रग वाले, कान्तिविहीन, छेद वाले, बुलबुले या दाग वाले या जिनकी नाक टूटी हुई होती थी, चपटेवासी फल के समान विचित्र रूप से लम्बे हीरो को दोषयुक्त माना गया है।

रत्नशास्त्रकारो ने विभिन्न रगो के आभूषणो को विभिन्न जातियो के लिए बताया है। ग्रन्थकार के अनुसार लाल और पीला हीरा क्षत्रियों के लिए, सफेद ब्राह्मणों के लिए, सिरीश के फूल के रग का वैश्यो के लिए तथा काला शूद्रो के लिए (LXXIX 11) होता है।

यह जाति के लिए विभाजन बुद्धभट्ट (I 23-6) द्वारा किया गया है।

219- BS, L XXIX 6-7 cf Buddhabhatta, I 18 who gives the same findspots

220- सर्वद्रव्यमेघ लघवम्भासि तरति रश्मिवत् स्निञ्धम्
तडिदनलशक्रचापोपर्य च वज्र हितायोक्तम्।।
काकपदमक्षिका केश धातुयुक्तिानि शर्करैर्विदधाम्।
द्विगुणाश्रि दग्धकलुशत्रस्तवि शीर्णानि न शुभानि।
यानि व बुद्धबुददलिताग्रचिपिटवासी फलप्रदीर्धाणि।
सर्वेशा चैतेशा मूल्याद् भागोद्रष्टमो हानि ।। [LXXIX.14-6]

221- Kalıdasa (Raghuvam's, 1 4) refers to a pıerced by vajra, Mahan, Vajra Samutkırne, Maleınatha explaıns ıt as a specıal kınd of needle meant for pıercıng precıous stones (vajrena manı-vedhaka sucı vıseyena) and cıtes kesava ıts hıs support Atpresent the dıamond ıs noted as a materıal of superlatıve hardness and the superfine finısh obtaıned from the use of dıamond letter tools ıs unsurpassed, cf Brpwer & Dey op cıt, p 585

अच्छा और खराब हीरा, धारण करने वाले व्यक्ति पर प्रभाव डालता था, ऐसा विश्वास था। वराहमिहिर के अनुसार दोषयुक्त हीरा धारण करनेवाले के रिश्तेदारो धन—सम्पत्ति और जीवन और जीवन के पतन का कारण होता है जबकि प्रभाव युक्त धन समृद्धि बढाता है।

गर्भवती स्त्री केलिए हीरा गर्भपात का कारण माना जाता है जबकि कुछ लोगो का मानना है कि पुत्र की इच्छा करने वाली स्त्री को हीरा नही धारण करना चाहिए। कुछ शास्त्रकारो के अनुसार श्रृगातक फल के समान आकार वाला हीरा पहन सकती है

मोती- मोती के विषय मे कहा गया है कि मुक्ता (XII 1,LXXX 13,25, 34),मुक्ताफल (LXXX 1,30) और मुक्तिक (XXIV 16, XXIX 6, LIII 110) को प्राप्त करने के आठ स्रोत है –

(1) हाथी (2) सरीसृप (3) सीप (4) कोच (5) बादल (6) बास (7) मछली (8) सूअर बुद्धभट्ट (II 52-71) ने भी इन स्रोतो के सम्बन्ध मे वर्णन किया है। शुक्रनीतिसार (IV 259) मे हाथी को मोती का स्रोत नही माना है। कौटिल्य ने मोतियो के लिए सीप, कोच तथा यत्र तत्र स्रोतो का उल्लेख किया है। सीप से प्राप्त मोती सर्वोत्तम मानी जाती थी और उसका प्रयोग भी सर्वाधिक होता था।[222]

मोतियो की प्राप्ति के आठ क्षेत्रो का वर्णन मिलता है। (1) शिमला (2) परलोक (3) सौराष्ट्र (4) ताम्रपर्णि नदी (5) पाराशव (6) कुबेर (7) पाण्ड्यवाटक (8) हिमवत (LXXX 2)।

222- द्विपभुजगशुक्तिशखाभ्रवेणुतिमिसूकरप्रसूतानि।
मुक्ताफलानि तेशा बहुसाधु च शुक्तिज भवित। [LXXX.1]

बुद्धभट्ट[223] ने पाडयवाटक के स्थान पर पाण्डू का वर्णन किया है और अपनी सूची मे पाराशव को छोड दिया है। सिघल प्राचीन काल से सम्रद्धिशाली मोतियो के उद्योग के लिए भलीभाति जाना जाता था। मेगस्थनीज और पेरीप्लस के लेखक ने श्रीलका के बडे–बडे मोतियो का उल्लेख किया है। चीनी यात्री फाह्यान के विवरण से ज्ञात होता है। कि श्रीलका मे मुख्यत मोती और दूसरे पत्थर पाये जाते थे। अच्छे मोती जिन्हे मणि कहा जाता था कि यह विभिन्न आकार चमकीले, हस के समान रग वाले और बडे होते थे। हीरे की तरह विशिष्ट रग के मोती विभिन्न प्रकार के देवताओ न्याय प्रमुख के प्रतीक माने जाते थे। लिनफूल के समान रग वाली मोती का अध्यक्ष, विष्णु को, चन्द्रमा के समान वाली का अध्यक्ष इन्द्र को, हरताल के समान वाली का वरूण को, काले रग के समान वाली मोती का अध्यक्ष, यम को पके अनार वाली मोती का अध्यक्ष ,वायु को तथा कमल के समान वाली मोती का अध्यक्ष अग्नि माना है।

मोती के व्यापार से राज्य को अत्यधिक कर प्राप्त होता था दो नाम से कर लिया जाता था (1) कार्षापण तथा (2) रूपक कर को दो भागो में बाटा गया है।

मोती का वजन		मूल्य
(1) 4 माशकार	–	5300 कार्षापण
(2) $3\frac{1}{2}$ "	–	3200 "
(3) 3 "	–	2000 "
(4) $2\frac{1}{2}$ "	–	1300 "

223- finot, op cit, text, no 75

(5) 2	"	–	800	"
(6) $1\frac{1}{2}$	"	–	153	"
(7) 1	"	–	135	"
(8) 4	कर्षण	–	90	"
(9) $3\frac{1}{2}$	"	–	70	"
(10) 3	"	–	50	रूपक
(11) $2\frac{1}{2}$	"	–	35	"

मोतियो के सम्बन्ध मे कहा गया है कि ये सीप से निकाले गये है वराहमिहिर ने शेष सात स्रोतो से प्राप्त मोतियो को वर्णन किया है। ऐसा विश्वास था कि हाथियो के देवालयो से जो कि ऐरावत की श्रृखला से सम्बन्धित थे, जो चन्द्रमा के पुष्य तथा श्रवण के मिलन के समय, श्रावण के रविवार या सोमवार के क्रमबद्ध होने के समय मे मद श्रेणी मे जन्में हाथियो से जो कि सूर्य एव चन्द्रग्रहण क्षेत्र के समय मे जन्मे थे और सूर्य एव चन्द्रग्रहण के समय मे पाये गये मोती अदभुत बडे विभिन्न प्रकार के तथा चमकदार होते थे। जो मोती सूअर के जबडे की जड से उत्पन्न हुये थे वह चन्द्रमा के समान कान्ति वाले थे।

वराहमिहिर ने मोतियो की अद्भूत शाक्ति का भी वर्णन किया है कि इसको धारण करने वाले को को पुत्र प्राप्ति का, युद्ध में विजय, बीमारी और दुख से छुटकारा दिलाने, सौभाग्य प्रसिद्धि, धन, अन्य इच्छित वार, विष और दुर्भाग्य के प्रभाव से छुटकारा दिलाने वाली होती है।

लाल माणिक्य - यद्यपि मूल्यवान पत्थरो की सूची मे माणिक्य का तृतीय स्थान था। लाल माणिक्य के तीन वर्गो मे बाटा गया है। (1) सौगान्धिका (2) कुरूविन्द (3)

स्फटिक। इन तीनो प्रकारो के गुणो का वर्णन करते हुए कौटिल्य ने सौगन्धिका को सर्वोत्तम माना है। प्राय मूल्यवान पत्थरो मे वे अच्छे कहे जाते थे जो चिकने, चमकता हुआ, शुद्ध चमकदार, भारी, अच्छे आकार वाला शानदार और गहरे रग के होते थे। इसके विपरीत जो अशुद्ध, हल्की चमक वाले खरोचो से युक्त, खनिज पदार्थो से उसमे टूटे हुए आकर्षण विहीन, ककड मिश्रित दोषयुक्त कहे जाते थे। (LXXXI 3-4)

– पन्ना तोते के पख के समान तथा बास की पत्ती के समान हल्का हरा होता था। अच्छे गुणो से युक्त पन्ने को धारण करने वाले मनुष्य तथा देवता सन्तुष्ट होते थे। ऐसा वर्णन मिलता है। (LXXXII 1, LIII 46)

भार तथा माप - भारत के विभिन्न क्षेत्रो मे माप तौल की व्यवस्था अलग–अलग थी। उत्पल की समास सहिता मे (XXIII 2) इसका वर्णन मागधमान के नाम से मिलता है। दूसरी माप तौल की मानक व्यवस्था कलिग से आरम्भ हुई और यह कलिग के नाम से जानी गयी। चरक को दोनो व्यवस्थाओ का ज्ञान था (कल्पस्थान, XII 105), परन्तु उसके अनुसार दूसरी व्यवस्था की अपेक्षा पहले वाली श्रेष्ठ थी।

तौल - यद्यपि इन कलाओ को अर्द्धधार्मिक रीतिरिवाजो से सम्बन्धित बताया गया है फिर भी यह कहना गलत नही होगा कि यह तराजू साधारण माप तौल मे की जाती थी।

भार- वराहमिहिर ने भार और आयतन से सम्बन्धित मापन के बारे मे बताया है तथा अनेक बाटो का उल्लेख किया है, जिसके द्वारा छोटी से छोटी कीमती वस्तु भी मापी जा सकती है।

(1) तण्डुल - 8 सफेद सरसो के बीज (सीत सरशय–आश्तकम्–तण्डुल भवेत् LXXIX 12) चरक (कल्पस्थान XII 87-88) के अनुसार

6 कण	=	1 मरिचि
6 मरिचि	=	1 रक्तसरशप
8 सरशप	=	1 तण्डुल

इन ईकाईयो का प्रयोग बहुमूल्य पत्थर जैसे कि हीरे को तौलने के लिए किया जाता था।

(2) कृश्नल- (LXXX II, गुजा (LXXX 12-13) मूल्यवान धातु तथा पत्थरो को मापने की ईकाई माना जाता था। देश के विभिन्न भागो मे भार मापने की प्रथा थी। पहली सरशप पर आधारित थी दूसरी क्रश्नल पर। लेकिन कभी–कभी एक ही क्षेत्र मे उनका उपयोग साथ–साथ किया जाता था। गुजा के भिन्न अकों का (Fraction) भी उपयोग किया जाता था। (cf $3\frac{1}{2}$ hunjad, LXXX-11, $2\frac{1}{2}$ junjas, LXXX 12)।

(3) माश्क (LXXX 9, 10, LXXXI 8-9) – चरक की गणना के अनुसार।

2 तण्डुल	=	1 धस्य मास
2 मासास	=	1 यव
4 यव	=	1 अडिका
4 अडिका	=	1 मासक

(4) कर्ष - (LXXXI 7,8) कौटिल्य (II 19) और अमर (11 9 87) के अनुसार

16 मश्कस	=	1 कर्ष

इसे कीमती पत्थर और धातुओ को तौलने के लिए उपयोग किया जाता था।

(5) पल (LXXXI 7)

1 पल = 4 कर्ष

ये लाल मणि को तौलने के लिए प्रयुक्त होता था।[224]

मापन की योग्यता - धनफल सम्बन्धी परिमाप अनाजो और द्रवीय पदार्थो जैसे पानी आदि के लिए उपयोग किया जाता था।

(1) **पल (XXIII.2)** - यह सबसे छोटी ईकाई थी।

(2) **कुदव (CIII.46)** - यह चार पल[225] के बराबर थी किन्तु बाद मे इसे पानी मापने के लिए $3\frac{1}{2}$ पल माना गया।

(3) **प्रस्था (LIV. 17)** 4 कुदव और 16 पल, 1 प्रस्थ बनाते थे।[226]

(4) **आढक (LIV.17) -** 4 प्रस्थ या 64 पल मिलकर एक आढक बनता है। किनतु वर्षा के जल को मापने के लिए 50 पल = 1 आढक का उपयोग किया गया है। वराहमिहिर ने स्वय भी वर्षा के जल को मापने के लिए अढक को साधारण से अलग परिमाप मे रखा है।

(5) **डौन** – (XXI 32, 34, XXIII 6-9, LIV 17, LVI 2)

सामान्य माप				मागध माप		
4	पलस	=	कुडव	3 1/8 पलस	=	1 कुढव
4	कुडवास	=	1 प्रस्थ	कूढवास	=	1 प्रस्थ
	(16 पलस)			12 1/2 पलस		

224- cf Arthasasgtra, 11 19,caraka kalpasthana, XII, manu, VIII 135, Amara 11 9 86
225- cf caraka, kalpesthaha, XII , anara, 11 9 89
226- Ibid

4	प्रस्थ	=	1 आढक	4 प्रस्थास	=	1 आढक
	(64 पलस)			50 पलस		
4	आधकस	=	1 डोन	4 आढकस	=	1 द्रौन
				200 पलस		

पाराम्परिक मापन - वराहमिहिर ने पारम्परिक मापो का वर्णन भी किया है –

(i) **मापन-**

धूल का एक छोटा कण	=	1 परमाणु
8 परमाणु	=	1 रजस
8 रजस	=	1 वालाग्र
8 वालाग्र	=	1 लिक्षा
8 लिक्षा	=	1 यूका
8 यूका	=	1 जौ का दाना
8 जौ के दाने	=	1 अगुल

यह 1 इच का (3/4) तीन चौथाई[227] भाग अन्दाज से माना जाता था।

2- **विष्टि (XXVI.9)** – अर्थशास्त्र के अनुसार

12 अंगुल = 1 विष्टि [228]

---

२२७ जालान्तरगते भानौ यदणुतर दशन रजो याति।
तद्विन्द्यात् परमाणु प्रथम तद्रधि प्रमाणानाम् ।।
परमाणुरजो वालाग्रलिक्षयूक यदोङड्गुल चेति।
अष्टगुणानि यथोन्तरमङ्गलमेक भवति सख्या।। [LVII 1-2]

228- Asthasastra, II 20, p 106

3- **आर्तनी (LXXI.3)** – कौटिल्य की गणना के अनुसार 2 वितासी या 24 अगुल = 1 अर्तनी

4- **हस्त** (XXIII 2, XXXIII 6, 7, XLIII 3, 2III 4 f f,) एक हाथ = 24 अगुल

हस्त को नाम के विभिन्न प्रकारो का उल्लेख है कौटिल्य के अनुसार– 24 अगुल का एक हाथ जगलो को मापने के लिए 28 अगुल चारागाह को मापने के लिए हाता था।

5- **दण्ड (XXIV.9)** – अर्थशास्त्र की गणनानुसार

1 दण्ड = 4 आर्तनी होते थे।

6- **धनुष (XXXIII.6)** – यह दण्ड के समान ही होता था।

7- **पुरूष** – वराहमिहिर के अनुसार इसका प्रयोग लम्बाई तथा गहराई मापने के लिए किया जाता था। कौटिल्य ने पुरूष के आठ प्रकारो का वर्णन किया है।

8- **योजन** – अर्थशास्त्र के अनुसार –

1000 - धनुष (4000 हस्त) = गोरूत

4 = 16000 हस्त या 8000 यार्ड = 1 योजना

धूल का सबसे छोटा कण = 1 परमाणु

8 परमाणु = 1 रजस

8 रजस = 1 वालाग्र

8 वालाग्र	=	1 लिक्षा
8 लिक्षा	=	1 यूक्ता
8 यूक्ता	=	1 यव
8 यव	=	1 अगुल = 3/4"
8	=	1 कश्मागुल
12 अगुल	=	1 वितास्ति = 9'
24 अगुल	=	1 हस्त, राम अतेनी
	=	1 1/2"
4 या 6 हस्त	=	1 दण्ड = 6" या 9
4 दण्ड	=	1 धनुष = 6"
3 1/2 या 5 हस्त	=	1 पुरूष = 5 1/4" या 7 1/2"
16000 या 32000 हस्त	=	1 योजन = 4 54 या 9 99 मील

मुद्रा ढलाई

वराहमिहिर ने सिक्को के दो प्रकार काषपिण और रूपक का वर्णन किया है, जिसका मूल्यांकन कीमती पत्थरो के मूल्य के कर के रूप मे किया जाता था।

पूर्व गणनानुसार भिन्न वजन के मोतियो की गिरती हुई कीमत के आधार पर हम यह कह सकते है कि कार्षापण और रूपक को वराहमिहिर ने दो विभिन्न नामो से एक ही सिक्के के लिए प्रयोग किया है।

अध्याय 4

धार्मिक अवस्था

4. धार्मिक अवस्था

वराहमिहिर के ग्रन्थो से प्रचुर मात्रा मे विभिन्न क्षेत्रो मे तथ्य उपलब्ध है, जिनसे हम तत्कालीन धार्मिक स्थिति के विषय मे भी अनेक जानकारी ग्रहण कर सकते है। यह समय स्पष्ट रूप से प्रगतिवादी धार्मिक विचाराधाराओ का था। यद्यपि नास्तिक लोगो ने जैसे बौद्ध और जैन ने समाजके कुछ वर्ग को अपने पक्ष मे ले लिया था फिर भी उनमे निर्णायक अवनति थी। ब्राह्मणवाद उत्थान पर था। परन्तु यह मौलिक रूप से वेदो मे वर्णित ब्राह्मणवाद से अलग था। कुछ वैदिक देवता एक साथ ही विलुप्त हो गये और रोज का अस्तित्व पहले के अपेक्षा प्रकृति और गुणो मे बदल गया। जबकि वैदिक देवता जैसे इन्द्र वरूण और अग्नि को बहिष्कृत कर दिया। विष्णु और रूद्रशिव जिनका पहले वैदिक काल मे मन्दिरो मे महत्व नही था। उनकी उत्पत्ति महत्वपूर्ण देवता के रूप मे हुई जिन्हे लोगो द्वारा धार्मिक समर्थन मिला।

वैदिक कालीन देवता :-

इन्द्र - इन्द्र[1], जो सकर[2], महेन्द्र[3], मधवन[4], पुरूहूत[5] तथा सहस्त्राक्ष या सहस्रचक्षु[6] जैसे विभिन्न नामो से जाने जाते थे, वैदिक देवालयो मे महत्वपूर्ण देवता थे। इनके पराक्रम की गाथाये ऋग्वेद के 250 मन्त्रो मिलती है[7]। साहित्य मे इनकी श्रेष्ठता भक्ति काल के आने तक रही। इसीलिए इनको देवताओ का देवता कहा गया था तथा इनको सुरपति (XXX11.7,16, LXXXV75), सुरेश (XL11 55), अमरप (X11.12;XL11.8),

---

1- VIII 26,XXXII 6,18,24,XLII.51,55,XLVII 78,LII 43,LVIII 14,LIX.11 LX.11,12, 12,LXVII,LXVIII 29,29, LXXIX 8,LXXX.7, XCVI 8,XCIX 1

2- VIII 23,33,XXXII 6, XXXIII 20, XLII 6, 11,14,30,37,39,55,XLIII26,26,XLV 73, XLVII 77, LXXXV 1, XCVII.4 5,XCVIII.1

3- XXXIII 24 , XLIII.14, XLV 80, XLVII 2, LVII.42

4- XLII 9, XLVII.70

5- XLII 56 , LIII 3

6- 1 e ¼ th of the Rgveda Vide A A. Murdonell Vedie Mythdogy P 54

7- for an epigraphic allusion TO Indra as thousand eyed vide CII, III,No-47, 1 Also c f Raghuvamsa, III 43

अमरात (XL11 7), देवराज (XL11.18), देवरात (XXX11 27), विबुधाधिपति (L11 47) तथा अनिमिष भर्तु (XL11 60) की उपाधियॉ दी गई है। उनका पराक्रम भी इसी ओर सकेत करता था। वृत्रहण (XL11.55), बलमिद (V111 23,L11 67LYY,IV29) तथा पुरन्दर की उपाधि उनको क्रमश वृत्र, बल और असुरो का वध करने से मिली थी। सौ घोडो की बलि करने के बाद इन्द्र को शतमन्थु उपाधि मिलने की मान्यता का प्रमाण मिलता है (XL11 54)[8] । अन्य जगहो पर इनको अन्य देवताओ, जिन्होने अपने शत्रुओ को समाप्त कर दिया था, द्वारा घिरा हुआ पाया जाता था (XL111 26)। यह मान्यता थी कि वह दिन के दूसरे पहल मे भूकम्प लाते थे तथा सूर्य और चन्द्रमा के चारो ओर एक लाल रग का घेरा होता था। (XXXIV.2) । इनका वर्णन पूर्वी दिशा मे प्रमुख देवता के रूप मे भी किया गया है। (L111.3,LXXXV75)।

इन्द्र और अग्नि सामूहिक रूप से 60 वर्ष के दसवे युग और विशाखा नक्षत्र के अध्यक्ष थे।[9] इन्द्र के परिवार के पौराणिक महापुरूषो ने भी काफी प्रसिद्धि प्राप्त की। उनकी मॉ, पुत्र जयन्त, पुत्री तथा पत्नी का भी वर्णन है।[10] जबकि इसके दूसरे पहलू पर विचार करने से ज्ञात होता है कि प्रचलन मे विष्णु शिव और यहा तक कि ब्राह्मण का महत्व भी उनसे ज्यादा था। इसलिए यह कहा जाता है कि ब्रह्मा ने पहाडो के पर काट दिये थे। जब उन पर असुरो की शक्ति भारी पडने लगी तब उन्हे हराने के लिए विष्णु से प्रार्थना करनी पडी (XL11, 2-7)। लेकिन इसके पश्चात् कि उनको एक निम्न स्थान मिला था फिर भी उनके श्रद्धालुओ की कोई कमी नही थी। (XV.14)[11] । यह भी ज्ञात होता है कि पुजारियो ने कई देवता जिनके नाम प्रतिमा, प्रतिस्थापनाध्याय की प्रतिमाओं की स्थापना की। यद्यपि इन्द्र की प्रतिमा का उल्लेख

8- cf Raghuvamsha,III 38, 49

9- Sakranela (VIII 23), Indragnı (VIII 45), Sakragnı (XCVII 4) cf "with Agni Indra is more frequently coupled as a dual divinity than with any other god" (Macdonell op cit, p 57)

10- XLII 39, 40, XLV 80, LII43, 54

11- The existence of Indra cult in the post maurya epoch is attested to by a large number of yupas found in U P Rajısthan and central India Symbols like Indradhvaja, vajra and kalpa-vrksa occur profusely on coins, seals, sealing and sculptures of north India assignable to the period between 200 B C abd 500 A.D

नही है। इससे ज्ञात होता है कि इन्द्र को लोकपाल के रूप मे पूजा जाता था और उनको कोई मन्दिर समर्पित भी नही था।

एक जोडी जो कि इनकी मूर्ति शिल्प की विशेषताओ को समर्पित है, मे बताया गया है कि महेन्द्र के सफेद हाथी के चार दॉत है, हाथ मे वज्र है मस्तक पर तीसरी आख अकित है।[12] बौद्ध भगवान सक्र, जो कि इन्द्र के समान प्रतीत होते है और जिन्होने बुद्ध का गान्धार तथा मथुरा मे साथ दिया था, भी वज्र धारण किये हुए है।[13] यह परवर्ती गुप्तकालीन शिला पहाडपुर मे पायी गयी थी, मे यह विशेष सन्दर्भ मिलता है कि एक दो हाथ वाले भगवान एक विचित्र वस्तु धारण किये हुए है, जो कि वज्र के समान प्रतीत होती है तथा उनके मस्तक यह पर तीसरी आख अकित है और उनका हाथी उनके पीछे खडा दिखाया गया है।[14] रायबहादुर, के०एन०दीक्षित जिन्होने तीसरी आख को एक विचित्र विशेषता के रूप मे माना है ब्रहत्सहिता भी मे इसके विवरण से अनभिज्ञ थे। मथुरा की छठी शताब्दी की एक शिला जिसमे तीसरी आख क्षैतिज रूप मे दर्शायी गयी है। वह सिर इन्द्र की प्रतिमा का था न कि विष्णु का जो कि भ्रमवश माना गया था।

यहा इसका सक्षिप्त वर्णन गलत नही होगा कि प्राचीन काल मे राजाओ द्वारा इन्द्र के सम्मान मे उत्सव मनाया जाता था। इस उत्सव में इन्द्र के ध्वज को फहराया जाता था यह उत्सव भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को प्रारम्भ होता था उसी माह के कृष्णपक्ष के प्रतिपदा को समाप्त होता था।[15] इसका विवरण कनिष्क सूत्र तथा

12- शुक्ल चतुर्विषाणो द्विपो महेन्द्रस्य वज्रपाणित्वम्।
तिर्यगललाटसस्थ तृतीयमपि लोचन चिह्नम्।।LVII 42
His elephant ıs named Aıravata LXXX 20 for an epıgraphıc allusıon to ıt vıde CII, III, No 17 PL 1 Indra ıs styled kulıshn-dhamn and kalıshabhrt (XXXII 28,YY,I 17)

13- cf A getty, the Gods of Northern Budhısm, p 49, f

14- K N Dıkshıt, Excavatıves at Paharpur MASI, 55, p 46,PL XXVIId

15- Accordıng to the Amanta system cf verse 3 of the Mandassor ınscrıptıon of the tıme of Naravarman, dated Nılva 461 whıch refers to sakra's festıval ın the raıny season Sec sıwar, select ınscrıptıon, 2nd edıtıon, p 397

याज्ञवल्वन्य स्मृति मे और महाभारत[16] तथा अन्य कार्यों[17] मे सक्षेप मे पाया गया है।[18] इसे महाभारत के 'शक्रोत्सव' और 'इन्द्रमहा' तथा 'इन्द्रध्वज सम्पद' तथा 'महा' का नाम दिया गया है।

जब इन्द्र के नेतृत्व मे देवताओ द्वारा असुरो को परास्त करना असम्भव हो गया था तब ब्रह्मा के परामर्श पर वे विष्णु के पास गये और उनसे प्रार्थना की, तत्पश्चात प्रसन्न होकर उन्होने अपने शत्रुओ पर विजय प्राप्त की। इन्द्र ने चेदि राजा वासु उपरिकर को एक बास का डडा दिया, जिसकी राजा ने यथावत पूजा और उसके पश्चात ये समारोह प्रारम्भ हो गया।[19]

वरूण - ऋग्वेद मे वरूण इन्द्र के साथ श्रेष्ठतम देवताओ मे थे तथा उनके पास जल को नियन्त्रित करने की भौतिक एव नैतिक शक्ति थी। अथर्ववेद के समय उनको मात्र जल का नियन्त्रक माना जाता था तथा उनकी श्रेष्ठता समाप्त हो चुकी थी।[20] इसके बाद हिन्दुओ के देवालयो मे उनकी अवनति भारतीय नक्षत्र के स्थान पर हुई। वराहमिहिर ने इनको भूकम्प का प्रमुख देवता माना है। कंक नामक 22 पुच्छल तारे (XI 26) तथा अगस्त्य ऋषि (XII 13) इनके पुत्र कहे गये है, पर यह पश्चिम चतुर्थांश[21] के रक्षक देवता तथा जल के देवता के रूप मे मुख्यत· जाने गये। इनकी विशेषताओ के कारण इन्हे अम्बुपाली तथा जलेश्वर की सज्ञा दी गयी।[22] इनकी पूजा जल द्वारा होने वाली क्षति से बचने के लिए की जाती थी तथा कुएं की खुदाई के

16- It prescribes a holiday when the flag in Indra's honour in raised and taken down vide also Rayapseniya sutta, kaulika 148, Nayadhammakaha1 25

17- I 63 I-29 cr Edition (BORI), I LVII 1-29

18- Krtya-ratnakaros, samskara candrika cf HDS,II, pp 398 825

19- The Mahabharat does not bring in Brahma and visnu and simply states that the festival was started by vasu who obtained the staff from indra and planted it in the ground at the end of the year and raised it on the other day As suggested by kane (HDS, 11 P 826), the raising of the bamboo staff on the Ist day of caitra evey year in Deccan and other places may be its reminiscent

20- Macdonell, op cit,pp 22,25-6

21- LIII 3,LXXXV 75 cf.Junagardh stone inscr O Skandagupta (CII, III, p 89, 1 9)

22- LII 44,YY,VI 12 Also cf XXXIV 2

पूर्व बलि चढाई जाती थी।[23] साक्ष्यो से ज्ञात होता है कि वरूण देवता का वाहन हंस होता था तथा हाथो मे फदा धारण किये रहते थे [hams-arudhas = ca pasa-bhrd=varunalı,[24]LVII 57]। जबकि मूर्ति पर वह एक मगरमच्छ पर खडे है न कि हस पर।

स्वर्गीय राय बहादुर के०एन०दीक्षित ने वरूण को यम[25] के रूप मे माना है जबकि यम का परम्परागत शस्त्र दण्ड अनुपस्थित है, पर वरूण की मूर्ति शिल्प मे पास (Pasa) की उपस्थिति के कारण इनको यम के रूप मे मानना पडता है।

प्रजापतिब्रह्म - ऋग्वेद के दशम मण्डल मे प्रजापति को स्वर्ग पृथ्वी जल तथा सम्पूर्ण जीवन का सृष्टिकर्ता तथा सभी आस्तित्वो का देवता माना गया है तत्पश्चात् सहिता और ब्राह्मणो मे इनको श्रेष्ठतम ईश्वर माना है जिन्होने देवताओ और दानवो की उत्पत्ति की।[26] पर आश्वलायन ग्रहयसूत्र (III.4) मे ब्रह्म को हिन्दुओ मे विख्यात त्रिमूर्ति देव मे प्रथम पाया गया है। वराहमिहिर ने इनको दोनो नामो की सज्ञा दी है।[27] इसके स्वयभू[28] ब्रह्माण्ड का रचयिता प्रथम मुनि तथा मानव जाति का पितामह माना गया है और स्वयमू[29], दत्र और विश्वकृत[30], प्रथममुनि[31] और पितामह[32] की सज्ञा दी गयी है। इनको सूर्य और चन्द्रमा के चारो ओर हरा गोला तथा ग्रहण पर राज्य करने वाला, पचवर्षीय युग के चौथेवर्ष, प्रथम युग मे पाचवे वर्ष, रोहिणी नक्षत्र प्रतिपद की पहली पूर्णिमा और कर्ण नामक वालव के अध्यक्ष के रूप मे माना जाता है।[33]

23- XLV50, LIII 124
24- cf YY, VI 12 where gada ıs mentıoned as another attrıbute of varuna tal-esvaram pas-anvıtam saha gadaya ca pujıtam
25- K N Dıkshıt, Exceavatıons at paharpur, MASI, 55, P 50, PI XXXII
26- Macdonell, op cıt, pp 118-9
27- Prajapatı VIII,24, 29, XI 25 , XLVII 68 Brahma I 5,6 II 12,V 19, 20,XI 25,XXVI 5, XXXIII 22,XLV 10 XLVII 55,LXXIII 20
28- XLVII.2
29- XLVII.2
30- LXXIII 18,19,I 6
31- I 2
32- I.4,XXXII.3,5, XXXIV2, LXXXVII 40
33- XXXIV2XV 19,20 , VIII.24, VIII 29, XCVII 4,XCVIII.1, XCIX.1

ब्रह्मदण्ड, गणक तथा चर्तुसार नामक पुच्छल तारे इनके पुत्र कहे गये है (XI 15,25) तथा विलक्षणता पूर्वक न्याय की देवी इनकी पुत्री कही गयी (XXVI 5)। बिना किसी अपवाद के इनको प्रत्येक विज्ञान एव ज्योतिष का जनक माना गया है। इस विषय मे उल्लेखनीय तथ्य प्रमाणित किये है। इनको देवताओ का प्रधान कहा गया है तथा इन्द्र को इनकी आज्ञा माननी पडती है। (XXXII 3-6)[34] ये सदैव देवताओ के शुभचिन्तक रहे है। इन्द्र को भलाई हेतु इन्होने ब्रहस्पति को 'पुष्य शान्ति' का पाठ पढाया था (XLVII 2)। ब्रह्मा का निवास स्थान ब्रह्मलोक जो कि ईश्वर से डरने वाले लोगो का लक्ष्य है वह देवताओ, साधुओ सिद्ध पुरूषो कवियो और पितरो की आत्मा का निवास स्थल भी कहा जाता है। (LXXIII 19)।

पौराणिक गाथाओ के अनुसार ब्रह्मा द्वारा दिये गये वरदान के कारण ग्रहण के समय दिये गये चढावे मे राहु का भी भाग होता था। ब्रह्मा को उचित महत्व दिया गया तथा उनके सम्मान मे एक देवालय का भी उल्लेख है। (Brahmayatana,XXXIII22)। बाद के देवालयो मे ब्रह्मा को वैदिक सस्कृति का प्रमुख प्रतिनिधि माना गया है, जिसका महत्व समाप्त हो चुका था यह तथ्य प्रमाणित किया जाता है कि वेद के ज्ञाता ब्राह्मण की ब्रह्म की प्रतिमा बना सकते थे। (LIX 19 and comm.) यह प्रतीत होता है कि वराहमिहिर को त्रिदेव की अभिधारणा का ज्ञान था क्योकि इस बात का उल्लेख उन्होने निश्चितक्रम मे ब्रह्मा, विष्णु और रूद्र (शिव) को करके दिया है (XLVII 55)। यद्यपि वह त्रिदेवों मे प्रथम थे पर महत्वता मे विष्णु और शिव उनसे अग्रणी थे।[35] यह अवधारणा बन गई थी कि उनका जन्म सासरिक अण्डे से हुआ था या फिर विष्णु की नाभि से निकले हुए कमल से हुआ था, जिससे फलस्वरूप उनको

34- cf LXX XVII 40 where gods are referred to as pıtamahadı

35- It was customary wıth the devotees of vıshu and sıva to represent Brahmı as subordınate to theır respectıve deıty cf CII, III, No 35 , lınes 1-2 were svayambhu ıs saıd to be obedıent to sıva's commands

कमलजा[36] कमलयोनि[37] पद्मोद्भव और पकज–प्रभव[38] की सज्ञा दी गयी है। इस किवदन्ति के अनुसार इनकी अनेक प्रतिमाये मिली है।[39] जब देवता युद्ध मे अपने शत्रुओ को परास्त नही कर पाते थे और ब्रह्मा उनकी सहायता हेतु नही पहुँच पाते थे तब ब्रह्मा उनको विष्णु की सहायता मागने का परामर्श देते थे।[40] यहा तक कि डेढ पद्य मे ब्रह्मा की प्रतिमा विद्या से सम्बन्धित बहुत कम विश्लेषण मिलता है। ब्रह्मा के एक हाथ मे एक जल से भरा हुआ कलश है, उनके चार मुख है तथा एक कमल पर विराजमान है।[41] उनकी हाथो की सख्या का उल्लेख नही है। मथुरा से दो हाथ वाली दो कुषाण प्रस्तर प्रतिमाओ मे उनके शीर्ष की विशिष्ट व्यवस्था है। चौथे मुख का वर्णन करने की कठिनाई को तीनो सिरो को एक पक्ति मे रखकर तथा चौथे को मध्यवाले पर अध्यारोपित करके दूर किया गया है। इनमे से एक प्रतिमा मे वह अपने बाये हाथ मे अम्रतघट धारण किये हुए है। भूमर मे स्थित शिव के मन्दिर मे चैत्य वातायन मे ब्रह्मा की चार सिरो वाली और चार हाथों वाली प्रतिमा कमल पर बैठे हुए अकित है। चारो हाथो मे से दो टूटे हुए है तथा सीधे हाथ मे एक कमल डण्डी पकडे हुए है। ऐहोल से प्राप्त एक शिला मे ब्रह्मा की सुन्दर तीन मुख तथा चार हाथों वाली कमल पर बैठे हुये प्रतिमा अकित है। तीनो हाथो मे क्रमश एक गुलाब, एक फदा तथा कमण्डल धारण किये हुए है। बाया हाथ वरदान मुद्रा मे दर्शाया गया है।[42]

विष्णु - विष्णु ऋग्वैदिक मन्दिरों मे सूर्य देवता के रूप मे माने जाते थे और उन्हे देवताओ मे निम्न स्थान प्राप्त था, पर भक्ति काल के आगमन के साथ विष्णु अपना

36- XCVII 4, XCVIII 1, XCIX.1
37- V2
38- TY 1 2, III 2
39- E g m s vats, the gupta Temple at devgadh, MASI, No 70 Pl X(b)
40- See supra, p 119
41- Kasyapa (as cited by utpala on p 785) describes him as four faced Having a staff, skin of a black antilope and a water vessel ब्रह्मा चर्तुमुखो दण्डी कृष्णाजिनकमण्डली। it seems to stress his brahmacarin aspect where in he wears the hide of a black antelope and carries a staff and a kamandalu in his hands
42- T A G Rao, Elements of hindu iconography, vol-II, pt II pt CXLVI, for another brahma figure haiting from the same place vide ibit, pl CXLIV, G H khare, Musti-vijnana (marathe), pp 7-8, pL I

सौर लक्षण खो–चुके थे तथा पुन वह महत्वपूर्ण देवता के रूप मे प्रकट हुए आर उनमे अद्भुत प्रताप एव शक्ति का समायोजन हो गया था। वराहमिहिर मे विष्णु[43] के कई नाम दिये जिनसे वे जाने जाते थे वे नाम है—नारायण[44], हरि[45], केशव[46], माधव, मधुसूदन, गोविन्द, श्रीधर, ऋषिकेश, दामोदर (CIV.14-5), वासुदेव (LXVIII 32) और कृष्ण (LVII 37)। इनको भगवत्[47] नाम की सज्ञा भी दी गयी।

अचिन्त्य, असम, सम, सर्वदेहिनाम सुखस्म, परमात्म और अनादि के रूप मे भी इनका वर्णन किया गया। विष्णु की सभी भगवानो मे सर्वमान्य श्रेष्ठता, शिव और सूर्य को छोडकर इस कथा से प्रमाणित की जाती है कि जब समस्त देवता असुरो से परास्त होने के पश्चात उनकी शरण मे चले गये। प्रतिमा विद्या मे वराहमिहिर द्वारा विष्णु को श्रेष्ठतम स्थान प्रदान किया गया है। यह माना जाता हैकि साठ वर्षीय चक्र (VIII, 21,23,26) के प्रथम युग मे किसी भी प्रकार के हीरे के समान मोती श्रावण नक्षत्र, तीसरी पूर्णमासी, मृगशिरा से प्रारम्भ होने वाले वर्ष के प्रत्येक 12 वर्ष तथा बुध पर विराजमान है।

विष्णु के सम्बन्ध मे कुछ पौराणिक महापुरूषो का भी वर्णन है। श्रोध इनका निवास स्थल दर्शाया गया है। देवी श्री इनकी पत्नी दर्शायी गयी है तथा यह पीले वस्त्र धारण किये हुए है। (XXIV18)। इनकी नाभि से निकले हुए कमल द्वारा ब्रह्मा के जन्म की अवधारणा के कारण इनको कमलनाथ (XLIII.1), अबजनाभ (LXVII.94), पद्मनाभ (CIV.15), पद्मधन (TY, I.2) नामों से पुकारा जाता था। मधु नामक दैत्य का वध करने के कारण मधुसूदन कहा गया (CIV.14)। प्रख्यात अवधारणा है कि वर्षा

43- VIII, 23, 26, XLIII.4, 6 30, 54, XLIII,6 XLV 11, XLVII.26, 55 LVII, 31,35 LXX.19; LYYIX 8, LXXX.7, C V 6, 14
44- VIII 21 XLII 5, XLVII 77, CIV 14
45- XXIV 18, XCVII.5, XCVIII. 1, TY, 1 2
46- XLII 2, CIV 8, 14
47- XLII 2 fleet (CII, III p 28, fn 5) has rightly observed that the title Bhagvat seems to belong most particularly to visnu, and to denote him wherever these is nothing in the context to give any other application

ऋतु के चार मासो मे यह निद्रा मे रहते है तथा शरद ऋतु मे यह जागते है। (XLIII 1)[48]

विष्णुवाद पहले और अब तक ब्राह्मण साहित्य के दो प्रमुख समुदाय मे से एक है जो कि अपने आप मे समाज के प्रमुख वर्गो से जुडा हुआ है। वराहमिहिर के बहुत पहले ही धार्मिक मान्यता मे वैदिक देवता विष्णु, लौकिक देवता नारायण तथा पौराणिक देवता वासुदेव कृष्ण का एकीभूत हो गया था, जिससे कि परमकोटि के वैष्णव सम्प्रदाय की उत्पत्ति हुई।[49] इस तथ्य का प्रमाण उन कार्यो मे भी मिलता है, जिसमे विष्णु नारायण तथा कृष्ण नाम से एक ही देवता का सम्बोधन किया गया है। इस तथ्य को कि विष्णु देवताओ की सहायता करते थे। इस बात से प्रमाणित किया जा सकता है कि उन्होने देवताओ को एक ध्वज प्रदान किया था, जिसके द्वारा उन्होने असुरो पर विजय प्राप्त की (XLII 3 5)। विष्णु और बलदेव की प्रतिमविद्या मे वर्णन करने के पश्चात् वराहमिहिर ने कहा कि देवी एकनामसा को बलदेव और कृष्णा के बीच मे रखना चाहिए। (LVII 31-9)। इस प्रकार विष्णु नारायण और कृष्ण मुख्यत एक ही भगवान को दर्शाते है। गोविन्द तथा दामोदर नाम द्वारा इनकी ग्वाले की छवि को दर्शाया गया है।[50] वराहमिहिर विष्णु धार्मिकता के अनुयायियो को वैष्णव[51] और भागवत[52] नामो से पुकारते थे। उत्पल ने भागवतों को भगवद्भक्त या वैष्णव और वैष्णवो को विष्णु भक्त[53] के रूप मे वर्णन किया है। यह तकनीकि सम्प्रदायिक पद्वी विष्णु के प्रशसको मे अत्यधिक प्रचलित थी। इस तथ्य का प्रमाण अनेक गुप्तकालीन अभिलेख तथा मुद्रा मे मिलता है। इसलिए गुप्त शासक चन्द्रगुप्त

48- cf nidra vyavaya-samaye madhusudanasya, Gangdhar stone inscr Of visvavarman of A D 424-5 (CII, III, No -17, 1 21, p 75)

49- cf R.G Bhandarkar, Vaisnavism, saivism and Minoi Religious sects (collocted works of sir R.G Bhandarker, vol IV), p p 42 ff, the Age of imperial unity p p 435 ff

50- cf meghaduta I 15 which describes visnu as ded in cowherds dress (gopavesa)

51- LXXXV 33, BY, XXIII.29

52- XV 20, LIX 19, LXXXVI 25, cf LXVIII 32 which mentions devotees of vasudeva

53- XV 20, LXXXVI.25 LXXXV 33

द्वितीय[54], कुमारगुप्त[55] तथा स्कन्दगुप्त[56] की शैली परमभागवत् थी जिसका अर्थ दिव्य विष्णु के भक्त है। बहुत से दूसरे शासकों ने तथा सामान्य जनो को शैली को भी परमभागवत्[57], भगवत्, अत्यन्त भगवत् भक्त[58] और परमवैष्णव कहा गया है। इस बात से इन्कार नही किया जा सकता कि विष्णु को इतनी प्रसिद्धि इस कारण मिली थी कि उन्हे शक्तिशाली राज्य करने वाले परिवारो ने अपनाया था तथा सरक्षण दिया था। डा० पी०सी० बगची द्वारा यह उल्लेख किया गया है कि भगवत्वाद का जो भी सम्बन्ध पञ्चरात्र से पहले था, वह गुप्त काल के समय पूर्णत परिवर्तित हो गया था चर्तुव्यूह सिद्धान्त जो कि पचतन्त्र का एक केन्द्रीय सिद्धान्त या भगवत्वाद मे पूर्णत अनुपस्थित था जो कि अवतारवाद के सिद्धान्त को महत्व देते है।[59] इस बात का उल्लेख इस सन्दर्भ मे करना चाहिए कि वराहमिहिर ने कम से कम चार मे से तीन व्यूह विष्णु, बलदेव, प्रद्युम्न का उल्लेख किया है।[60] इनको बनाने की विधि भी बताई है। अमरकोश मे अनिरूद्ध को मिलाकर चारो व्यूहो का विवरण है जिसे वराहमिहिर ने छोड दिया था। व्यूहवाद के कुछ बदले स्वरूप में कृष्ण बलदेव की एकानामसा की एक साथ अराधना को भी माना गया है। यह भी देखा गया है कि व्यूहवाद के अनुयायी अवतारवाद से प्रभावित थे। यदि उत्पल पर विश्वास करे तो यह निर्णय निकलता है कि सभी प्रकार के वैष्णव पंचरात्रा मुद्रा मे विष्णु की आराधना करते थे। रूपसत्रा के एक उत्सव मे वराहमिहिर के अनुसार केशव की आराधना एक निर्धारित मुद्रा मे ही करना चाहिए। जिनका वर्णन पचरात्रा या वैदिक ढंग से उत्पल द्वारा वर्णित किया गया है।

54- CII ,111, No 4, I 11 , No 7, I.1 , No 12, I 20, No 13, I 5 , CII, V, No 2, p 7, 1 6 , No 8, p 36, 1 6, A 8 Altekar coinage of the Gupta Empire, pp 123, 137, 141, 153

55- CII.111, No 8, 1 1, p 41, 1 1, No 10 1 5, No 12I, 22, No 13, 11 56 Altekar, opcit, pp 218, 222, 224, 226, 229, etc

56- CII, 111, No 12, 1 24 Altekar, op cit. pp 251 ff

57- CII, III No 25, 1 10 , No 38, 1 8 , No 1 3, No 41, 1 3, No 46, 1 2 The traikutakas describe them selves as Bhagavat pada karmakara, vide CII, IV, No 18 II 1-2, No 9, 11 1

58- Ibid, No 36, 1 4, No. 19, 1.6, v v Mirashi CII V No 2, 1 8

59- R.C Majumdar (ed) History of Bengal, 1, p, 402 f

60- Classical Age, pp 418-9

मोरा पाषाण पट्टिका अभिलेख से यह ज्ञात होता है कि प्रथम शताब्दी ईसवी के पाच वृषणी महापुरूष क्रमश शकरसन, वासुदेव, प्रद्युम्न सम्ब तथा अनिरूद्ध ईसा युग की प्रथम शताब्दी मे मथुरा नगरी मे देवता के समान माने जाते थे और इनकी अराधना की जाती थी।[61] वासुदेव के अतिरिक्त इनके सम्प्रदाय का दृढतापूर्वक पतन हुआ, जो कि गुप्त काल तक चलता रहा। इस तथ्य का प्रमाण वराहमिहिर ने प्रथम चार देवताओ के रूप मे उल्लेख करके किया है। एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि भागवत्वाद के समय मे विष्णु के अवतारो की उपासना की जाती थी। अवतारो के नाम पुराण महाभारत और पचरात्रा सहिता मे दिये गये एक दूसरे से सख्या और नामो मे अत्यधिक भिन्नता है। वराह, (X2II 34) वासुदेव, कृष्ण (LVII 37;LXVIII.32) वामन, (CIV14) त्रिविक्रम, राम दशरथ के पुत्र (LVII 30) आदि की सज्ञा से हमारे लेखक ने इनके अवतारो की सम्बोधित किया। यह तथ्य स्मरणीय है कि वराहमिहिर ने किसी भी जगह इनको अवतार के रूप मे वर्णित नही किया है। वामन अवतार का व्याख्यान ऋग्वेद मे किया गया है। (I 155 5 etc) और यह कथा कि वामन विष्णु ने अपने शरीर को विस्तृत कर लिया था कि पृथ्वी को एक ही पग से नाप लिया था। इस कथा का विवेचन शतपथ ब्राह्मण मे किया गया था। इसकी प्रसिद्धि गुप्तकाल मे थी, जिसका प्रमाण स्कन्दगुप्त के जूनागढ शिलालेख मे मिला है, जिसमे इस कथा का उल्लेख है कि विष्णु ने इन्द्र के लिए भाग्य की देवी को बलि से बचाया था।[62] विष्णु को इन्द्रानुजा की उपाधि भी इसी कथा के कारण मिली है, जिसके प्रमाण बिहार मे पाये गये स्कन्दगुप्त के शिलालेख मे तथा सातवें अलीन ताम्रपत्र लेख मे मिले है।[63] कृष्ण अवतार की प्रसिद्धि का प्रमाण कालिदास ने विष्णु को ग्वाले की वेशभूषा मे जाम्बवती के साथ किया है जो कि कृष्ण की पारम्परिक पत्नी थी, तुषाम

61- ASI, AR 1911-12 Pt II, p 127 R P Chanda, Archaeology, and vaisnava Tradition, MASI No 5, pp 166-6, EI, XXIV, p 194 The inscription was correctly interpreted by J N Banerjea, vide J ISOA, X, pp-65-68 PIIHC, 7th session, p 82

62- CII, 111, No 14, P 56, stanza 29 1, fn 1

63- CII, 111, No 14, P, 49 1,1, No 39, 1 14, p 174

शिलालेख मे दिया है।[64] प्रकातदिव्य[65] के सारनाथ शिलालेख मे लक्ष्मी को वासुदेव की पत्नी के रूप मे दर्शाया है। डा० आर०जी० भण्डारकर तथा एच०सी०चौधरी का यह मत है कि यद्यपि राम दशरथ के पुत्र अवतार के रूप मे माने जाते थे किन्तु उनके सम्मान मे कोई भी सम्प्रदाय नही था। इन लोगो का यहा तक मानना है कि राम का सम्प्रदाय 11वी शताब्दी ई०पू० मे अस्तित्व मे आया था।[66] वाकाटक रानी प्रभावती गुप्त जो कि स्वय अत्यन्त भगवदभक्त की वेशभूषा मे रहती, अत्यन्त भगवदभक्त थी। कालिदास के अनुसार विष्णु का अवतार रावण के वध हेतु हुआ था तथा उनके अनुसार राम के चरण कमलो से रामगिरी पवित्र हुआ था। वराहमिहिर के अनुसार दशरथनन्दन राम की मूर्ति 120 अगुल ऊँची होनी चाहिए। गुप्तकालीन पाषाणा पट्टिका अभी हाल ही मे प्राप्त हुई है। देवगढ के दशवत देवालय के परिधि मे रामायण के कुछ चित्र मिले है। यदि ध्यान दिया जाये तो यह ज्ञात होता है कि वराहमिहिर ने राम शब्द का प्रयोग तीन लोगो को दर्शाने के लिए किया है। परशुराम, बलराम, दशरथीराम। वराह सबसे प्रसिद्ध अवतार थे। यह शतपथ ब्राह्मण मे वर्णित है कि किस प्रकार प्रजापति ने शूकर का रूप धारण कर पृथ्वी को समुद्र की सतह से ऊपर उठा लिया था। तैत्तिरीय आरण्यक मे यह दर्शाया है कि एक सौ भुजाओ वाले काले शूकर ने पृथ्वी को जल से उठा रखा है। इस अवतार की अभिधारणा को पाने के लिए यह कार्य प्रजापति की जगह विष्णु द्वारा किया गया माना जाना चाहिए। इस काल मे इस अवतार की प्रसिद्धि का पुर्न अवलोकन वराह की आकृति के सन्दर्भ मे कुछ अभिलेख[67] साहित्य[68] सुन्दर तथा प्रतापी वराह की

64- Ibid, No 67, p 270 1 1

65- Ibid No 79, p 285 1 4

66- R.G Bhandarkar, vaisnavism, saivism, etc p p 58-60, classical Age, 415-6

67- जयति वरण्युद्धरणे घनघोणाघातघूर्णित महीद्रघ्र ।
देवो वराहमूर्तिस्त्रैलोक्यमहागृहस्तम्भ ।।
Eran stone inscr of Toramana, CII, III, No 36, 1 1 Also cf IHQ XXI, p 56-8

68- cf Raghuvansa, VII 56

प्रतिमाओ के द्वारा किया जा सकता है जो कि देश के विभिन्न भागो मे मिला है।[69] विष्णु को मूर्ति शिल्प का व्याख्यान करते हुए वराहमिहिर ने व्यक्त किया है कि उनके छाती पर श्रीवत्स का चिह्न होना चाहिए तथा कौस्तुभ मणि[70] से अलकृत होना चाहिए, उनका रग श्यामण जैसे कि lınflower और पीले वस्त्र धारण किये हुए होने चाहिए। उनका चेहरा शान्त होना चाहिए। वह कुण्डल तथा किरीत पहने हुए है। उनकी गर्दन, कन्धे, छाती तथा भुजाये हृष्टपुष्ट है। विष्णु को 8, 4 तथा 2 भुजाओ वाला दर्शाया जा सकता है। आठ भुजाओ वाली प्रतिमा के सन्दर्भ मे दाये भाग के तीन हस्तो मे तलवार, तीर तथा गदा धारण किये हुए है। तथा चतुर्थ हस्त शान्तिदा मुद्रा मे है। तथा वाम हस्त मे एक शख तथा चक्र है। मथुरा सग्रहालय मे दो अष्टभुजी विष्णु की प्रतिमाये सुरक्षित है। परन्तु वह अत्यधिक जर्जित अवस्था मे है। बादामी से प्राप्त एक अष्टभुज देव[71] को बैकुण्ठ के रूप मे निरूपित किया गया है तथा टी०ए०गोपीनाथ राव द्वारा इसका पुर्ननिर्माण "ऐलीमेन्ट्स ऑफ हिन्दी आइकोनोग्राफी" की 75वी पट्टिका मे किया गया है और डा० जे०एन०बनर्जी द्वारा विष्णु रूप मे लिया गया है। यहॉ पर विष्णु के चार दाहिने हस्तों में चक्र, तीर गदा तथा तलवार प्रदर्शित है तथा 3 वाम हस्त मे चक्र, तीर, शख, ढाल तथा धनुष धारण किये है तथा चौथा हस्त कटिहस्त मुद्रा मे है। डा० वी०एस० अग्रवाल द्वारा दर्शाया गया है कि सबसे पौराणिक अवस्था मे उनका दाया हस्त अभय मुद्रा मे है तथा वाम हस्त मे अमृतघट धारण किया है। अन्य हस्त मे गदा, चक्र धारण किया हुआ है और यह वर्णन बोधिसत्व मैत्रीय से ज्ञात होता है।

69- E g the famous varaha panel at udayagırı and two beautıful varaha statues, one ın human and the other ın anımal form, recently found at eran, personal names begınnıng wıth the word varaha also ındıcate the popularıty of the varaha cult C f Bhandarker's lıst, Nos 9, 13, 67, 1195, 1329, 1712

70- cf श्रीवात्साङ्क कौस्तुभमणिकिरणोद्मासितोररकम् ।। X2 II 3 II
for an epıgraphıc allusıon to kaustubha gem vıde CII, III, No 18, p 83 1 22

71- Utpala explaıns ıt as the hand facıng the vısıtor (turned to the front) wıth fingers raısed upwards Drastar = abhımukha urdhv-angulıh santıdah karah It ıs apparently the same as the abhaya mudra wıth whıch the students

शिव - शिव (IV, 30, X L1X,2) जिनको रूद्र, (XLV 6,10), हर, (XLII.52), शकर, (L111 3,LXXXV 75), शम्भू, (LV11 43,L1X,19) ईश, (XXXIV,2,2XX111.20, XV111 1), ईशान, (X1 13, 17), परमेश्वर (TY, 1.2) त्रिनयन (XLV11 77) तथा त्रिनेत्र[72] (By, LV1 5) के रूप मे जाना जाता था। पिछले दो देवो अर्थात् ब्रह्मा, विष्णु के साथ मिलकर हिन्दुओ के त्रिदेव बनाते है। यह ज्ञात होता है कि यह साठ वर्षीय चक्र के पचवर्षीय युग के पाचवे वर्ष मे सूर्य तथा चन्द्रमा के चारो ओर रगीन चक्र मे, आद्र नक्षत्र मे तिथि एकादशी तथा उत्तरी पूर्वी क्षेत्र मे विराजमान रहते है। रूद्र शिव की पुरातन अर्चना तथा प्रस्तुतीकरण दोनो मनुष्य तथा लिग रूप मे मोहनजोदडो तथा अन्य स्थानो से पायी गयी मुहरो तथा पूर्व भारतीय तथा विदेशी शासको द्वारा बनायी गयी मुद्राओ से प्रमाणित होता है। परवर्ती काल मे लिग की स्थापना पवित्र स्थल मे कर दी गई जबकि इनके मनुष्य रूप को मन्दिरो के विभिन्न स्थानों पर सलग्न किया गया है। शम्भु के सिर पर चन्द्रमा[73] वाहक के रूप मे बैल, तीसरा नेत्र ललाट पर, त्रिशूल तथा पिनक नामक धनुष धारण किय दर्शाये गये है। यद्यपि यह प्रतीक सर्वविदित है तथा विभिन्न साचे मे ढली हुई प्रतिमाओ मे दशार्या गया है। परन्तु ऐसी कोई प्रतिमा का विवरण नही मिलता जो पूर्णतया खरी उतरी हो। शिव के अर्द्धनारीश्वर रूप के सन्दर्भ मे आगे व्यक्त किया गया है कि उनके आधे शरीर मे पर्वत की पुत्री का, आधा शरीर समायोजित है। यह रूप उत्पल द्वारा अर्द्ध गौरीश्वर के समान है। विभिन्न कुषाण तथा गुप्तकालीन मूर्तिकारों द्वारा बनायी गयी अर्द्धनारीश्वर की मूर्तिया मथुरा के निकट से प्राप्त हुई है। हमे लिंग के विषय मे उनकी आकृति और आकार के बारे मे कुछ रूचिकर जानकारी मिली है। यह पता चलता है कि लिग की गोलाकार परिधि लम्बवत माप में तीन भागो मे विभाजित होना

72- HSOA, V,P 124, JUPHS, XXII (1949), P 106

73- for epigraphical allusions to the cresent on siva's forehead, c f CII III No 18 11 22-3, No 37,1 8

चाहिए। सबसे निचला भाग चौकोर, मध्यभाग अष्ट कोणीय तथा ऊपरी भाग गोलाकार होना चाहिए। चौकोर भाग धरती मे किये गये गढ्ढे मे स्थापित करना चाहिए और मध्यभाग इसमे होना चाहिए तथा गढ्ढे के चारो तरफ खम्भ होने चाहिए, जो दर्शनीय भाग मे बराबर है। ऐसा माना जाता था कि अपने आकार से पतला तथा लम्बा तथा टूटा हुआ तथा ऊपर से खण्डित लिग देश नगर तथा स्वामी का अनिष्ट कर देता था। शिव सम्प्रदाय को देश के विभिन्न भागो के कई शासको ने स्वीकार कर सरक्षण प्रदान किया। हमे अभिलेखो से ज्ञात होता है कि वाकाटक राजाओ कल्चुरि–राजा, कृष्णराज, शकरगण और बुद्धराज परवर्ती गुप्तो मे देवगुप्त और विष्णुगुप्त, मौखरि राजाओ मे सर्ववर्मन, महासामन्त, पजाब के महाराजा समुद्र सेन, वल्लभी के मैत्रक राजा सभी शिव के भक्त थे। महेश्वर के पुजारियो ने उन्हे परम–महेश्वर की उपाधि दी।

पाशुपत - मूर्ति की स्थापना के सम्बन्ध मे बराहमिहिर वर्णन करते है कि शम्भु की प्रतिमा की प्रतिष्ठा करना, ब्राह्मणो द्वारा राख का लेप करना, ऐसा प्रतीत होता है कि तीन दिन तक शरीर पर लेप करना और राख पर सोना पाशुपति सम्प्रदाय को मानने वालो के लिए महत्वपूर्ण था। ह्वेनसाग ने उन्हे 'त्रिथिकास' कहा है। गुप्त युग मे मथुरा मे पाशुपत विद्यालय का महत्वपूर्ण केन्द्र था। ह्वेनसांग को पाशुपात की एक विशाल शरीर वाली मूर्ति जालधर ही–छोटा–लो (अहिच्छत्र) मे मिली।

कापालिक - वराहमिहिर यह भी उल्लेख करते है कि (LXXXV1 22) कापालिक मानव खोपडी को भोजन का पात्र बनाते थे तथा उन्हे पहनते थे। सातवी तथा छठीं शताब्दी ई० मे पजाब और उत्तर पश्चिम भारत में इस मत की प्रसिद्धि दिखायी पडती है। यशोधर्मन और विष्णुवर्धन के मन्दसोर शिलालेख से ज्ञात होता है कि शिव अपने सिर पर अस्थियो की माला धारण करते थे।[74] समुद्रसेन के ताम्र पत्र अभिलेख

74- शिरसि विनिवघ्नन् रन्घ्रिणीभास्थिमालाम् । CII III No 35, 1 3

निर्मन्द से सतलज नदी के तट से प्राप्त हुई, से ज्ञात होता है कि शिव का मन्दिर कपालेश्वर नाम से प्राप्त हुआ है।[75]

सूर्य - उत्तरी भारत मे बहुत पहले सूर्य देवता की पूजा प्रचलित थी। सूर्य देवता की पर्सियन अवस्था मे महत्वपूर्णता की कथा कुछ पुराणो से सम्बन्धित है जैसे–भविष्य पुराण, वराह पुराण तथा साम्ब पुराण। भविष्य पुराण[76] से ज्ञात होता है कि जाम्बवती द्वारा उत्पन्न कृष्ण का पुत्र सूर्य की उपासना द्वारा कोढ से मुक्त हुआ था। हमे अभिलेखो से गुप्त तथा परवर्ती गुप्तो के उत्तर के विभिन्न भागो से सूर्य के अनेक मन्दिरो का वर्णन मिलता है। उत्तर प्रदेश जिले के बुलन्दशहर के इन्दौर मे सूर्य के मन्दिर के सन्दर्भ मे जानकारी मिलती है। मिहिर कुल के ग्वालियर अभिलेख मे सूर्य मन्दिर की इमारत का उल्लेख है। ऐसा माना जाता था कि सूर्य विभिन्न नामो पचवर्षीय युग के दूसरे साल, हस्त तारा मडल तथा तिथि द्वादशी पर विराजमान रहता था।

अग्नि - ऋग्वेद के पहले तीन देवताओ मे इन्द्र और सोम के बाद अग्नि को माना जाता था।[77] वैदिक यज्ञ सम्बन्धी पथ की प्रसिद्धि के पतन से देवताओं के समूह मे अग्नि का स्तर बुरी तरह प्रभावित हुआ। पौराणिक मान्यता के अनुसार उन्हे लोकपाल के कार्यालय से बहिष्कृत कर दिया गया। बराहमिहिर ने अग्नि के बहुत से नामो का वर्णन किया है उदाहरण के लिए अग्नि[78] दाहन[79] हुताभुज[80], हुतावाह[81] हुताश[82] और अनल[83]। इसे ग्रहण का अध्यक्ष समझा जाता था। एक हीरा श्रंगातक फल तथा चीते

75- Ibid, No 80, 1 9, Nagavadhana, a nephew of Pulkesin II, sanctioned a grant for the worship of kapalesvara and for the maintenance of Mahavrathivs attached to the temple, vide JBBRAS, XIV, p 26,

76- Bahmaparvan ch 139 ff 1 see also D R. Bhandarker foreign Elements in Hindu population, IA, XL, (1911), p p 17ff

77- Macdonall, vedic Mythology, P 88

78- V 19, 22, XI 23, XC VII.4

79- XXXII 7, XCVII.4

80- LXXIX.9, YY, VI.6

81- LXXXV 75

82- XL 11, VIII 23

83- VIII, 26, LIII 3

की आख की छवि के समान, मोती धुये रहित अग्नि या कमल के समान, कृतिका का तारा मडल जोवियान चक्र के चौथे युग मे दिन के दूसरे पहर मे इसे कम्पन का कारण समझा जाता था और 120 विश्वरूपा पुच्छल तारा कहा जाता था। अग्नि काल मे अग्नि और इन्द्र का सम्बन्ध था। अग्नि को सात किरणों और सात जीभो (सप्त–जिह्वा, LXX111 16) के रूप मे वर्णित किया गया है। अग्नि की मूर्ति के सम्बन्ध मे विस्तृ जानकारी नही दी गयी। उदाहरणत पहाडपुर मे निर्मित आकृतियो मे दो भुजाओ वाली अग्नि उनके शरीर से निकलने वाली सात लपटो के साथ दूसरी तरफ गुलाब और कमडल क्रमश दाये और बायें हाथ में धारण किये हुये है।[84]

यम - यम का पैतृक नाम वैवस्वत भी माना गया है। (XL11,52) वर्णन ग्रहण का कारण, सूर्य या चन्द्रमा चारो ओर आभामडल, दक्षिणी दिशा में अध्यक्षता करने वाले, तीन तारो का समूह भरणी, चतुर्थी तथा करण को विष्टी कहा जाता था। काला रग विशेष रूप से यम का प्रतीक माना जाता था। सरीसृप के समान काला हीरा तथा काले मोती को इससे सम्बन्धित माना जाता था। उत्पल ने इन्हे मनुष्य का स्वामी माना है। (पितृपति)। जहा तक यम की प्रतिमा का सम्बन्ध है हम साधारणत· कह सकते है कि वह अपने एक हाथ मे दड धारण करते थे और भैसे की सवारी करते थे।[85] मध्ययुगीन भैसे पर सवार यम की मूर्ति वाला मन्दिर उडीसा में प्राप्त हुए थे।

कुबेर- कुबरे को भी वैश्रवण कहा जाता था कुबेर को पहली बार यक्ष के साथ वर्णित किया गया है इनको अर्थवर्वेद (VIII 10, 28) के धन का मार्ग भी कहा है ग्रन्थ मे इन्हें यक्ष कहा गया है और उनके लिए धनद (XXXIV.3; YY, VI.16), धनेश (XL11.52) तथा धनेश्वर (YY, X 1.17) का उपयोग किया है तथा इन्हें धनी लोगों का स्वामी कहा है। ऐसी मान्यता थी कि वह ग्रहण पर अध्यक्षता करता था (V.19,21) तथा चन्द्रमा

84- MASI, NO 55, p 48 pl XXXII(b)
85- Bana in his Hasra-carita describes canvas painting of yama riding a terrific buffalo

और सूर्य के चारो ओर मोर की गर्दन के समान रंग का आभामडल इसका कारण समझा जाता था (XXXIV.3)। सामान्यत इन्हे लोकपाल माना जाता था। उत्तरी दिशा का अध्यक्ष मानते थे जो कि कुबेरी के नाम से जाने जाते थे। (XIII.1; XLVII,18, LXXXVI-25)। कुबेर की प्रतिमा का वर्णन इस प्रकार किया गया है। मटके के समान उदर वाला सवारी के लिए एक व्यक्ति और मस्तक पर बायी ओर झुका हुआ मुकुट धारण किये हुए है। 'योगयात्रा' मे कुबेर के चिह्न के रूप मे उन्हे गदा धारण किये हुए दिखाया है। विभिन्न साहित्यो के अनुसार उनकी सवारी गधा (खर–वाहन) मानी गई है। कुबेर की मूर्तिशिल्प के इस रेखाचित्रीय वर्णन मे यह तथ्य जानने योग्य है कि इसमे उनके बटुआ, उनकी निधि, शख, पद्म और हरिति के सन्दर्भ मे कुछ भी वर्णित नही है। जो प्राय· समकालीन कला में उनसे सम्बन्धित थे। गुप्त या उसके परवर्ती युग मे कुबेर की सवारी का कही भी उल्लेख नही है। भरहुत मे यक्ष के रूप मे उनका वर्णन किया गया है, जो कि बडे उदर वाला बायी ओर झुका हुआ मुकुट है। यह प्राकृति ब्रहत्सहित के वर्णन से मिलती है।

अन्य देवता - कुछ अन्य वैदिक देवताओ के सम्बन्ध मे भी वर्णन मिलता है। दो देवताओ अश्विनी कुमारो का उल्लेख मिलता है, जो कि प्रार्थना करने वालों की गहनता को मापते थे। ऋग्वैदिक मान्यता मे इनका स्थान इन्द्र अग्नि और सोम के बाद था।[86] अश्विनी तारामडलो (IXCV11.4) ओर जोवियन चक्र (VIII.23) के 11 पचवर्षीय युगो के ऊपर इनकी अध्यक्षता समझी जाती थी। अश्विन शब्द एक समान दो लोगो का सूचक है (XCV11.1)। देवताओ की सूची में मुख्यतः विश्वकर्मन का भी उल्लेख है, जिन्होने इन्द्रध्वज (XLV.12) को विभुषित किया था । विश्वकर्मन की प्रतिमा के सन्दर्भ मे वर्णन तो है लेकिन उनकी मूर्ति शिल्प का कोई विस्तृत वर्णन नही दिया गया है।

86- Macdonell, vedic Mythology p 49

उत्तर वैदिक कालीन देवता - स्पष्ट है कि कृष्ण से सम्बन्धित चार अन्य वृष्णी देवता भी है जो कि बलदेव प्रद्युम्न साम्बा और अनिरूद्ध है। ई०पू० की शताब्दियो मे स्वतन्त्र रूप से पूजे जाते थे। इनमे से पहले तीन का उल्लेख वराहमिहिर ने भी किया है।

बलदेव - प्राचीन काल से ही भागवत के विभिन्न धर्मो की एकता मे बलदेव को वासुदेव कृष्ण से सम्बोधित माना गया है। बहुत से शिलालेखो में इन्हे साथ–साथ वर्णित किया गया है। वराहमिहिर ने उनकी प्रतिमा का श्लोक मे जो वर्णन किया है उसके अनुसार बलदेव अपने एक हाथ मे हल–धारण किय हुए नशीली आखो वाले, एक कान मे कुण्डल पहने हुए है तथा उनका रग इतना श्वेत है, जितना कि कौच शैल–कमल या चन्द्रमा। मथुरा से बलदेव की यक्ष प्रकार की दो भुजाओ वाली मूर्ति प्राप्त हुई है जो लखनऊ सग्रहालय मे सुरक्षित है। जिसमें उन्हे साप के सिरो के नीचे खडा हुआ, केवल बाये कान मे कुडल धारण किये और मूसल तथा हल अपने हाथ मे धारण किये है। मथुरा सग्रहालय मे गुप्तकाल की चार भुजाओं वाली मूर्ति प्राप्त हुई है।

प्रद्युम्न - इनका वर्णन धनुष धारण किये हुए किया गया है। सम्भवत इनकी पहचान कामदेव से की गयी है। (प्रद्युम्न = कापभर्त सुरूपस = का, LV11.40)[87]

साम्ब - सौर सम्प्रदाय की नयी अवस्था मे साम्ब का महत्वपूर्ण स्थान था। लेकिन उनकी प्रतिमा का पुराणों मे ज्यादा वर्णन नही है। वराहमिहिर के अनुसार सूर्योपासक के रूप मे उसका पवित्र स्थान था तथा हाथ मे वह गदा–धारण किये हुए है। उत्पल के अनुसार उन्हे दो भुजाओं वाला दिखाया गया है।

87- for a kusana terracotta figure of kamadeva from Mathura standing on the prostrate body of surpaka holding a bow and a sheath of arrows in this left and right hands respe

शैव देवता :-

गणेश - पौराणिक आख्यानो के अनुसार गणपति शिव के द्वितीय पुत्र है, जो विघ्नो को समाप्त करते तथा जीवन को मगलमय करते है। इसलिए प्रत्येक शुभ कार्य के आरम्भ मे इनकी पूजा आवश्यक मानी गई है। इन्हे सभी जगह विद्यमान रहने वाला बताया गया है। मानव गृह्यसूत्र के अनुसार विनायको की सख्या चार है। (1) शालाकटण्कट, कूष्मान्दराजपुत्र, उस्मित तथा देवायज्न।[88] मानवग्रह्य के चार विनायको को एक विनायक गणपति के रूप मे वर्णित किया है।

स्कन्द - स्कन्द की पूजा ईसा पूर्व मे प्रचलित थी। किन्तु विशेष गुप्त युग मे अधिक प्रचलित हुई। स्कन्द कार्तिकेय यौधेयो के सरक्षक देवता थे। गुप्त शासक कुमारगुप्त के अभिलेख तथा सिक्को मे यद्यपि 'परम भागवत' का वर्णन किया है, जिसके वे उपासक थे। बाद मे उनके सिक्को मे गरूणध्वज का उल्लेख मिलता है। कालिदास ने कुमारसम्भव में इनके जन्म से सम्बन्धित कथा दी है सामान्य रूप से यह विश्वास किया जा सकता है स्कन्द और विशाखा एक ही देवता के दूसरे नाम है।

देवियों - हिन्दू धर्म मे शक्ति की पूजा अत्यन्त प्राचीन काल से प्रचलित थी। शक्ति को नारी रूप मे अभिव्यक्त किया गया है। वराहमिहिर ने बहुत सी देवियो का उल्लेख किया है। सर्वप्रथम हम उनका वर्णन करेगें जिनके बारे मे कुछ विस्तृत जानकारी प्राप्त है। हमारे लेखक ने पवित्र 'मॉ' के लिए कई नामो का उल्लेख किया है। उदाहरणत मातृ, मातृभि (X2VII.26; मातृनाम् LIX.19)। पौराणिक मान्यता के अनुसार असुर अन्धकासुर के विरूद्ध युद्ध मे साथ देने के लिए शिव की सहायता के लिए मातृको की उत्पति हुई। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार ब्रहम, शिव गुह, विष्णु तथा

88- The Baijavapa grhya, cited by Apararka on Yujivalkya I 275, replaces usmita and Devayajana by sammita and Mita

इन्द्र ने असुरो के युद्ध मे चण्डिका की सहायता के लिए अपने शरीर से उत्पन्न किया था।[89] वास्तव मे मा की सख्या सात बताई गयी है किन्तु बाद मे इनकी सख्या बढकर 12 तक हो गयी। वराहमिहिर इनकी सख्या के बारे मे कोई मत व्यक्त नही करते है परन्तु बाद के विद्वानो ने उनके नाम इस प्रकार बताये है—ब्राहमी, वैष्णवी, रौद्रीस, कौमारिस और बाद के नामो मे नरसिम्ही, वराही और वेनायिकी है। गुप्त अभिलेखो मे सप्तमात्रका का उल्लेख है। कला के सम्बन्ध मे वराहमिहिर ने केवल इतना ही कहा है कि मा को नाम तथा चिह्न के साथ दिखाया जाना चाहिए। मार्कण्डेय पुराण मे भी इसी कथन की पुष्टि की गई है तथा यह भी कहते है कि प्रत्येक देवी को अलग–अलग अवस्था, आभूषण तथा सवारी का उल्लेख होना चाहिए। उत्पल ने इनकी मूर्ति शिल्प का अवलोकन करने के पश्चात् इन्हे अत्यन्त सुन्दर वर्णित किया है। मथुरा सग्रहालय मे सुरक्षित सप्तमात्रक की मूर्ति, चिह्न तथा सवारी का वर्णन इस प्रकार है—प्रत्येक मा अपने बाये हाथ मे एक शिशु धारण किये है प्रथम ब्राह्मी है जो तीन शीर्ष वाली है और अपने दाये हाथ मे एक Ladle पकडे हुए है उनकी सवारी हस है। महेश्वरी त्रिशूल धारण किये खडी है उनकी सवारी भैस है। कामरी शक्ति धारण किये है उनकी सवारी मोर है, वैष्णवी गदा धारण किये है उनकी सवारी गरूण है। वराही टूटा दण्ड लिये है उनकी सवारी महिषा उनके पीछे है इन्द्राणी सम्भवत वज्र लिये है उनकी सवारी हाथी। अन्त में चामुण्डा है जो मुण्डों की माला धारण किये है।

एकनामसा - दूसरी देवी एकनामसा है जिनके विषय में विस्तृत जानकारी मिलती है। हरिवश में इनका उद्भव इस प्रकार दिया गया है कि किस प्रकार देवताओ की

89- ब्रह्मेशुगुहविष्णूना तथेन्द्रस्थ च शक्तय ।
शरीरेभ्यो विनिष्क्रम्य तद्रूपैश्चण्डिका ययु ।।
यस्य देवस्य यद् रूप यथाभूषणवाहनम् ।
तद्वदेव हि तच्छक्ति रसुरान् योद्धुमाययौ ।।

विनती पर विष्णु ने देवकी के गर्भ से कृष्ण के रूप मे जन्म लिया जो कि वासुदेव की पत्नी थी। निद्रा देवी को आदेश दिया कि यशोदा और नन्दगोप के यहा जन्म ले तथा कस द्वारा मारे जाने पर स्वय को बचाने के लिए आकाश मे उडने पर चार भुजाओ वाली जिनमे एक मे त्रिशूल, तलवार, मदिरा का प्याला और कमल धारण किये हुए है। इनको एकनामसा कहा गया तथा इनकी उत्पत्ति प्रजापति के कण से हुई।[90] इस प्रकार यह भी प्रतीत होता है कि इनका वासुदेव कृष्ण से घनिष्ठ सम्बन्ध था वराहमिहिर ने इनकी दो चार और आठ भुजाओ का वर्णन किया है। उनके अनुसार[91] इनका स्थान बलदेव तथा कृष्ण के मध्य होना चाहिए।

Saci-(शचि) - इन्हे माहेन्द्री तथा इन्द्राणी भी कहा जाता है। जो कि इन्द्र की पत्नी है। यह स्त्रियो की आदर्श मानी जाती है तथा अविवाहित कन्याओ द्वारा पूजी जाती है। (VP, 9-14)। यह प्रथा भारत के कुछ भागो मे प्रचलित है। कुछ अवसर पर यह अपने पति के साथ भी पूजी जाती थी (XLV,80)। पार्वती, जो कि शिव की पत्नी तथा हिमालय की पुत्री थी, इसलिए इन्हे आद्रसुता (IV.30) तथा शैलसुता (VIII.24)[92] भी कहा जाता है। यह शिव की अर्द्धनारी के साथ भी दिखाई पडती है।

अन्य देवियों मे सरस्वती, लक्ष्मी, धरती, श्री स्वाहा, सिद्धि तथा कश्यप की पत्नी धनु सुरसा, विनता और कद्रु तथा अदिति, देवो की माता आदित्य तथा दिति का भी वर्णन किया गया है (XLVII 56-58)।

90- for relevant tert of the Harivamsha vide JRASB (Third series), 1936, pp 40-2 not

91- एकानशा कार्या देवी बलेदव कृष्णयोर्मध्ये।
कटिसस्थितवामकरा सरोजमितरेण चोद्वहती।।
कार्या चतुर्भुजा या वामकराभ्या सपुस्तक कमलम्।
द्वाभ्या दक्षिणपार्श्वे वरमिर्थब्यक्षसूत्र च।।
वामेऽयाष्टभुजाया कमण्डलुश्चापमम्बुज शास्त्रम्।
वरशरदर्पणयुक्त सव्यभुजा साक्षसूत्राश्च।।

92- cf CII, III No 33 P 146, L, where she is called ksitidharatanaya

गण देवता या देवताओं का समूह-

वराहमिहिर ने कुछ देवताओ के समूहो का वर्णन किया है जिन्हे अमरकोश मे 'गणा' देवता कहा गया है।[93] आदित्य ने इन्हे इन्द्र से सम्बन्धित माना है। इनकी सख्या ऋग्वेद मे सात या आठ तथा शतपथ ब्राह्मण मे 12 दी गई है। उत्तर वैदिक काल मे इन्हे बारह सूर्य देवता माना है और इनका सम्बन्ध एक वर्ष के 2 महीनो से किया है।

लोकपाल - पौराणिक मन्दिरो मे लोकपालो का महत्वपूर्ण स्थान था। इन्हे 'दिगिशा' (By, XX 1,TY,IX 2) दिग्श्वर (By, XVI 1) अथवा दीनानाथ (YY, VI.19) कहा गया है। वराहमिहिर के अनुसार इन्द्र, अग्नि, यम, नीति, वरूण, वायु, इन्दु और शकर पूर्व दक्षिणपूर्व, दक्षिण, दक्षिण पश्चिम, पश्चिम, उत्तर पश्चिम, उत्तर और उत्तर पूर्व दिशाओ के क्रमश देवता माने जाते थे। इन दिशाओ की पूजा दिशाओ की रक्षा के लिए ग्रहो द्वारा की जाती थी केतु को इस सूची मे शामिल नही किया गया है। इस प्रकार सूर्य, शुक्र, मगल, राहु, शनि, चन्द्रमा, बुध और गुरू से सम्बन्धित इन्द्र, अग्नि, यम, नीरति, वरूण, वायु यक्ष और शिव क्रमश इनसे सम्बन्धित माने गये है, जो दिशाओ का स्वामित्व करते थे।

देवमोनि - भारतीय प्राचीन काल से ही देवयोनि के अस्तित्व पर विश्वास करते थे। इनमे विद्याधर, अप्सरा, यक्ष, राक्षस, गन्धर्व, किन्नर, पिशाच, गुहामास, सिद्धा का वर्णन हमारे लेखक द्वारा किया गया है। अमरकोश के अनुसार विद्याधर (XIII.8) अपने साथी के साथ पर्वत की चोटी पर रहते थे। विद्याधरो के युद्ध तथा उनके विनाश का भी वर्णन मिलता है। अप्सरा सुन्दरतम पवित्र दिव्यस्त्री (XLV.89) मानी

93- आदित्य–विश्व–वसवस्तुषिता भास्वरानिला ।
महाराजिक–साध्याश्च रूद्राश्च गणदेवता.।। [Amarkosa] 1 10

जाती थी। ये पुष्यस्नान के समय पूजी जाती थी। बसन्त मे उनका दर्शन शुभ माना जाता था। यक्षो (XIII 8) को यातुधान भी कहते थे। उनके दर्शन को महामारी का कारण समझा जाता था। जिसको रोकने के लिए पापनाशक सस्कार की व्यवस्था दी गई है। इसके विपरीत हेमन्त मे इनका दर्शन शुभ माना है (XLV 91)। हेमन्त मे राक्षस का दर्शन भी शुभ माना है (राक्षस XIII 11) (हेमन्त XLV.19)। गन्धर्व को स्वर्ग का सगीतज्ञ माना गया है। उत्पल ने गन्धर्व के मुख को घोडे के समान वर्णित किया है। (अश्वमुखा नरदेवयोनय XIII 8)। किन्नरो को किपुरूष (XLVII 62) भी कहा जाता था तथा इनका मुख भी घोडे के समान बताया है। पिशाचो को राक्षसो से सम्बन्धित बताया है। गुह्यक, यक्ष, राक्षस, पिशाच, और भूतो की युद्ध मे विजय के लिए आराधना की जाती थी। (By, XV.1, 10-11)

नवग्रह नक्षत्र तथा समय का विभाजन :-

नवग्रहो की बिना किसी विशेष सम्प्रदाय के रूप मे पूजा की जाती थी। ग्रहो की गति के सम्बन्ध मे ऐसा विश्वास था कि इनकी गति सामान्य रूप से सासारिक घटनाओ मे तथा विशेष रूप से मानव जीवन पर तुरन्त प्रभाव डालती है। इसलिए इन ग्रहो की आराधना उनको अपने पक्ष मे करने के लिए उनसे विनय पूर्वक प्रार्थना किया जाना स्वाभाविक था। वराहमिहिर के अनुसार यदि किसी व्यक्ति से ग्रह प्रसन्न है तो वह ऊँचाई से कूदेगा, जहरीले सांपो के बीच भी उसे कुछ नही होगा।[94] ग्रहशान्ति (XLII.37) तथा ग्रहयक्ष (XLIII.14;XIVII.29;By, XV.1;XVIII.1) युद्ध काल में प्रस्थान करने से पहले किये जाते थे। ग्रहो की पूजा अन्य अवसरो पर भी की जाती थी। नक्षत्रो के समूहों को जमीन पर चिन्हित करके 'पुष्यस्नान' करके उनकी आराधना की जाती थी। (XLVII.26,29)। वर्षा और फसलो के सम्बन्ध मे भविष्यवाणी

94- प्रीतै पीडा न स्यादुच्चाद्यदि पतति विशति यदि वा भुजगविजृम्भितम्। CIII 47

करने के लिए ज्योतिष उत्तर या पूर्व के शहर या गाव जाकर इन ग्रहो और नक्षत्रो को जमीन पर बनाकर उनकी पूजा करता था। (XXIV 6)। ब्रहस्पति, शुक्र और शनि की आकृतियो का सकेत एक दूसरे स्थान पर भी किया गया है लेकिन उनकी प्रतिमा के सम्बन्ध मे कोई वर्णन नही मिलता है। दिकपालो की तरह नवग्रहो के समूह को मध्यकालीन मन्दिरो, शिल्प विधा सम्बन्धी भागो मे मिले है।[95] चन्द्रमा के ग्रहण (V 19-20) के सम्बन्ध मे मान्यता थी कि बृहस्पति चक्र के नवे (VIII.23), युग के तीसरे वर्ष (VIII 24), मृगशीर्ष के तारामण्डलो और शनि चन्द्रमा और सूर्य के पुत्र माने जाते थे। क्रमश इन्हे सौम्य या चान्द्री (By, XVIII.11-13) अथवा चन्द्रात्मज (YY, VI 17) और सौरी (CIII 47,YY,VI 13)। ब्रहस्पति की अध्यक्षता जोवियन चक्र (VIII.23,26)के दूसरे युग के तिष्या (XCVII 4) तारामण्डलो पर मानी गई है। गुरू और शुक्र की पहचान ब्रहस्पति से की गई। जिन्हे देवताओ के गुरू तथा इन्द्र तथा शुक्र का कुलाधिपति माना गया है। राक्षसो के गुरू Faita occompli [96] थे।

नक्षत्रो को सजा कर उनकी पूजा की जाती थी (XXIV.6;XLVII.26)। सभी तीन तारो के समूह एकत्रित होकर मानवाकृति बनाते हैं, उन्हें नक्षत्र पुरूष भी कहते है जो इस प्रकार है। मूल को नक्षत्र पुरूष का पैर, रोहिणी को पिण्डली, अश्विनी को घुटने, पूर्व और उत्तर आषाण को जघा, पूर्व और उत्तर फाल्गुनी गुप्त अंग, कृतिमा को पिछला भाग पूर्व और उत्तर भाद्रपद को किनारा, रेवती को उदर, अनुराधा को वक्षस्थल, धनिष्ठा को पीठ, विशाखा को भुजाये हाथ, पुर्नवसु को उगलिया, आश्लेषा को नाखून, ज्येष्ठ को गर्दन, श्रावणा को कान, पुष्य को मुंह, स्वाति को दात, शतभीषज को हसी, मघा को नाक, मृगशिरस को आंखो, चित्रा को मस्तक भरणी को सिर तथा अद्रा को बाल (CIV.7-5) के रूप में माना गया है। रूपसत्रव्रत मे उल्लेख

95- for late Gupta and medigeval Graha reliefs cf DHI, PL-XXXI, fig 1-2, for textual evidence on their iconojgraphy see khare, op at pp 140-43

96- cf VII 1 where Jupiter in described as devapati mantrin , YY, VI 7 where venue is styled dilisuta-gura

है, लोग अगले जन्म मे सुन्दर शरीर प्राप्त करने के लिए इनकी पूजा करते थे।

ज्योतिषीय ग्रन्थो मे ऋषियो के विषय मे भी वर्णन मिलता है। वराहमिहिर ने मरीचि, अत्रि, पुलह, पुलत्स्थ, क्रतु, अगिरा, भृगु, सनत्कुमार, सनक, सनन्दन, सनातन, दक्ष, जगीस्वाय, भगन्दर, एकता, त्रिता, जाबालि, कश्यप, दुर्वासा, कण्व, कात्यायन, मार्कण्डेय, दीर्घतपस, विदुरथ, ऊर्व, समवर्तक, च्वन, पराशर इॅपायन, यवाक्रत का उल्लेख किया है। (XLVII63 67)।

प्रथम छ तथा वसिष्ठ को सप्तऋषि कहा गया। ऋग्वेद (IV 42 8) मे भी पारम्परिक सप्तऋषियो का उल्लेख है। शतपथ ब्राह्मणो मे इनहे सात कहा गया है। तारामण्डलो के साथ मिलकर यह भालू की आकृति बनाते है। वसिष्ठ की पत्नी अरून्धती का स्थान इन सात तारो मे मध्य मे माना गया है। वराहमिहिर ने सामान्य रूप से मुनियो का उल्लेख किया है। (XLVII.25, XLV 10) विशेष रूप से वेद व्यास का।

Other Objects of worship :-

पशु पक्षियो तथा वृक्षो मे भी शक्तियॉ मानी जाती थी तथा इनकी भी पूजा की जाती थी। नागपूजा का भी उल्लेख मिलता है। नागों का चित्र बनाकर उनकी पूजा का भारत मे प्रचलन था (XLV.14,XLVII.25, 31.62)[97] कुछ सुन्दर नाग प्रतिमाये मथुरा के आसपास मिली है और मथुरा सग्रहालय मे सुरक्षित है। यह माना जाता था कि मोती की उत्पत्ति तक्षक तथा वासुकी के परिवार से सम्बन्धित थी तथा ऐसा विश्वास था कि वर्षो के सम्बन्ध मे यह अद्भुत प्राकृतिक शक्ति रखते है (LXXX.25-6)। कुछ निश्चित प्रकार के पत्थरो पर इन नागो का वास माना जाता था तथा इनकी

97- eg chhargaou Naga of Huviska's tıme vogal, catalogue of Archeologıcal Museum at mathura No C13, p 88, PI XIX

उपस्थिति देश मे सूखा रोकने वाली मानी जाती थी (LIII.111)। पशु पक्षियो की गति के अनुसार यात्रा के शुभ और अशुभ फल का भी विवरण है। जब वर्षा ऋतु के पश्चात् Wegtial पहली बार देखा जाता है, तो इसे शुभ मानते है (XLIV 14)। नदियों समुद्र पर्वत भी पवित्र माने जाते थे। ये इन्द के सहयोगी थे।

यज्ञ - पाच महान यज्ञो का भी वर्णन किया गया है। ग्रहस्थ को प्रतिदिन दो यज्ञो को करना चाहिये जो कि वैश्वदेव तथा ब्रह्मयज्ञन (CIII 44 and YYVI.17) है। श्रॉतसूत्र मे अग्निहोत्र तथा अश्वमेघ का उल्लेख है।[98] उस समय श्रेष्ठ राजा अपने शत्रुओ पर विजय प्राप्त कर अश्वमेघ यज्ञ करता था। गुप्त शासक समुद्रगुप्त और कुमारगुप्त तथा वाकाटक नरेश प्रवरसेन ने जिन्होने अवश्मेघ यज्ञ करके स्वय को औरो से अलग किया उत्पल ने दृष्टि का पुत्रकाम्या के रूप मे वर्णित किया है। दृष्टि इस प्रकार का यज्ञ था जिसको करने वाला अपनी पत्नी तथा पुजारी की सहायता से करता था। पशुबलि भी प्रचलन में थी। पशुओ की बलि के लिए उन्हें बाधे जाने का विवरण मिलता है। वराहमिहिर ने वृहद्यात्रा मे युद्ध शत्रुओ को मारने का तथा पशुबलि दोनो का वर्णन किया है और दोनो पापो से मुक्ति का भी उल्लेख किया है।

यज्ञ की वेदी का भी वर्णन किया गया है। वेदी के स्थान के सम्बन्ध मे विस्तृत वर्णन किया गया है। एक वेदी जो नाप मे सही नही है अमगलकारी मानी जाती थी। ऐसा विश्वास था कि एक दोषयुक्त वेदी, पूर्व दक्षिण, पश्चिम, उत्तर तथा मध्य मे हो तो वह क्रमश शहर पुजारी, रानी तथा सेनाप्रमुख राजा के लिए अमगलकारी होती थी। सभी जातियो की वेदी की नाप अलग–अलग थे। वेदी अपने नाप से बडी या छोटी होती थी तो यज्ञ कराने वाले की मृत्यु का कारण समझी जाती थी। वेदी चौकोर और सही नाप की होनी चाहिए।

98- यक्ष्येऽश्वमेघेन विजित्य घात्रीमित्येवमभ्युघमिनो नृपस्य BY 12

पुजारी - ब्राह्मण पुजारी का कार्य करते थे। पुजारियो की दो श्रेणिया थी होत्र, अधवर्यु। ब्राह्मणो का सभी यज्ञो मे निपुण होने का सन्दर्भ मिलता है। शाही पुजारियो के सम्बन्ध मे विद्वानो का मत है कि उन्हे कुशल, वक्ता, शारीरिक रूप से दोषमुक्त तथा अनुशासित होना चाहिए।[99] कर्तव्यो के सम्बन्ध मे योगयात्रा मे वर्णन मिलता है (I 6) जिसके अनुसारा मत्री के उच्चारण, धार्मिक रीतिरिवाजो से शरीर की शुद्धि, मणिक्धन, पापनाशक, सस्कार अग्निपूजा, व्रत, यज्ञो द्वारा शत्रुओ को कम करने मे सफलता प्राप्त कर सकता है।

कोई भी हिन्दू सस्कार पुजारी को दक्षिणा दिये बिना सम्पूर्ण नही हो सकता। ग्रहण के समय दान दक्षिणा पुण्य का काम माना जाता है अनेक अभिलेखो मे सूर्य ग्रहण और चन्द्रग्रहण के समय दान दक्षिणा का वर्णन किया गया है।

अन्त मे यह कहा जा सकता है कि यज्ञ सस्कारो का सम्बन्ध पौराणिक रीतिरिवाजो से है इन्हे अलग नही किया जा सकता है।

मूर्ति पूजा - मूर्ति स्थापना के पूर्व विविध प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान की रीति रिवाज से उनकी पूजा अर्चना की जाती थी। विभिन्न प्रकार की पवित्र सामग्रियों को मिलाकर तैयार किये गये जल से इसे प्रतिस्थापना के पहले स्नान कराया जाता था। भिन्न देवताओ की अलग–अलग व्यक्तियों को उचित माना गया है। भगवत विष्णु की मूर्ति की स्थापना मे, मग सूर्य की, राख लपेटे ब्राह्मण अर्थात् पाशुपत शिव की प्रतिस्थापना मे निपुण माने जाते थे। वराहमिहिर पवित्र मूर्ति स्थापना के लिए मगलवार के अतिरिक्त किसी और दिन माह मे शुक्ल पक्ष में करना चाहिए।

देवता यात्रा - इस सन्दर्भ मे सक्षिप्त विवरण मिलता है। यह एक प्रकार का धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमे किसी विशेष देवता या देवी को रथ ले जाया जाता था।

99- दक्ष प्रगल्भोऽविकलो विनीतस्तादृग्रविधस्तस्य पुरोहितोऽपि। BY 14

शान्ति - शान्ति ब्राह्मणो द्वारा पाप या सकट को रोकने के लिए किया गया सस्कार माना जाता था। उत्पल के अनुसार वर्णित किया है कि वैदिक मत्रो का उच्चारण इस तथ्य को सामने रखते हुए किया जाता था कि अशुभ गोचर पदार्थो से होने वाली दुर्घटनाओ को यह दूर करते थे। शान्ति यज्ञ तो पापो के परिणाम को रोकने के लिए किया जाता था। उत्तर आषाढ के तारामडल, उत्तर भाद्रपद, उत्तर फाल्गुनी और रोहणी शान्ति के लिए उचित समझे जाते थे।

कोटिहोम - कोटिहोम दैवी विपदा को रोकने के लिए किये जाते थे मत्स्यपुराण के अनुसार नवग्रहहोम का प्रकार है जबकि भविष्य योग मे इन्हे शान्ति सस्कार कहा है। अग्नि पुराण के अनुसार इसे शान्ति सस्कार कहा है। अग्नि पुराण के अनुसार यदि कोई राजा ब्राह्मणो के द्वारा कोटिहोम कराता है, तो उसके शत्रु युद्ध मे उसके सामने टिक नहीं सकते और उसके देश मे सकट या महायज्ञ नहीं हो सकता। वर्षा, सूखा, चूहा, तोता, राक्षस आदि से यज्ञो के माध्यम से रक्षा की मान्यता थी और जो कोटिहोम कराता है उसकी सभी इच्छाए पूर्ण होती है और वह सशरीर स्वर्ग जाता है।

अध्याय 5

राजनैतिक संगठन

5. राजनैतिक संगठन

बृहत्सहिता देश के प्रशासनिक तन्त्र के सम्बन्ध बहुत विस्तृत जानकारी नही देती है। इस सन्दर्भ जीवन के इस महत्वपूर्ण अग के विषय मे विस्तृत जानकारी न होते हुये भी इस का वर्णन करना अनिवार्य है। अत बृहत्सहिता के अतिरिक्त अन्य पुराणो और पुरातात्विक स्रोतो के आधार पर हम इस सम्बन्ध मे निम्नलिखित विवेचन करेगे।

शासन के इस विज्ञान को दण्डनीति[1] कहा जाता है तथा इसमे निपुण विदो को 'नीतिवृत्ति' तथा 'नीतिजन'[2] के नाम से सन्दर्भित किया गया है।

यद्यपि लोकतन्त्र से सन्दर्भित कुछ सदिग्ध जानकारी मिली है, इसके आधार पर इन लोगों को 'गण' 'सघ'[3] तथा इनके मुखियो को गणमुख्य, गणय तथ गणपति कहते थे (ganamukhya XV17, XVII24, ganp XXXII 18, ganapatı XVI 32) | यहॉ शासन की राजतन्त्र प्रणाली के सम्बन्ध मे निश्चित रूप से कुछ कहा नही जा सकता है यौधेय राजाओ के सन्दर्भ[4] मे यह विवरण प्राप्त होता है कि स्पष्ट रूप से लोकतन्त्रवादी लोग पर शासन की राजतन्त्रात्मक प्रणाली का प्रभाव था। राजा राज्य की आत्मा होता था। इस सम्बन्ध मे यह रूचिकर है कि हमारे कार्य मे विशेष रूप से राजाओ के सम्बन्ध काफी जानकारी वर्णित है। अन्त पुरचित्र अथवा 'शाही हरम' का उल्लेख 'सहिता' मे किया गया है। 'इन्द्रमहा' 'निराजन' पुष्यस्नान तथा पट्टा—लक्षण विशेष

1- XIX 11 for the term see HDS III pp 5-99

2- X 17, XVI 22 cf the tıtles lıke kamandakcıya nıtısara, Sukrat ıtısara, Nıtıtakyamrta, etc vıde also k p Jayaswal Hındu polıty p 6, A S Altekar, state and Government ın Ancıent India, p p 2-3

3- V76 refers to the great ganas (mahaganah and the sanghas of the Nısadas; Utpala ınvarıably, but wrongly, takes both these words to mean multıtude (samuha))

4- IX 11 cf the Bıjayagadh stone ınarrıtıon referrıng to the Maharaja Mahas senapatı of the Yaudhaeya-gana (CII III, X10, 58)

रूप से राजा से सम्बन्धित थे।[5] राजा के सम्बन्ध मे स्पष्ट रूप से यह महत्वपूर्ण वर्णन मिलता है कि प्रजा रूपी वृक्ष की समृद्धि, पोषण तथा क्षति के मूल राजा ही है। राजा से प्रजा के कल्याण की आशा की जाती थी तथा उनके कष्टो का कारण राजा के कुकर्म समझे जाते थे (III 15) उसे दूसरो के सामने अपने चरित्र को आदर्श रूप मे प्रस्तुत करना पडता था। इस प्रकार राजा जो कि सदव्यवहार से रहित, गर्म–मिजाज, द्रोही, कठोर तथा शत्रुता का निमित्त हो तिरस्कृत समझा जाता था और ऐसा विश्वास था कि वह अपने राज्य को बरबादी की ओर ले जायेगा। वराहमिहिर ने ब्राह्मण सम्प्रदाय के अनुसार धर्म–विरूद्ध तथा नास्तिको के मध्य तिरस्कृत राजा के गुणो का वर्णन किया है।[6] उसका जीवन चिन्ताओ से युक्त समझा जाता था तथा उसके पास खाली समय का अभाव रहता था। उसे अपनी भावनाओ को छिपाना पडता था तथा सदैव शत्रुओ से युद्ध के लिये तत्पर रहना पडता था। उसे राजकार्य सम्बन्धी बहुत से तथ्यो पर विचार करना पडता था, मत्रियो की सम्मति का अनुसरण करना पडता था सब पर सन्देहास्पद दृष्टि रखनी पडती थी। वास्तव मे उसका जीवन कष्टो से भरा था उसके जीवन को न केवल अपने शत्रुओ से खतरा रहता था अपितु उसे अपने मत्री,[7] पुत्री[8] रानी[9] से भी खतरा रहता था। वराहमिहिर दो ऐसी घटनाओ का उल्लेख किया है, जिसमे रानियो द्वारा अपने पति की हत्या का विवरण है।

राजा सभी शासकीय शक्तियो का केन्द्र होता था। प्रजा की उचित सुरक्षा और

5- chs 71-72 and 78 dealing with umbrellas Chowies and furniture ase also mainly intended fo the king The procedure worshipply Agastya is also particalarly described keeping the king in view (XII 13)

6- पाखण्डाना नास्तिकाना च भवन्त साध्यवाचाद प्रोज्झित क्रोधिशीत ईर्ष्यु क्रूरो विग्रहा सक्तचेता यास्मिन् राजा तस्य देशम्य नाश ।

7- III 32 , XVI 41 for some instances of kings killed by ministers see Harsa carita VI 5 Yasastilica campu.III, pp 431 32

8- XVI 41 for an instance of a king killed by his own son vide Arthasastra 1 20 15 17, for the necessity of kings protectise aguest the princes vide ibid, 1 17

9- XXIV 34 for several instances of kings killed by or through the stratagains of queens vide Arthasastra 1 20 15, 17 , kamandakiya nit sara , VII, 54-4 , Harshacarita VI Nitivaleyamsta XXIV 35 36
K K Handiqui, yasastilika and Indian culture, pp 104 5

उसे समृद्धि की ओर ले जाना राजा का प्रधान कर्तव्य था। प्रजा की भलाई के लिए तथा अशुभ घटनाओ से उसकी रक्षा के लिये राजा के द्वारा 'शान्ति' कराने की आशा की जाती थी। प्राचीन भारतीय राजनीति के लेखको द्वारा प्रजा में भय उत्पन्न करने के लिय राजा उन्हे सजा भी देता था उग्र (IV.11) । प्राचीन भारतीय राजाओ की तीव्र आकाक्षा सभी राजाओ के बीच श्रेष्ठता प्राप्त करने की होती थी। (LXIII.1) तथा विश्व के श्रेष्ठ अथवा 'चक्रवर्तिन' का स्तर प्राप्त करने की रहती थी। (CIV13) इसके अतिरिक्त सम्पूर्ण पृथ्वी पर आधिपत्य स्थापित करना (सार्वभौम X 1 58 ; सकलवानिनाथ LXVIIII 8)। इस प्रकार जो राजा अगस्त्य की पूजा करता था उस उचित रीति से सम्पूर्ण पृथ्वी का राजाधिराज समझा जाता था तथा अपने शत्रुओ पर विजयी माना जाता था (XII 17)। इसी रीति के अनुसार 'इन्द्रमहा' के अवसर पर किये जाने वाले 'होम' पवित्र चिन्हो तथा यज्ञ की अग्नि से युक्त राजा के द्वारा सम्पूर्ण पृथ्वी, समुद्र, नदियो तथा पर्वतो पर आधिपत्य समझा जाता था। मडल सिद्धान्त राजा की विजय की इच्छा के ऊपर आधारित होता था। नियुक्त करने वाले तीन लोगो के विषय मे हमारे लेखक ने निम्न नाम वर्णित किये है –

विजिगिषु (XV.16; XVI.38), अकरन्दर (XVI.7; XVII 6,7,8 BCIII.61) अकरान्दसार (XXXI.22) राजधानी की रक्षा करने वाले राजा के 'नगर' या पौर कहा जाता था।[10] वराहमिहिर ने राजा के सम्बन्ध मे एक रूचिकर वर्गीकरण दिया है, जो कि उनके एक दूसरे से सम्बन्धो पर आधारित था। बढते हुये क्रम के आधार पर उनके नाम इस प्रकार थे। मण्डलिका[11] अन्तराजित समस्तर्याथिनी जैसा कि हम ऊपर देख चुके है धार्मिक रीति जिसे 'पुण्य स्नान'[12] कहा जाता था, के अवसर पर अपने सम्मानीय स्तर के आधार पर राज्यों मे शासन करते थे।

10- Nagara - XVII 8, XXXIV 22, XXXVI 2, paura - XVII 6-8, 14, XVIII 3, pura bhibhrt XVIII 6

11- IV 15, XLII 36 XLVII 47, LXVIII.23,

12- XLVII 47 for bhodrasana see sapra pp 253-4

प्रत्यान्तिक राजा के सम्बन्ध मे भी विवरण मिलता है।[13] कुछ पूर्व काल के महान राजतन्त्र प्रणाली 'राजन' के शीर्षक पर आधारित थी जैसे शुग–मौर्य तथा सातवाहन। परन्तु गुप्तों ने इस प्रथा को अस्वीकार करके उत्तर भारत के विदेशी शासको द्वारा प्रचलित प्रभावकारी शीर्षक को स्वीकार किया। इसके पश्चात 'महाराजाधिराज' जिसको कि शीर्षक 'महाराज' राजाधिराज से लिया गया कुछ इण्डोग्रीक सीथियन, पार्थियन तथा कुषाण शासको द्वारा स्वीकृत किया गया। जहॉ तक उत्तर भारत का सम्बन्ध है यह सर्वश्रेष्ठ राजतन्त्र प्रणाली के रूप मे प्रसिद्ध हुयी, 'राजन' तथा 'महाराज' शीर्षक को जागीदारो द्वारा बहिष्कृत किया गया। इस तथ्य के प्रमाण स्वरूप हमारे लेखक ने अवन्ति के शासक द्रववर्धन का उल्लेख किया है जिन्हे 'महाराजाधिराजक' कहा गया।[14]

छोटा छाता तथा ध्वज शाही चिन्ह माने जाते थे। राजा के उत्तरदायित्वो के निर्वहन के लिये बहुत बडी संख्या में अधिकारी नियुक्त किये जाते थे। पट्टा, घर, साजसामग्री, छाते, तथा असबाब आदि से सम्बन्धित कार्यो के लिये राज्य के कुछ उच्च पदो का वर्णन भी मिलता है।[15] राजा के पश्चात उतरते हुये क्रम मे उनका वर्णन इस प्रकार है–मुख्य रानी।, युवराज, सेनापति तथा दड नायक। कभी–कभी रानी का शासन मे बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता था उदाहरणत वराहमिहिर ने वाकाटक रानी प्रभावती गुप्ता का उल्लेख किया है। भाष्यकारों ने राज्य के मनोरंजन मे युवराज की भूमिका का वर्णन किया है।[16] कुछ वैशाली मुहरो से यह जानकारी प्राप्त होती है कि युवराज की ऊची स्थिति उसके अपने 'कुमारमय' तथा सेना के अधिकारी के होने से दर्शाती है। सेनापति की उच्च श्रेणी बालमुख्या, बालनायक,

---

13- LXVII 23, utpala is wrong in taxing pratyantika as the king of the cave dwellers (gahvara vasinam adhipatin) cf the Allahabad pillar inscription which state that samudragupta made fice pratyanta-mpatis his tributaries vide CII III p 8, 11, 22-3

14- LXXX V2 see supra, p 39

15- for these items see supra pp 229-30, 372 ff, 235-6, 251-2

16- युवराज = ऋद्ध–राज्य–भाग राज, XXX 19,
युवराज = ऋद्ध भोगी राजा, XXXIV 10, युवराज प्रसिद्ध = ऋद्ध – राज्य माक, LXXII 4

बालापति तथा सेनापति के नाम से भी विख्यात थी। निस्सन्देह दडनायक की महत्वपूर्णता युद्धो के लगातार होने के कारण आवश्यक थी। इस विवरण से सम्बन्धित 'सेनापति' तथा दडनायक की मुहर भीटा[17] से प्राप्त हुयी है। तत्कालीन अभिलेखो मे भी इन शासकीय पदो का वर्णन 'महाबालाधिकृत' तथा दडनायक की उपाधि के रूप मे है।

मत्रियो की सभा परिषद का भी सम्मानीय स्तर था। मत्रियो को मत्री 'सचिव' नृपमात्य तथा 'महामात्य' कहे जाने के कई सन्दर्भ मिलते है। राजा को मत्रियो की सलाह से कार्य करना पडता है। पुरोहित तथा शाही पादरी का राज्य के कार्यों मे महत्वपूर्ण स्थान था। उसका प्रधान कर्तव्य धार्मिक रीति के अनुसार काम करना था। वह 'इन्द्रमहा' निरंजन तथा 'पुष्यस्नान' जैसे धार्मिक सस्कारो को शुभ अवसर पर राजा के लिये कराते थे। जैसा कि पूर्व कालीन विवरण मे सोमवातसार' नामक ज्योतिष प्राचीन भारत के सिनकोनिन राज्य का था।

इसके अतिरिक्त राज्य के अन्य उच्च सार्वजनिक अधिकारियो मे विभिन्न विभागो के अध्यक्ष (LII 9) सरकारी कारखानो का निरीक्षक अथवा 'कर्मान्ताध्यक्ष' (LII 9) कोष अथवा शाही कोष का निरीक्षक, विभिन्न कार्यालयो के अधिकारी (Adhıkaranika XXXVIII 2) तथा अन्य अधिकारी (अधिकृत LII.9, राजाधिकृत X.16, राजपुरूष LII 14; XCIV.20, प्रवतराज पुरूष LII.8, राज मतृ X.18, राजोपसेविन XXXVIII 3; नृपअनुचर XIX3 नृप सेवक C.6) आदि का भी विवरण मिलता है। राजदूत (Duta) तथा चर[18] विदेशी कार्यालयो से सम्बन्धित थे। आरक्षक (XVI.19) प्राय· पुलिस अधिकारी होता था, तथा कायस्थ (LXXXVI 12) राजा के राजस्व विभाग का लिपिक होता था।

17- ASI, AR 1911-12, Nos 31, 44-51 pp 52 55,

18- X, 10, XVI, 18, LXXXV 33, 34, LXXXIX 4, XCV 2 for details about spies see Artha, Sastra, I 11-4, Manu, VII 122 184, kamandaka XII.26-31

सेनापति तथा दडनायक के अतिरिक्त सेना के दो और अधिकारियो का विवरण मिलता है। नायक (XXXV.7), राजाध्यक्ष (LXXXV34,) जो कि गज सेना का मुख्य अधिकारी होता था।

प्राचीन भारतीय राजनीति के लेखको ने युद्ध के कारण किले की महत्वता का वर्णन विशेष रूप से किया है। वराहमिहिर ने तीन प्रकार के किलो का उल्लेख किया है–गिरिदुर्ग (XVI 617) सलिलदुर्ग (XVI.6) तथा आटविकदुर्ग (XVI 12)। सेना के पारम्परिक सप्तागो मे से तीन अंगो का वर्णन वराहमिहिर ने किया है उदा० पैदल सेना, अश्वारोही तथा गजसेना। सेना शिविर स्कन्धावार निवेश (XCIV45) का भी विवरण मिलता है। इन शिविरो के लिये राख, हड्डी, बालू, बाल, जानवरो, चूहे के बिलो से मुक्त भूमि उपयुक्त होती है।

सैन्य अभियानो के लिये वर्षा ऋतु के बाद का समय उपयुक्त माना जाता था। सेना का नेतृत्व स्वय राजा करता था। हमे सुसज्जित सेना के सन्दर्भ मे भी जानकारी मिलती है। वराहमिहिर ने युद्ध से सम्बन्धित हथियारो का भी उल्लेख किया है (XLV19)। उनके अनुसार प्रहारन की चमक क्रूर युद्ध के भविष्य बताती है। आयुध के सम्बन्ध मे भी यही कथन मिलता है। प्रहारन तथा आयुध साधारणत एक दूसरे के पर्याय है। उत्पल ने हथियारो की कई प्रकारो का वर्णन किया है तथा आयुध के तीन प्रकारो का वर्णन किया है। तलवार, पाणिमुक्त, हाथो द्वारा फेकने वाला पहियो तथा यांत्रमुक्त निश्चित दिशा में फेकने वाले उदा० पत्थर तीर तथा भाले आदि। अत स्पष्ट होता है कि सामान्य रूप से हथियारो को आयुध कहते थे और प्रहारन एक प्रकार है।

तलवार- ब्रहत्संहिता के खडग लक्षण भाग मे खडग के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी मिलती है। 50 अगुल लम्बी तलवार अच्छी समझी जाती थी तथा छोंटी 25 अंगुल माप की। सामान्य नियम के अनुसार यदि तलवार मे कोई दोष हो तो वह अपशकुन

अध्याय 6

साहित्य एवं कला

6. साहित्य एवं कला

साहित्य - वराहमिहिर एक विश्व ज्ञान दर्शक लेखक तथा अपने समकालीन लेखको मे से न केवल खगोल शास्त्र तथा ज्योतिष शास्त्र मे अपितु अन्य विभिन्न विषयो मे भी स्वाभाविक रूप से मुख्य माने जाते थे। उनके समान विद्वान भट्टोपाल ने दृढतापूर्वक उन्हे 'सम्पूर्ण ज्योतिष शास्त्र का सम्पादक' माना है। (IX 7)।

वराहमिहिर बतातें है कि खगोल शास्त्र तथा ज्योतिष शास्त्र को आगम पर आधारित विज्ञान माना है। क्या प्राचीन लेखको की धारणाओ मे कुछ भिन्नता होनी चाहिए? अल मित्रा शास्त्री के अनुसार यहा पर केवल उनके अपने विचार व्यक्त करना तर्क सगत नहीं है, पर वह यहां पर इस सम्बन्ध मे मुख्य विचार व्यक्त करने की चेष्टा करेगे। इसका परिणाम अति उत्तम है और उनका बहुमूल्य सूचनाओ का खजाना है उनका कार्य तथ्य की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना है तथा हमारे ज्ञान का मुख्य साधन है। इस विषय से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी नीचे दी जा रही है।

1- ज्योतिष - हमारे लेखक ने ज्योतिष विज्ञान को तीन स्कन्धो मे विभाजित किया गया है। इसकी सर्वप्रथम शाखा को तन्त्र कहा गया जिसमे सूर्य चन्द्र तथा नक्षत्रों इत्यादि गणना की गयी है। दूसरी शाखा को होरा कहा गया है, जिसमें कुडली अथा कुडली बनाने का वर्णन किया गया है। अन्त मे प्राकृतिक ज्योतिष जिसे अंगविनिश्चय अथवा शाखा कहा गया, जिसमे सम्पूर्ण ज्योतिष के पाठयक्रम का वर्णन किया गया है। तथा ज्योतिष के पाठ्यक्रम का वर्णन किया गया है तथा 'सहिता' नाम दिया गया है।[1]

1- ज्योतिषमागशास्त्र विप्रतिपत्तौ न योग्यमस्माकम्।
स्वमेमेव विकल्पयितु किन्तु बहूना मत वक्ष्ये IIIX 7
ज्योति शास्त्रमनेकभेद विषय स्कन्धत्रयाधिष्ठित
तकात्स्न्योंपनयस्य नाम मुनिभि सकीत्यते सहिता।
स्कन्धेऽमिन गणितेन या ग्रहगतिस्तत्रामिधानस्त्वसौ
होरान्योडङ्गविनिश्चयश्च कथित स्कन्धस्तृतीयोऽपर II 1 9

'सहिता' शब्द सम्पूर्ण समझने योग्य ज्ञान का अर्थ सूचित करता है। उत्पल ने गर्ग के एक श्लोक का वर्णन किया है जो इसके विस्तृत ज्ञान को बताता है। इस प्रकार जो ज्योतिष के तीनो विभागो शक्ति, जातक तथा शाखा का जानता है वह सहिता मे निपुण समझाा जाता था[2] अल्बेरूनी (I 57) के अनुसार सहिता का अर्थ है जिसमे सब कुछ एकत्रित हो तथा किताब जिसमे सबका कुछ अश हो। उसने इस शब्द का विस्तृत अर्थ समचित किया है। लेकिन बहुत से ऐस अवतरण है जिनमे ज्योतिष की तीसरी शाखा का सक्षिप्त अर्थ दिया गया इसके पर्याय अग शाखा अथवा फलग्रन्थ है।[3] इस प्रकार वराहमिहिर बताते है कि वास्तविक रूप से ज्योतिषी वह है जो मूलग्रन्थ तथा गणितीय खगोल शास्त्र, प्राकृतिक, ज्योतिष, कुडली पर किये गये कार्य का अर्थ भलीभाति जानता हो।[4] तथा भाष्यकार ने संहिता को फलग्रन्थ के रूप मे वर्णित किया है। एक दूसरे स्थान पर यह कहा गया है कि वट व्यक्ति जिसे स्वाभाविक ज्योतिष का सम्पूर्ण ज्ञान ही सफल भविष्यवक्ता हो सकता है। इन्होंने उस राजा को सलाह दी है जो कि विजय का इच्छुक है कि वह उस ज्योतिषी का सम्मान करे और सेवा करे जिसे कुडली शास्त्र, खगोल शास्त्र तथा प्राकृतिक ज्योतिष षास्त्र का सम्पूर्ण ज्ञान हो। वराहमिहिर के प्राकृतिक शास्त्र पर किये गये कार्यो को समहित कहा जाता है और ऐसा ही उन्होने (PS, XV 10) मे कहा है। इस प्रकार उन्होने कहा है 'सहिता के प्रारम्भिक राहु के चक्र के पाठ मे मैने पूरी तरह समझाया है कि राहु के अलावा क्या चन्द्र या सूर्य ग्रहण कारण होता है। यह मुख्यत B.5 के पाचवे पाठ से लिया गया है। इस प्रकार सहिता के दो अर्थ है। विस्तृत रूप में यह शब्द सम्पूर्ण रूप से ज्योतिष विज्ञान को दर्शाता है, जिसे अन्यथा ज्योतिष सग्रह कहा जाता है।[5] जबकि यह सीमित शब्दो मे प्राकृतिक ज्योतिष शास्त्र को दर्शाता है। जैसा कि हम देख चुके है कि वरामिहिर ने इस शब्द को विस्तृत रूप से परिभाषि यिा है परन्तु अक्सर इसे

2- गणित जातक शाखा यो वेत्ति द्विजपुगव ।
त्रिस्कन्धज्ञो विनिर्दिष्ट सहितापारगश्च स ।।

3- Aniga is use fo the third branch in B s, I 8, BY II 9

4- यस्तु सम्यग्विजानाति होरागणितसहिता।
अभ्यर्च्य स नरेन्द्रेण स्वीकर्तव्यो ज्योषिणा।। II 19

5- स्कनधैस्त्रिभिर्ज्योतिषसग्रहोऽय मया कृतो दैवविदा हिताय।। BJ XXVII 6

सकीर्ण रूप मे लागू किया गया।

पूर्णता प्रकट या अर्द्ध प्रकट सिद्धान्तो की सख्या है पारम्परिक रूप से 18 है।[6] किन्तु हमारे लेखन को मात्र 5 के सम्बन्ध मे ज्ञान था। क्रमश पौलिस, रोमक, वशिष्ठ और पितामह[7]। इनमें से प्रथम दो के बारे मे लाटदेव[8] के द्वारा बताया गया है जो कि आर्यभट्ट के शिष्य थे।[9] हमारे लेखक ने स्पष्ट किया है कि 'सिद्धान्त' जो कि पौलिस से बना है सटीक है, जो रोमक से बना है। उसके समीप है, और सवित् सिद्धान्त और भी अधिक सटीक है जबकि शेष दो वसिष्ठ और पैतामह सत्य से अत्यधिक दूर है। इन्होने प्रत्येक सिद्धान्त को उनके मूल्य के अनुसार अलग–अलग स्थान प्रदान किया है। सिद्धान्त हिन्दू खगोल शास्त्रीय प्रथा के विकास को दर्शाता है। वराहमिहिर के अनुसार पैतामह वेदाग ज्योतिष के निकटतम है जो कि खगोल शास्त्र प्राथमिक कार्य है जो कि भारत ने हमे प्रदान किया है तथा भारतीय खगोल शास्त्र की प्राथमिकता स्थिति को दर्शाता है। वसिष्ठ शास्त्र की प्राथमिक स्थिति को दर्शाता है वसिष्ठ सिद्धान्त प्रत्यक्ष तथा तुलनात्मक रूप से अधिक विकसित है तथा प्राथमिक प्राय वैज्ञानिक खगोलिय कार्यो परवर्ती खगोलिय प्रथाओ के बीच की स्थिति है। पौलिस और रोमक प्राय· ग्रीक खगोशास्त्र के भारत मे प्रचार के लिये उत्तरदायी है। 'सौर' प्रारम्भिक भारतीय वैज्ञानिक खगोलिशास्त्र का सर्वश्रेष्ठ लेख है।

पौलिस, रोमक, वसिष्ठ, सौर, पितामह इन पाचो सिद्धान्त में सम्बन्धी युग, वर्ष

6- सूर्य पितामहो व्यासो वसिष्ठोऽत्रि पराशर ।
कश्ययो नारदो गर्गो मरीचिर्मुनिरगिरा ।।
लोमश पौलिशश्चैव च्यवनो यवनो मृगु ।
शौनकोऽश्टादशाश्चैते ज्योति शास्त्रप्रवर्तक ।।
(quoted in sudhakara Dvidedi Gunak Tarangini, P I)

7- तत्र ग्रहगणिते पौलिशरोमकवसिष्ठसौरपैतामहेषु पचस्वेतेषु
सिद्धान्तेषु BS, II, P 22
पौलिश–रोमक–वसिष्ठ–सौर–पैतामहाश्चपच सिद्धान्त PS, I 3a

8- पचभ्यो द्वावाद्यौ व्याख्यातौ लाटदेवेन। PS, I 3b

9- Bhaskara I in his comm on Aryabhatiya,
Kalakriya, verse 10, observes
एतद्–एव–आर्यभट्स्य शास्त्र–व्याख्यान–समय
पाण्डुरगस्वामी–लाटदेव–नि शकु प्रभ्रतिम्य प्रोवाच,
Cf P C Sengupta, khandakhadyaka, Engl Tr, Introd, P XIX

अमन, ऋतु, मास, पक्ष, अहोरात्र प्रहर, महुर्त, नदी, प्राण, त्रुटि, त्रुटि के काल विभाग, आदि, सौर सावन, नक्षत्र और चान्द्रमास, अधिमास तथा क्षयमास, साठ वर्ष के जोवियम चक्र का प्रारम्भ और अन्त, सूर्यादि ग्रहो की शीघ्रगति मन्दगति दक्षिणगति उत्तरगति, सूर्य और चन्द्रमा के ग्रहण मे स्पर्श और मोक्षकाल, ग्रहण की स्थिति, विभर्द वर्ण और देश, गृहयुति, गृहस्थिति, ग्रहो की योजनात्मक कक्षाए, पृथ्वी नक्षत्र आदि का भ्रमण अक्षाश लम्वाश द्युण्या, चरणखण्डकाल, राशियो का उदयभान एव छायागणित आदि विभिन्न विषयो का सयुक्त रूप से वर्णन किया गया है। इसे पश्चात कुण्डली का उल्लेख किया गया है। इसमे निम्नलिखित बिन्दुओ का समावेश किया है। राशियो का बलवान और निर्बल होना, होरा चक्र, द्रेष्काण चक्र, नवमाश, द्वादशाश, सातोग्रहो का स्थान उसके अनुसार उनकी शक्ति का वर्णन, ग्रहो के रंग, स्वभाव धातु, द्रव्य, जाति, चेष्टा आदि से सम्बन्धित ग्रहो का विभाग, जन्म का समय, अकस्मात मृत्यु जीवन की अवधि, शकुन और इसके परिवर्तनो का वर्णन है। सूर्यादि ग्रहो की चाल, उनका स्वाभाव विकार, उदय अस्त, मार्ग–पृथक मार्ग, वक्र, अग्नवक्र नक्षत्र विचार तथा उनका फल, अगस्त्य की चाल सप्तऋषियो की चाल, इन सबका प्रभाव, पुरुष लक्षण एव साधारण, असाधारण सभी प्रकार के शकुन का इसमे उल्लेख किया गया है। इसके अतिरिक्त विवाह एवं अन्य सस्कारो के शुभ समय की गणना का भी विवरण मिलता है।

वर्तमान मे वराहमिहिर के पूर्व कालीन प्रचलित ग्रन्थों में जातक और विवाह पटल भी उपलब्ध है। दोनों होरा के अन्तर्गत आते है।

ब्रहज्जातक मे वराहमिहिर ने कई परिभाषिक शब्द तथा अपने समय के लेखकों उल्लेख किया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उस समय भी बहुत बडी सख्या मे इस विषय से सम्बन्धित कार्य हुआ है। उत्पल के अनुसार लग्न निकालने की प्रक्रिया द्वारा प्रतिस्थापना सस्कार, यात्रा, विवाह और इस तरह के अन्य कार्यो मे शुभ और

अशुभ फल देने वालो ग्रह तथा नक्षत्रो की स्थिति का वर्णन होरा मे किया गया है।[10] परन्तु यह परिभाषा हमारे लेखक के समय सर्वमान्य नहीं थी जबकि होरा शास्त्र मे विवाह को भी सयुक्त किया गया। उन्होने 'यात्रा' को पृथक रूप से निर्देशित किया है। इस प्रकार 'सहिता' का प्रभुत्व यात्रा पर माना जा सकता था। अपने कथन की पुष्टि कुछ निश्चित बिन्दुओ द्वारा कर सकते है, जिसके अनुसार अग्नि के भावी लक्षण, हाथी और घोडे से शकुन बताना, विजय और शकुन के लिये स्नान तथा प्रतिष्ठा करना इन का विवरण 'यात्रा' और 'सहिता' दोनो मे किया गया है।

'यात्रा' के अन्तर्गत शुभ–अशुभ, तिथि साप्ताहिक दिन, करण, मुहुर्त, कुडली, ताारामडल अग फडकना, स्वप्न, विजय के लिये स्नान, ग्रह के लिये यज्ञ, हाथी और घोडो के सकेत, अच्छा या बुरा भविष्य बताना, सेना के लिये भूमि, अग्नि का रग और उपयोग परिस्थितियों के अनुसार, मत्रियो दूतो तथा आटविको का वर्णन आता है।

प्राकृतिक ज्योतिष विज्ञान जैसे सहिता, शाखा अग और फल ग्रन्थ मे निम्नलिखित विषयो का वर्णन है सूर्य तथा अन्य ग्रहो की गति, इनके प्राकृतिक अप्राकृतिक लक्षण, रग, उदय तथा अस्त, उनक मार्ग तथा उसका वक्र होना तारो और नक्षत्रो का योग आदि का विस्तृत उल्लेख किया गया है।

इसके अतिरिक्त ग्रहो की अध्यक्षता वाले वर्षो पर उनका प्रभाव, बादलो के गर्भाधान के लक्षण, चन्द्रमा का रोहिणी, स्वाति, पूर्वआषाढ तथा उत्तर आषाढ से योग, शीघ्र वर्षा के सम्बन्ध मे भविष्यवाणी, फूलों और लताओ की उत्पत्ति से शकुन, कृत्रिम सूर्य, आभामडल, सूर्योदय अथवा सूर्यास्त के समय सूर्य को ढकने वाले बादलों की कतार वायु धूमकेतु, दिकदाह, भूकम्प, गन्धर्वनगर राशि के आधार पर सूर्य की गति के अनुसार मूल्यो मे उतार चढाव, फसलों की उत्पत्ति के लिये शकुन, इन्द्र का ध्वज,

---

10- प्रतिष्ठा–यात्रा–विवाह–आदिनाम् लग्न'–ग्रह–वशेन च
शुभ–अशुभ–फलम् जगती यया निश्चयत सा होरा,
utpala on 1, 9

इन्द्रधनुष वास्तुविद, हस्तविद्या, कौओ से शकुन, अर्न्तचक्र वाताकार, मन्दिर शिल्प, मूर्ति–शिल्प, प्रतिभा–लक्षण प्रतिभा प्रतिस्थापना, शकुन तथा अपशकुन का कम करना मिश्रित, तत्व, मुर्गे, कछुवे, गाय, बकरी, घोडे हाथी तथा स्त्री व पुरूष के चिन्ह इन सबका साधारण मनुष्य तथा राजा के जीवन मे इन सबके प्रभाव का वर्णन मे इन ग्रन्थो मे किया गया है।[11]

सहिता को दो वर्गो मे विभाजित किया गया है अग तथा उपांग (Cf 11 6 इससे अगोपाङ्ग शब्द मिलता है)। गर्ग के अनुसार भाष्यकारो ने अग के अन्तर्गत, नक्षत्र, तारो तथा राशि के 12 चिन्हो को इसमे वर्णित किया है।[12] इसके अतिरिक्त शेष का वर्णन 'उपयोग' मे किया गया है। इस प्रकार पशु, स्त्री तथा पुरूष के चिन्ह, स्त्रियो पर इसका प्रभाव, मणियो का निरीक्षण, प्रकाश का प्रतीक दन्त खोदन, पहिये, तलवार, छाता, काच आसान आदि को सास्कृतिक इतिहास मे इनकी कीमत वर्ग के अनुसार की गयी है। इस प्रकार हम कह सकते है कि ज्योतिष ग्रन्थों मे हर क्षेत्र को अत्यन्त विस्तृत रूप मे वर्णित किया है। इस वर्ग के पूर्वकालीन कार्यो मे तथा पौराणिक चरित्रो के द्वारा हमे कुछ जानकारी प्राप्त हुयी है। हमे विश्वास है कि वराहमिहिर हमारे सम्बन्धित प्रश्न, उनके उत्तर, कथाये तथा नक्षत्रो के उदभव आदि को स्वीकृति देंगे जिनका कि किसी विज्ञान मे स्थान नहीं है। इन बिन्दुओ पर व्याख्या करते समय उत्पल ने गर्ग तथा पराशर को उदधृत करते हुए नक्षत्रों के उदभव का पुराणो तथा धार्मिक अभिप्राय द्वारा विस्तृत रूप से वर्णित किया है। गर्ग तथा कश्यप को उद्घृत करते हुये उत्पल ने इन ग्रहण के प्रभाव का वर्णन किया है। (Vol 84 85) में चन्द्रमा के मण्डल के उत्तरी अथवा दक्षिणी किनारे पर ग्रहण के अन्त मे होने वाले परिणामों का

11- BS, 11, pp 13-4

12- तथा च भगवान् गर्ग

अधिकृत्य ग्रहर्थादि जगतोयेन निश्चय ।

तदङ्गमुत्तम विन्धादुपाङ्ग शेषमुच्यते इति ।।

cf utpala——— तथोपाङ्गानि तत्रैव पठितानि् पुरूषलक्षणस्त्रीलक्षणवस्त्रो पानच्छेदरत्नलक्षणदीपदन्तका ठलक्षणादीनि। एतदुक्त भवति। ग्रहनक्षत्र– राशिनाश्रित्य यदुक्त तान्यङ्गानि परिशिष्टान्युपाङ्गानि इति।

वर्णन किया है। (V 84-85) उत्पल का कथन है कि गणितीय ज्योतिष के नियमो इसके विरूद्ध है वराहमिहिर ने यहा पर प्राचीन लेखको के विचार की पुन उत्पत्ति करते हुये कश्यप को उद्घृत किया है।[13] इसी प्रकार का कथन भाष्यकारों ने V 89-90 दिया है, जिन ग्रहणो के रूकावट के परिणाम का वर्णन किया है, जिन्हे मध्यविदर्शन तथा अन्त्यविदर्णन कहा जाता था।[14] यह कहा गया है (VII 21)? कि जब बुद्ध, श्रावण, घनिष्ठ रोहिणी, मार्गशीर्ष तथा उत्तरआषाढ द्वारा प्रवेश करता है इनमे से किसी कि द्वारा काटा जाता है तो वह वर्षा के अभाव तथा महामारी का कारण होता है।[15]

अब हम क्रमबद्ध तरीके से ब्रहत्सहिता मे सन्दर्भित लेखको एव उनके कार्यो को प्रस्तुत करेगे तथा जो भी थोडी बहुत जानकारी हम विभिन्न स्रोतो से एकत्र कर चुके है वह भी प्रस्तुत करेगे।

1- अत्रि - Ch XLV के अनुसार 'उत्पात' 'UTPATAS' अशुभ घटनाओ का सक्षिप्त वर्णन है।[16₁] गर्ग ने इसकी व्याख्या 'अत्रि' के रूप मे की है। इन्होने दो तर्क प्रस्तुत किये है गर्ग द्वारा प्रवीण व्यक्ति माने गये अत्रि ने 'उत्पात' पर काम किया है अथवा गर्ग ने अत्रि स निर्देश प्राप्त किया है। उनका 'यात्रा' में प्रवीणता के रूप में भी वर्णन है। (By XXIX)

2- असिता - (XI 1) 'केतुकार[16₂] के लेखक के रूप मे उनका नाम है। भाष्यकारों के अनुसार (XXI 2) असिता ने बादल के गार्भाधान (गर्भ–लक्षण) के बारे मे भी वर्णन किया है। XIX 1[17] मे इन्हे देवल और कश्यप के साथ इन्हे अग्नि के चिन्हो के सम्बन्ध मे सन्दर्भित किया गया है।

13- एतोदौत्पातिकम् यतो गणितगोलवासनया
दक्षिणोत्तरयोर्द्विशोर्ग्रासमोक्षौ न भवत ।
कदाचिदपि आचार्येण पूर्वशास्त्रानुसोणोक्तम्।

14- एतदत्यौत्पातिकम्। यतो गणितगोलविरूद्धम।

15- विचरन् श्रवणघनिष्ठाप्राजापत्येन्दुवैश्वदेवानि।
मृदनम् हिमकरतनय करोत्यवृष्टि सरोगमयाम् IIVII 2

16₁- यानत्रेरूत्पातान् गर्ग प्रोवाच तानह वक्ष्ये। XLVI

16₂- गार्गीय शिखिचार पाराशरमसितदेवलकृत च। X I

17- श्लोकाश्चासित–देवल कश्यपमुनिचोदितान् वक्ष्ये। BY, XIX 1

3- बाद्ररायण (XXXIX.1)- बाद्ररायण ने सूर्य का वृश्चिक तथा वृष राशि मे प्रवेश के समय होने वाली ग्रीष्म बसन्त कालीन फसलो की उत्पत्ति के लिये अच्छे और बुरे 'योगो' को बताया है जो कि इस सम्बन्ध मे प्रवीण मान जाते है।[18] 'उत्पल' के अनुसार (XXI 2) बाद्ररायण 'गर्भ लक्षण' के भी विशेषज्ञ माने गये है। उत्पल ने अपने भाष्य मे विभिन्न स्थानो पर बाद्ररायण को सन्दर्भित किया है। (YYIX) VI 2 तथा XI 5 ।[19]

बलदेव (LII.125) - वराहमिहिर ने वर्षा ऋतु के सम्बन्ध में बलदेव के विचारो पर परामर्श लिया है।[20]

भागुरी (XLVII.2) - ऐसा प्रतीत होता है कि भागुरी ने वृद्ध गर्ग से पुष्य–शान्ति सीखी है XLVII 2 ।[21] उन्हे शकुन के लेखक के रूप म भी सन्दर्भित किया गया है। (LXXXV 1) ।

भारद्वाज (LXXXV.2) - शकुन के प्राचीन लेखको मे इनका नाम वर्णित है। अवन्तिके राजा महाराजाधिराज द्रव्यवर्धन के सम्बन्ध मे कहा जाता है कि इनके निबन्ध मुख्यत भरद्वाज के निबन्धो पर आधारित है। भाष्यकारों ने घर के दरवाजे की स्थिति के सम्बन्ध मे एक अनुष्टुभ छन्द का उद्धरण दिया है। (LII 75-76)

भृगु - (LXXXV.43) - भृगु के अनुसार चाष पक्षी तथा उदविलाव का दाये से बाये उडना दोपहर मे यात्रा के लिये शुभ है।[22]

ब्रहद्रथ (LX.1) - यह कहा जाता है कि पराशर द्वारा दिये गये 'गो लक्षण' से सम्बन्धित ज्ञान को सक्षिप्त रूप मे वर्णित किया है।

18- वृश्चिकवृ प्रवेशे भानोर्ये बादरायणेनोवत्ता।
ग्रीष्मशरत्सास्थाना सदसद्योगा कृतास्त इमे।। XXXIX 1

19- JBBRAS, 1948-49, P 5

२० मेघोद्भव प्रथममेव मया प्रविष्ट ज्येष्ठामतीत्य
बलदेवमतादि दृष्ट्वा। LIII 125

21- या व्याख्याता शान्ति स्वयम्भुवा सुरगुरोर्महेन्द्रार्थे।
ता प्राप्य वृद्धगर्ग प्राह यथा भागुरे. शृणुत ।। XLVII 2

22- चाष सनकुलो वामो भृगुराहापराहणत । LXXXV 436

ब्रहस्पति (XXIV.2) - यह कहा जाता है कि बृहस्पति ने चन्द्रमा का रोहिणी के साथ योग तथा वर्षा एव फसलो की उत्पत्ति के सम्बन्धों मे नारद को ज्ञान दिया।

देवल- यह बताया गया है कि देवल के अनुसार रिज्वी, अतिवक्र, वक्र एव विकल की गति का प्रभाव बुद्ध पर क्रमश 30, 24, 12 तथा 6 दिन तक रहता है[23] और उत्पल वास्तव मे 5 अनुष्टुभ अवतरण इनसे उदघृत करते है।

द्रव्यवर्धन (LXXXV.2) - यह बताया जाता है कि शकुन मे वराहमिहिर ने महाराजाधिराज का, द्रव्यवर्धन, अवन्ति के राजा के कार्य जो कि भरद्वाज के साथ विचार–विमर्श करने के बाद प्रस्तुत किये थे, पर विचार किया।[24] इस समय अवन्ति दोनो ही जगहो पश्चिमी मालवा तथा पौराणिक राजधानी उज्जयिनी के लिये प्रयुक्त किया जाता है।

गर्ग- गर्ग के अलावा अन्य किसी भी प्रवीण मनुष्य का ब्रहत्सहिता मे इतना अधिक उल्लेख नही है। XI 1 'सिखीपारा' का उल्लेख है। तथा उत्पल ने अनेक पद्य इनसे उद्घृत किये है, जिनमे से एक के अनुसार केतु (XI 15) का स्थान 1000 है। XXI 2 के अनुसार बादलो का गर्भाधान गर्ग पर आधारित है।

कपिस्थला - शकुन के लेखक ऋषम के द्वारा अनुसृत किया गया। (LXXXV 1)

कश्यप - कश्यप का नाम गर्ग, पाराशर, वज्र तथा अन्य लेखको के साथ वर्षा के लेखक के रूप मे लिया जाता है। (XXIV 2) के अनुसार इन्होने चन्द्रमा का रोहिणी के साथ मिलन अपने शिष्यो के समूह को पढाया था। कई पदो मे वराहमिहिर ने 'अन्य' (XI 1) आदि (XVII 3, XXI 5, LXXXV) एवं एक (XXXII 1, XLV 5, XCIV 62) इनका प्रयोग किया है जो कि उत्पल के अनुसार कश्यप के लिये प्रस्तुत किया है।

23- ऋज्व्यतिवक्रा वक्रा विकला च मतेन देवलस्यैता
पचचतुर्द्व्येकाहा ऋज्व्यादीन षड्भयस्ता ।। VII 15

24- LXXXV 2

मनु - XLII 39 मे मनु का उल्लेख 7 मे से 5 सक्रकुमारियो क निर्माण के सम्बन्ध मे किया है। मनु 'धर्मशतृकार' के समान थे या भिन्न थे यह आज के ज्ञान के आधार पर निश्चित करना मुश्किल है।

माया- यह कहा जाता हे माया ने चन्द्रमा के रोहिणी से मिलने के अच्छे एव बुरे परिणामो के बारे मे अपने शिष्यो को सूचना प्रदान की (XXIV 2) ILV29) एव LVI 8 मे शिल्पकारो से उनका सम्बन्ध वर्णित किया है। बृहत्जातक मे इन्हे आयुर्वेद से सम्बन्धित सन्दर्भित किया है। VII 1

नारद - कुछ लेखकों की धारणा के विरूद्ध कि 101 केतु है तथा कुछ लेखक जो कि 1000 केतु के अस्तित्व को मानते थे। नारद के अनुसार केवल एक केतु है जो कि अनेक आकारो मे दिखायी देता है।[25]

पैतामह सिद्धान्त (BS, 11, P.22; PS. 1.3) - वराहमिहिर के अनुसार कि उनके समय तक 'पैतामह सिद्धान्त' अशुद्ध तथा अत्यधिक अपूर्ण हो चुका था क्योकि इसक द्वारा की गयी गणना निरीक्षण द्वारा प्राप्त किये गये परिणाम से मेल नही खाती थी। यह सिद्धान्त जैसा कि सक्षिप्त रूप मे वराहमिहिर द्वारा बनाया गया है ज्योतिषी वेदांग के पदचिन्हो पर आधारित है।

पाराशर - अत्यन्त प्राचीन पारम्परिक हिन्दू खगोलशास्त्री पाराशर को विभिन्न स्थानो पर हमारे लेखक द्वारा सन्दर्भित किया गया है। (VII 8) के अनुसार इन्होंने बुध की सात प्रकार की गतियो का वर्णन किया है तथा उनके इस कार्य का 'पाराशर तन्त्र' मे वर्णन है।[26] वराहमिहिर ने 'केतुकार' अध्याय को लिखने से पहले पाराशर के इस विषय से सम्बन्धित कार्य पर विचार–विमर्श किया था। XVII 3 के अनुसार पाराशर

25- शतमेकाधिकमेके सहस्रमपरे वदन्ति केतूनाम्।
बहुरूपमेकमेव प्राह मुनिर्नारद केतुम ।। X1 5

26- JBBRAS, XXIV - XXVB P 15
प्राक तविमिश्रससिप्ततीक्ष्णयोगान्तघोरपापाख्या।
सप्त पराशरतन्त्रे नक्षत्रै कीर्तित गतय ।। VII 8

परस्पर विरोधी नक्षत्रो के चार प्रकार मानते है एव एक गद्य अवतरण मे उत्पल ने इनके नाम 'मेदन', अरोहण, उल्लेखन एव रश्मि–ससर्ग माने है। XXI 2 मे पराशर के गर्भ–लक्षण तथा वर्षा के शुभ लक्षणो को सन्दर्भित किया है।

पौलिस सिद्धान्त (B.S.II, p. 22) - वैज्ञानिक हिन्दू खगोलशास्त्र के लेख प्रमाणो मे पौलिस एक मात्र है वराहमिहिर ने गणना की सटीकता के लिये इस सिद्धान्त का विशेष रूप से वर्णन किया है।

रोमक सिद्धान्त (BS, II. p. 22) - रोमक पौलिस के गणना के सन्दर्भ मे काफी समीप था और पौलिस की ही भाति लतादेव द्वारा इस पर टिप्पणी की जा चुकी है। इसका नाम पश्चिम की ओर सकेत करता है और इस तथ्य के आन्तरिक प्रमाण मिलते है कि यह किसी विदेशी स्रोत से निकाला गया है।

ऋषभ - यह कहा गया है इन्होने शुक्र, बृहस्पति, कपिस्थल, गरूत्मत, भगुरी एव देवल के विचारो को ध्यान मे रखते हुये स्वय का कार्य शकुन प्रस्तुत किया है। (LXXXVI)[27]

ऋषिपुत्र - हमारे लेखक ऋषिपुत्र का नाम मुख्यतः केवल एक बार ही लेते है। XLV 82 मे बताया गया है कि लेखक ऋषिपुत्र द्वारा रचे गये पद जो कि विभिन्न ऋतुओ की स्वाभाविक प्रक्रिया को समझाते है। जो 'उत्पात' से प्रभावित नहीं हो और जिन पर बुराईयो का कोई प्रभाव नही है, उद्धरण करेगे।[28]

शुक्र - शकुन के लेखको की सूची में इनका पहला नाम है जिनके विचार ऋषभ द्वारा ध्यान मे रखे गये थे जब उन्होने इसी विषय मे स्वय का कार्य रचा था। (LXXXV 1)

सप्तऋषि (LXXXV 3)– यह कहा जाता है कि वराहमिहिर ने दूसरो के साथ सात सिद्ध पुरूषों को विचारो को भी ध्यान मे रखकर अपना शकुन का अध्याय रखा था।

27- यक्ष्दक्रशुक्रवागीश कपि ठलगरूत्मताम्।
मतेम्य प्राह ऋषमो भागुरैदैवस्य च।। LXXXV 1

28- ये च न दोषान् जनयन्त्युत्पातास्तान तुस्वभावक्रतान्।
ऋषिपुत्रकृतै लोकैविघादेदै समासोक्तै ।।

सारस्वत - LIII 99 मे यह बताया गया है कि आर्य मे 'दकारगल' का प्राथमिक सन्दर्भ मुनि सारस्वत पर आधारित है तथा भाष्यकार वास्तव मे अनुष्टुभ मे इनके द्वारा लिखे गये 31 पद उद्धरण करते है। LIII के 6-7 (3 पद), 9-10(2), 16(2), 17(2), 21-22(2), 24(1), 29-30 ($2\frac{1}{2}$), (2), 37 ($1\frac{1}{2}$), 58(1), 63-64(2), 67($1\frac{1}{2}$), 83 (2), 85(2), 40 ($1\frac{1}{2}$), 95($1\frac{1}{2}$), 96($1\frac{1}{2}$) अध्याय मे उद्धत है।

सौर सिद्धान्त (BS, 11, P. 22) - XVII 1 के अनुसार लेखक पहले ही अपने कारण के सूर्य सिद्धान्त खण्ड मे भविष्यवाणी के साधन की कब और कैसे ग्रहो मे विरोधाभास होगा का उल्लेख किया है। इसकी गणना पौलिस और रोमक सिद्धान्त को वराहमिहिर द्वारा महत्व दिया गया है यह इस तथ्य से प्रमाणित होता है कि उन्होंने सूर्य तथा चन्द्रमा की गणना 5 अलग सिद्धान्तो मे दी है तथा ग्रहों की गणना मात्र सूर्य सिद्धान्त मे दी है।

सिद्ध सेना - XXI 5 के अनुसार कुछ लोगो की यह अवधारणा है कि बादलो का गर्भाधान कार्तिक माह की पूर्णमासी के बाद आरम्भ होता था, और भाष्यकार हमे यह मानने को तत्पर करते है कि यहॉ पर सिद्ध सेना एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व है, जिनसे अनुष्टुभ मे पद उद्धरण किया है। इनका उल्लेख बृहज्जातक VII 7 मे आर्युदाय के सन्दर्भ मे किया गया है।

शुक्र - यह शकुन के लेखक है जिनके विचार ऋषभ द्वारा ध्यान मे रखे गये है XLIX 23 24 मे तलवार की धार तेज करने के लिये 'उषान' का नुस्खा दिया है। उत्पल के अनुसार 'उषान' शुक्र के लिये प्रयुक्त किया है। शास्त्र में 'उषान के मन्त्र जो कि क्षत्रिय ध्वज तथा अस्त्र बनाने के लिये प्रयुक्त किय जाते थे वह शत्रु के विनाश के लिए उपयुक्त थे।

वज्र - वज्र को स्पष्ट रूप से बृहत्सहिता मे मात्र एक बार सन्दर्भित किया है। XXI 2 मे यह बताया गया है कि वराहमिहिर ने मानसून की सूचना पर अपने खण्ड को लिखने के पहले अन्य वज्रों का परामर्श लिया है।

वसिष्ठ - XXII4-8 मे बादलो के गर्भ–धारण के दिन का जो उल्लेख किया गया है वह वसिष्ठ का दिखायी पडता है अगर हम XXII 3 के शब्दो पर विश्वास करे। LVII 8 में यह कहा जाता है कि वसिष्ठ की यह धारणा थी कि मूर्ति मे ऑख के किनारे तथा कान के छेद के बीच मे चार अगुल की दूरी होनी चाहिए थी और उत्पल ने इस तथ्य पर आधा अन्दुष्टुभ उद्धरण किया है। अल्बेरूनी के अनुसार वसिष्ठ को यह नाम एक तारामडल (ग्रेट बीयर) के कारण मिला है जो कि विष्णुकन्द द्वारा निर्मित था।

भवन निर्माण एवं शिल्प कला - ब्रहत्सहिता के 52वे अध्याय के प्रारम्भिक पद मे यह बताया गया है कि वास्तु शास्त्र का ज्ञान ऋषियो की पीढियो से चला आ रहा है तथा 55 वें अध्याय के अन्तिम अवतरण मे गर्ग मनु तथा औरो[29] द्वारा मन्दिर के वास्तु शास्त्र के विषय मे एक विस्तृत निबन्ध लिखा है। गर्ग, मनु माया तथा वसिष्ठ जिनमे विचार पहले ही वर्णित कर चुके है, के अलावा हमारे पासा नगनपात (LVII 4) तथा विश्वकर्मा के विषय मे भी सन्दर्भ है।

दण्डनीति - उत्पल के अनुसार II 4 'यदि कोई चाहे समुद्र पार करके दूसरे किनारे पर पहुॅच सकता है यदि हवा उसका साथ दे किन्तु यदि कोई ज्ञानी नहीं है तो वह मस्तिष्क के जरिये कालपुरूष के अत मे भी नहीं पहुॅच सकता यानि कि ज्योतिष शास्त्र एक अथाह सागर है।' यह तथ्य हमारे लेखक ने आचार्य विष्णुगुप्त से लिया है। वराहमिहिर ने विवेचक दृष्टि से विष्णुगुप्त देवास्विन एवं सिद्धसेन के आयुर्दाय पर आधारित विचारो को देखा है और उत्पल दो आर्य चाणक्य एव विष्णुगुप्त के नाम से उद्घृत किये है। XIX 11 में ज्ञान की चार शाखाये क्रमशः वर्त, ज्ञायि, 505 नीति तथा आन्विषकी जो कि बुद्ध के वर्ष में समृद्ध हुयी थी, का उल्लेख कया है तथा मन्द की दण्डनीति का नाम इसी सन्दर्भ मे लिया गया है।

29- प्रासाद लक्षणम् = इदम् कथितम्
समासाद = गर्गेणयद् = चिरचितम् तद् = हि –
अस्ति सर्वम्, मनु = आदिर्मि = चिरचितानि प्रयूनि
यानि तत् समास्पर्शन् प्रति मय–आत्र कृतो= धिकार LV31

कन्दर्पिक - B S chs 74 75 और 77 मे कामशास्त्र के शुभगणकरण कन्दर्पिक और पुसस्त्रीसमायोग का वर्णन मिलता है। इसकी तुलना वात्सायन के कामसूत्र से की जा सकती है जो पूर्वोक्त जानकारी प्राप्त करने का एक मात्र स्रोत है।[30] ch 75 मे कादर्पिक उपचार के विषय मे जो वर्णन मिलता है वह कामसूत्र मे भी मिलता है। कामसूत्र के III 1 16, 111 4,10,III 433-34,III 5 9, IV 4, IV 19,V 5 11, के अध्यायो मे हानि पहुचाने वाली स्त्रियो के चरित्र के विषय मे वर्णन किया गया है। अच्छी स्त्रियो के विषय मे LXXVII 4-6, 12, 12 के अध्यायो मे तथा कामसूत्र के III 3 24 ff, IV 1 मे कुछ भिन्न वर्णन मिलता है। कामसूत्र मे विवाह के सम्बन्ध मे भी वर्णन मिलता है कि विवाह कब किया जाना चाहिए।

दर्शनशास्त्र - ब्रहत्सहिता I 6-7 मे क्रमबद्ध ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति के सन्दर्भ मे विभिन्न नियमो का उल्लेख है। I 6 मे यह बताया गया है कि मूल रूप से पहले पूरे ब्रह्माण्ड मे अन्धकार था तथा मौलिक अवस्था के जल से सुनहरा अडा निकला जिसके दो भाग थे, पृथ्वी तथा स्वर्ग, और इससे रचयिता निकला सूर्य एव चन्द्रमा जिसकी ऑखे थी और वे भी यह मनु द्वारा I 5-13 मे दिय गये विवरण का सुधरा रूप है जो कि भाष्यकारो द्वारा उदघृत किया गया है। I 7 मे अनेक दार्शनिक सिद्धान्तों का संकेत दिया गया है।

धर्म - सावित्र शास्त्र जिसमे देवताओ की मूर्तियो की प्रतिस्थापना की प्रक्रिया के बारे मे बताया गया है, का सन्दर्भ LIX 22 मे मिलता है। हमें इस तथ्य का कोई ज्ञान नहीं है कि इस कार्य को कब और किसके द्वारा किया गया पर यह वराहमिहिर से पुराना है जो कि इसे विशेषज्ञ मानते थे।

30- See also H C Chakladar, Socıal lıfe ın ancıent Indıa, Astndy ın vatsyayana, kamasutra, pp 23 24

हस्तविज्ञान - LXVI 1 के अनुसार कि एक ज्योतिष जो कि दूसरो का भूत एव भविष्य उनका शारीरिक रूप देखकर बताने की विद्या पाना चाहता था को सामुद्र का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए था। उत्पल सामुद्र को हस्त विज्ञान के कार्य के रूप में मानते थे तथा पूरे साढे बीस पद अनुष्टुभ मे इससे सम्बन्धित लिखे है। इस कार्य के लेखक के बारे मे कोई भी जानकारी नही है। इस तथ्य की जानकारी भारत के हस्तशास्त्र के इतिहास पर प्रकाश डालेगी।

दशमलव माप विधि - हमारे लेखक प्रसिद्ध कवि थे। इन्होने 63 से अधिक विभिन्न माप वृहत्सहिता मे प्रयुक्त किये है, जिसमे कि आर्य सर्वाधिक प्रिय है। इस विषय मे इनसे पहले का कोई भी लेखक इनकी तुलना नही कर सकता। ब्रहत्सहिता के अध्याय CII मे विभिन्न ग्रहो की कुंडली की स्थिति के परिणाम को विभिन्न मापको द्वारा दर्शाया है तथा प्रत्येक अवतरण मे हर मापक का वर्णन है। इस अध्याय के अन्तिम अवतरण मे वराहमिहिर दशमलव माप पर प्रचुर मात्रा के किये गये कार्यो का सन्दर्भ देते है पर बताते है कि जा मापक पहले दिये गये अवतरणों मे थे वह साधारणत सभी व्यवहारिक कार्यो के लिये पर्याप्त है, इसलिये इन्होने जो भी मापक सुनने मे अच्छे लगते है, एक साथ एकत्र किये है।

ऊपर किये गये निरीक्षण से यह स्पष्ट हो जाता है कि विभिन्न विषयो पर आधारित विस्तृत शास्त्र की उत्पत्ति वराहमिहिर के काल मे हुयी थी। सन्दर्भित कार्यो मे से अधिकतर—विलुप्त हो गये है, जो कि अनमोल है।

कला - भारतीय कला की परम्परा वैविदयपूर्ण तथा अति प्राचीन है। कला अनात्मा पर आत्मा की छाप है। मन के भावो को अधिकतम सौन्दर्य के साथ दृश्य रूप मे प्रकट करना ही कला है। कला एक प्रकार से मनोभाव तथा बाह्यरूप को सयुक्त करने वाला माध्यम है। कला द्वारा मनुष्य अपनी अभिव्यक्ति करता है। वास्तु की नही।[1] इसका प्रारम्भ सिन्धुघाटी मे लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व से होता है। सिन्धुघाटी से लेकर नन्दवश के उदय के पूर्व 326 ई०पू० तक का समय भारतीय कला का आदि युग था। इसके उपरान्त मौर्यकला से लेकर हर्ष के समय तक इस कला का मध्ययुग था। इस युग के दो भाग है। पहले भाग के अन्तर्गत मौर्य, शुग, कण्व और सातवाहन युग की कलाकृतियॉ है तथा दूसरे भाग मे पहली शती ई० से लेकर सातवी शती ई० तक (कनिष्क से हर्ष तक) की कलाकृतिया है। हर्ष के बाद भारतीय कला की महत्ता का चरमयुग आता है। इसके भी दो भाग है – पूर्वकला, (700 ई० से 900 ई० तक) तथा उत्तरकाल (900 ई० से 1200 ई० तक)। भारतीय कला एक ओर यह निरन्तरता की कहानी है तो दूसरी ओर उसमें नाना कलाओ की हल्की सी झलक होती है।

गुप्त काल में भवन निर्माण कला अपने उन्नत अवस्था में पहुच चुकी थी। इस काल मे नागर और द्रविड शैली प्रधान रही।

वास्तु - सस्कृत मे वास्तु का अर्थ वह जगह जहा घर बनाया जाता है, से था।[2] अर्थशास्त्र मे वास्तु के अन्तर्गत स्थल, उद्यान, सेतुबन्ध, तालाब इत्यादि की मान्यता

1- In art man reveals himself and not his object His objects have their place in books of information and science पर्सीनेलिटी – R N Tagore

2- Cf Astadhyauy, VI 3 73 , Agrawala, India as kwon to Panini P 337 Brachmejalesutta (Engl Trausl By Rhyo Davids) p p 16-18 for Astadlayanagrihyasutra 11 7 1, Anara 11 3 19 (a building site), Halayudha V 290 (Vastu in Masculine denotes a house sile and in neuter a house proper), P K Acharaya dictionary of Indian Architecture, p 548

है।[3] वात्स्यायन के अनुसार वास्तुविद्या 64 कलाओ मे एक कला है हालाकि वरामिहिर रहने के लिए बनाये गये घर को ही वास्तु मानते है।

मापन - वराहमिहिर पाच घरो की परिकल्पना के आधार पर समाज के विभिन्न वर्गो के लिए माप निर्धारित करते है।

राजा के पाच घरो की माप इस प्रकार है – चौडाई क्रमश 108, 100, 92, 84 और 76 हस्त (Cutnt) तथा लम्बाई, चौडाई से 1/4 ज्यादा।[4]

सेनापति व अन्य वर्गो के घरों की माप क्रमश 64, 58, 52, 46 तथा 40 के घरो की माप लम्बाई चौडाई से 1/6 भाग ज्यादा होती थी।[5] इसी प्रकार अन्य वर्गो के घरो की माप इस प्रकार मिलती है।

	चौडाई (हस्त में)					लम्बाई हस्त मे
वर्ग	1	2	3	4	5	क्रमश चौडाई के अनुपात मे
सेनापति	64	58	52	46	40	क्रमश: 1/6 ज्यादा
मत्री	60	56	52	48	44	क्रमश 1/8 ज्यादा
युवराज	80	74	68	62	58	क्रमश. 1/3 ज्यादा
राजकुमार	40	31	34	31	26	क्रमश 1/2 ज्यादा
सामन्त	48	44	40	36	32	--------

3- Grham Ksetram = aramas = sdabandhas= latakam = adharava vasta
4- Figure in brackets refer to the serial number of verses in ch L11
5- Cf Matrya CCLIV 18-9

राजा एव युवराज के घरो के माप के अन्तर के आधार पर प्रतिप्तियों, वैश्याओ एव कलाकारो के घरो के आकार का निर्धारण होता था। इस वर्ग के घर का अधिकतम आकार 28 हस्त × 28 हस्त 8 अगुन ही होता था।[6] ज्योतिष, पुरोहित एव वैध के पाचो घर क्रमश 40, 36, 32, 28, 24 हस्त चौडे एवं चौडाई से 1/6 भाग ज्यादा लम्बे होते थे। कर्मान्ताध्यक्ष के घर की माप युवराज एवं मत्री के घर के अन्तर के बराबर होती थी (युवराज मन्त्री विवरम् कर्मान्त–आध्यक्ष–दूतान्तरं)। कोषाग्रह रतिभवन एव नृप के घर की माप राजा एव सेनापति के घर क अन्तर के बराबर होती थी। (नृप सेनापति ग्रह के अन्तर मानेन कोष–रति–भवन, 14, अध्यक्ष–अधिक्रतानाम् सवैषां कोष–रति–तुल्यम्, 9)[7] इस वर्ग की उत्तम सरचना 44 हस्त × 60 हस्त 8 अगुल होती थी। वाण की हर्षचरित[8] तथा कादम्बरी[9] मे वास ग्रह का अत्यन्त सुन्दर उदाहरण मिलता है।

वर्णानुसार पच गृहो की चौडाई इस प्रकार है – 32, 28, 24, 20 एव 16 हस्त। मात्र ब्रह्ममणो को पाचो घर बनाने का अधिकार था। क्षत्रिय अन्तिम चार, वैश्य अन्तिम तीन एव शुद्र को अन्तिम दो घर का अधिकार था लम्बाई की माप क्रमश चौडाई से 1/10, 1/8, 1/6 एव 1/4 ज्यादा होती थी। राज्य सरकार के कर्मचारियो के घर उनके वर्ग के अनुसार निर्धारित थे। सकर वर्ग के लोग माता पिता के जाति के अनुसार निर्धारित माप के योग के आधे के बराबर घर बनवा सकते थे। उदाहरणार्थ – पाराशव जाति

6- According to the Matsya- purana(CCLIV 21-2), however The houses of fendatory chiefs and amatyas should measure 48,44, 36 and 32 cubets in width, the length exceeding the bradth by ¼ It abo gives somewhat different proporation for the hauses of chmbertain artistes and prostitutes the best structure of the doss measuring 25h J6h (CCLI 23-24)

7- Cf Matsya, CCLIV 30-31

8- V S Agarwala, Harsacarita, A cultural study (Hindi) PP64, 85, 95, 208

9- V S Agarwalas, Kadambari, A study (Hindi) PP M 81

का पहला घर 26 हस्त चौडा हो सकता था।

पशुग्रह तपस्वियो के घर अन्नगृह, शास्त्रागार इत्यादि के लिए कोई स्थायी निर्धारण नही था। कही कहीं कुछ भवनो की माप मे अपवाद भी मिलते है। रतिभवन की माप राजा तथा उसके सैनिक के घर की माप के अन्तर के बराबर होनी चाहिए। (LII 14)[10]

शाला तथा आलिन्द मापने की विधि - सभी ग्रहो के शाला की माप सभी जातियो के पाचो गृहो की चौडाई मे 70 हस्त जोड कर उसे 35 से भाग देकर निकाली जाती थी।

अलिन्द[11] की माप सभी जातियों के पाचो ग्रहो की चौडाई मे 70 हस्तजोड का उसमे 14 से भाग देकर निकाली जाती थी। चारों वर्गो के पांचो ग्रहो की शालाओ कर निर्धारण क्रमश इस प्रकार था –

(i) 4 हस्त × 17 अगुल

(ii) 4 हस्त × 3 अगुल

(iii) 3 हस्त × 15 अगुल

(iv) 3 हस्त × 13 अगुल

(v) 3 हस्त × 4 अगुल

10- But cf Matsy, CCLIV 28-30, where thelagth of a vaisya's house is said to esceed the width by 1/3 rd

11- In lexicious alinda denoties a room in the outer gateway of a building for which alder words were praghana, cf Panini,III 3 79, Amara 11 2 12 According to some the word 'alinda' irginnated in the gupta period or a little easlie cf Agrawala Haracarita, A study p 204 But utpala takes duda a mean a lettien-covered path beyond the wall of a hall andfcing thecourtuyard
अलिन्दशब्देन्न शालाभित्तेर्ब्राह्म या गमनिका जालकावृताङ्गणसम्मुखा क्रियते सा ज्ञेयेति

चारो वर्गों के पाचो गृहो के आलिन्द का निर्धारण इस प्रकार होता था –

(i) 3 हस्त × 19 अगुल

(ii) 3 हस्त × 8 अगुल

(iii) 2 हस्त × 20 अगुल

(iv) 2 हस्त × 18 अगुल

(v) 2 हस्त × 3 अंगुल[12]

वीशिका - वीशिका घर के बाहर बनी होती थी। इसकी चौडाई शाला के 1/3 भाग होती थी (शाला त्रिभगतुल्या कर्तव्या वीचिका बहिर–भवनात्)। यही वर्णन विश्वकर्मप्रकाशिका मे भी मिलता है, यह स्पष्ट रूप से ब्रहत्सहिता सेही उर्द्धत किया गया है। (शाला – त्रिभाग–तुल्य च कर्तव्या वीशीका बही)। वीथिका के पूर्व पश्चिम, दक्षिण तथा उत्तर के आकार को क्रमश सोष्णियश, सायाश्रय,[13] सावष्टम्भ तथा सुस्थित कहा जाता था।[14]

भूमि - एक से अधिक मजिल वाले घरो के निचली मंजिल की ऊँचाई, चौडाई की 1/16 भाग मे चार हस्त जोडकर होना चाहिए तथा ऊपर की अन्य मजिले क्रमशः 1/12 भाग घटती जानी थी।

भित्ति - भित्ति की मोटाई तथा चौडाई की 1/16 भाग के बराबर होनी चाहिए। प्रथम राजसी महल की दीवार की मोटाई 6 हस्त × 18 अगुल होनी चाहिए। शुक्रनीति के

12- हस्तद्वात्रिशादिषु चतुश्चतुस्त्रित्रिकत्रिका शाल ।
सप्तदशत्रितयतियित्रयोदशक ताड्गुलाम्यधिका ।।
त्रित्रिद्विद्विद्विसभा क्षयक्रमान्दड्गुलानि चैतेषाम्।
ब्येका विशतिरष्टौ विशतिरष्टदश त्रितयम्।। LII 18-19

13- Sreyocchraya of Matoya purana (CCLIV 37)

14- cf Visvakarna - Prakasa II 154 -155

अनुसार दीवार की मोटाई कमरे की चौडाई की 1/6 भाग होनी चाहिए (कोष्ठ–विस्तारसष्ठ आम्ब–स्थूल सा, च प्राकृतिता 1 229)

द्वार - राजा, सेनापति तथा अन्य वर्गो के ग्रहो की चौडाई बढती जाती है अगुल मे द्वार की ऊँचाई उसकी चौडाई की आधी होती थी। सामान्यत द्वार दीवार के बीचोबीच होता था तथा यह किसी मुख्य बिन्दु के सम्मुख होता था (LV 10)। किसी तरह के वेध से बचने के लिए एव स्वच्छ वातावरण को ध्यान मे रखते हुए द्वारा का सडक, वृक्ष, कुआ, स्तम्भ मन्दिक इत्यादि के सम्मुख होना वर्जित था।[15] इनसे द्वार की निम्नतम दूरी द्वार की ऊचाई की दुगुनी होनी चाहिए। द्वार न तो स्वत खुलना चाहिए और न ही स्वतः बन्द होना चाहिए। निर्धारित नाप से न तो छोटा न ही बडा हो और न ही झुका होना चाहिए। यदि द्वार मे यह कमिया हो तो वह स्वामी तथा अन्य सदस्यों के लिए अशुभ मानी जाती थी।[16] मुख्य द्वार को कई तरह से अलकृत किया जाता था जैसे घडा फल या डाक, पत्तिया आदि को बना कर। मत्स्य पुराण (CCLV 18-19) के अनुसार मुख्य द्वार की प्रतिदिन अक्षत तथा जल से पूजा की जाती थी।

स्तम्भ - स्तम्भ के आधार की चौडाई इसकी ऊँचाई की नौ गुना का 1/80 वा भाग होती थी। आधार के ऊपर की चौडाई क्रमश 1/10 भाग घटती जाती थी।[17] स्तम्भ के नौ भाग होने चाहिए। आधार को 'वहन' और उसके ऊपर के भाग को 'घट' कहा जाता था

15- The malsya purana (CCLV 10-14) lıst of vedhas also ıncludes a peg A house a house of an out caste and refuge Some of these rules appear to have been meant to secure prıvacy and peace The Gobhıla-grhyasutra, IV 7 17 9 Speaks of a back door wıth dısapproved and states that the maın door of a house should not face that of another house and that the door should be such that through ıt the ınmater or valuables of the house are not vısıble to outsıders Naprtyag = dvaram Kurvıta, anu dvaram ca graha dvaram yatha na samlokı syat

16- cf Matsya - purana, CCLV 15-18

17- कृत्वा स्वभवनोच्छ्राय सदा सप्तगुण बुधै । अशीत्यश पृथुत्वे स्यादग्रे नवगुणे सति ।।
(Matsya CCLV 1-2)

क्योकि इसका आकर कुम्भ जैसा होता था। आठवे और अन्तिम भाग को क्रमश 'पद्‌म' के उत्तरोष्ठ कहा जाता था।[18] इनके मध्य के भाग पाच भागो मे विभाजित थे। ये स्तम्भ अधिकतर नक्काशीदार व गढे हुए होते थे। स्तम्भ को दड के आधार पर विभिन्न नामो से पुकारा जाता था। जैसे रूचक, वज्र, द्विवज्रक, प्रलन्क तथा व्रत्त का दड के अनुसार इसका आकार तीन किनारो वाला 16 किनारो, 8 किनारों 32 किनारो वाला तथा गोल होता था (cf Matsya CCLV 2-3)। मत्स्य पुराण के अनुसार इन पाचो महास्तम्भो को कमल, लाताओ, कुम्भो, पत्तो शीशा आदि से अलकृत किया जाता था। (एत पञ्च महास्तम्भ प्रशास्त सर्ववास्तुतषु, पद्यम–बालि–लता–कुम्भ–पत्र दर्पण–रूपिता (CCLV 4)।

स्तम्भ के ऊपर भारतुलाये तिर्यक रूप मे स्थापित की जाती थी। इनके ऊपर तुलादण्ड रखे जाते थे जिन्हें तुलोपतुला कहा जाता था। स्तम्भों के आकर कालानुसार बदलते रहते थे।

चतुष्शालका - गुप्त काल मे घर की सामान्य योजना का कन्द्र आगन होता था जिसके चारो तरफ शाला, एकशाला, द्विशाला, त्रिशाला तथा चतुष्शाला होती थी। पांच तरह के चतुष्शाला भवनो का उल्लेख मिलता है। –

(1) नन्द्यावर्त (LII 32)
(2) स्वास्तिक
(3) सर्वतोभर्द
(4) रूचक
(5) वर्धमान

(1) **सर्वतोभद्र** - यह मुख्य रूप से राजसी तथा मन्दिरो से सम्बन्धित होता था।[19] सर्वतोभद्रिका के वर्णन से सम्बन्धित दो कुषाण कालीन अभिलेख मथुरा से प्राप्त

---

18 स्तम्भ विभज्य नवधा वहन भागोघटोऽस्य भागोऽस्य ।
पद्‌म तथोत्रो ठ कुर्याद् भागेन भागेन।। LII 29

19- cf Matsya Purana CCLIV 1

हुए है।[20]

(2) **नन्द्यावर्त्त** - नन्द्यावर्त्त मे बडे कक्ष की दीवार से लगी हुई वीथिका होती थी। यह पश्चिम को छोडकर सभी दिशाओ की तरफ जाती थी।[21]

(3) **वर्धमान** - इस भवन मे सामने बरामदा होता था जिसे द्वारालिन्द कहते थे। इसमे दक्षिण दिशा को छोडकर सभी दिशाओ मे द्वार होते थे।[22]

(4) **स्वास्तिक** - इसमे प्रवेश द्वार पूर्व मे होता था। इसमे चारो दिशाओ मे एक –एक बरामदा होता था।

(5) **रूचक**- पूर्व तथा पश्चिम के अन्त दो बरामदे होते थे। उत्तर दिशा को छोडकर सभी दिशाओं मे द्वार होते थे।[23]

त्रिशालका - इसके सम्बन्ध में निम्न वर्णन मिलते है –

(i) **हिरण्याभ**[24]- यह तीन बडे कक्षो से युक्त होता था परन्तु उत्तर दिशा मे कक्ष नही होता था।

(ii) **सुकक्षेत्र** - इस ग्रह मे पूर्व कक्ष नही होता था।

(iii) **चूली** - इसमे दक्षिण दिशा मे कक्ष नही होता था।

20- El 11 p 203, No XVI, P 209 NO XXXVII In a Mathura Incor of Vikrama 1080, Caturbimba is used in place of Sarrvatobhadrika, cf El, ii P 211, No XXXIX

21- cf Matsya Purana CCLIV 2

22- cf Matsya Purana CCLIV 3 In s Indian works this term was applied to a class of Joinery, phallus and satas, cf Manasara, XVII 84, XXXV 4, LII 4, Kamikagama XXXV 88

23- cf Matsya, CCLIV -4

24- cf Matsya Purana, CCLIV 4, where it is styled 'Dhanyaka'

(iv) **पक्षघ्न** - इसमे पश्चिमी कक्ष नही होता था।

द्विशालका - द्विशालका निम्न नामो से जाना जाती थी –

(1) सिद्धार्थ

(2) यमसूर्य

(3) दण्ड

(4) वात [25]

(5) गृहचुली

(6) काच

इनके कक्ष क्रमशः इन दिशाओं में होते थे :-

(1) पश्चिम तथा दक्षिण

(2) पश्चिम तथा उत्तर

(3) उत्तर तथा पूर्व

(4) पूर्व तथा दक्षिण

(5) पूर्व तथा पश्चिम

(6) दक्षिण तथा उत्तर

25- Dhana of Matsya CCLIV 11

स्थान - ऐसी भूमि जिसकी मिट्टी मुलायम हो तथा समतल एव सुगन्धित हो, जो अन्दर से खोखली न हो तथा जहा अच्छे पेड पौधे हो भवन निर्माण के लिए उपयुक्त होती है। भवन निर्माण हेतु स्थान मत्री तथा दुष्ट व्यक्तियो के घर के समीप न हो, मन्दिर, चैत्य, पेड शमशान समीप तथा सडके के सामने न हो। घर के पूर्व, दक्षिण पूर्व, दक्षिण, दक्षिण पश्चिम और उत्तरपश्चिम में पानी न हो। घर के उत्तर और पूर्वोततर मे पानी हा सकता है। तीन तरह के नियमो द्वारा मिट्टी की पहचान की जाती थी –

(1) जमीन के बीचोबीच Cubit व्यास का एक गहरा गढ्ढा खोदकर मिट्टी को फिर से भरने पर यदि गढ्ढा नहीं भरा तो सबसे खराब जमीन मानी जाती थी और यदि भर गया तो मध्यम और यदि ज्यादा भरा हो तो उत्तम कोटि की भूमि मानी जाति थी।

(2) यदि गढ्ढे में पानी भरकर उतने समय के लिए छोड दिया जाये जितने मे कि सौ कदम चला जा सके और पानी न घटे जो जमीन उत्तम मानी जाती थी।[26]

(3) यदि एक आधक भरे मिट्टी का वजन 64 पलस हो तो भूमि उपयुक्त होती है।

जाति एवं स्थान - जाति के अनुसार चारो वर्गो के गृह क्रमश· उत्तर, पूर्व, दक्षिण तथा पश्चिम मे होते थे। चारो किनारो पर पतिच्युत लोग होते थे। क्योकि ऐसा विश्वास था कि चारो किनारो पिशाचो द्वारा नियन्त्रित होते थे। पूर्वोत्तर कोने से बाये की तरफ से क्रमश करनी, विदारी, राक्षसी, तथा पूतना नियन्त्रक थी। यहां तक कि भूमि की

26- cf ibid 1 62 the Manasara shows a strict attude in the matter According to it the it was filled with water If there remained some water after 24 hours the selected side was considered to be fit for receiving a building cf P K Acharya Dictionary 8 453

विशेषताए भी जाति विशेष के लिए आधार बनती थी। चारो वर्गो के लिए क्रमश· उत्तर पूर्व, दक्षिण एव पश्चिम की तरफ झुकी हुई भूमि रग मे क्रमश श्वेत लाल, पीला तथा काला उपयुक्त माना जाता था। यहा तक कि भूमि को चुनने का आधार उसकी सुगन्ध तथा स्वाद भी था क्रमश मक्खन, खत्त, भोजन एव सुरा की महक तथा स्वाद मे क्रमश मीठा, कषाय, खट्टा एव तीखा वर्गो के हिसाब से निर्धारित था। ब्राह्मण किसी भी दिशा मे, क्षत्रिय उत्तर छोडकर किसी भी दिशा मे वैश्य उत्तर और पूर्व छोडकर किसी भी दिशा की तरफ भूमि पर भवन निर्माण कर सकता था।

जबकि स्थान के चुनाव में कुछ भ्रामक तरीको का भी वर्णन मिलता है, जैसे चारों कोनो पर कच्ची मिट्टी मे दीया जलाकर छोड दिया जाये और फिर जिस दिशा का दीया सबसे देर तक जले वहा उस दिशा से सम्बन्धित जाति के लिए गृह उपयुक्त होता था या वर्गो के रग के अनुसार चार रगो के फूल को मिलाकर रात भर रख दिया जाये, जिस रग का फूल सबसे देर मे मुर्झाये भूमि उसके लिए ही उपयुक्त होती थी।

गृह परीक्षण के पश्चात भूमि की जुताई एव बुवाई होती थी तथा इसका परीक्षण किया जाता था कि भूमि कितनी उपजाऊ है। ब्राह्मण एवं गाय की उपस्थिति मे भूमि का शुद्धिकरण किया जाता था। ज्योतिषी द्वारा बताये गये शुभ मुहूर्त मे भूमि का स्वामी देवी देवताओ को सम्मानित करता था। जाति के अनुसार वह अपना सिर, हरम, जाघ या पैर छूकर निर्माण कार्य के पूर्ण पक्ति खीचता था।

पदविन्यास - वराहमिहिर 81 तथा 64 वर्गो के दो स्थल योजना के विषय मे बताते है जो कि 45 देवताओ के द्वारा नियन्त्रित होते है। जिसमें 32 बाह्य तथा 13 आन्तरिक नियन्त्रक देवता थे। 81 वर्ग के स्थल योजना मे बीच के 9 वर्ग (नवकोष्ठकाधिप) ब्रह्म स्थान होते थे। शेष मे 20 देव एक वर्ग थे जिन्हें 'पदिक' कहते थे। बीस अन्य देवो को

2वर्गो का स्थान प्राप्त था जो द्विपद के नाम से जाने जाते थे तथा चार अन्य को तीन वर्ग का स्थान निर्धारित था, जिन्हे त्रिपद कहा जाता था।

वराहमिहिर व्रत्ताकार, त्रिभुजाकार इत्यादि योजनाओ के बारे मे वर्णन नही करते। उत्पल भरतमुनि के सन्दर्भ वराहमिहिर की इस कमी को पूरा करते है।[27]

वास्तुनर - भवन स्थल वास्तुनर के शरीर का निर्माण करता है। वास्तुनर के अवतरण के बारे मे प्रचलित कहानी के अनुसार एक बार किसी जीव ने स्वर्ग एव पृथ्वी को अपने शरीर से रोका तथा अचानक देवताओ के झुण्ड ने उसे गिरा दिया। शरीर के जिन भागो को देवताओ ने छुआ था वह उसके नियन्त्रक हो गये वास्तुनर पुरूष होता है। अतः इसका बिम्ब पुरूषीय होना चाहिए। उसका आकार पूरे स्थल को ढकने योग्य होना चाहिए।

इसके अतिरिक्त चतुष्शाला भवन मे देवग्रह पूर्वॉन्तर में, रसोई दक्षिण पूर्व में **भंडारगृह दक्षिण**- पश्चिम मे तथा अन्नागार एव कोषागार पश्चिमोत्तर मे होना चाहिए। विकर्ण के साथ शयन ग्रह निषिद्ध था। उत्पल के अनुसार यदि ग्रह का मुख पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर की तरफ हो तो आगन का प्रवेश क्रमश उत्तर, पूर्व, दक्षिण एव पश्चिम की तरफ होना चाहिए।

वज्रलेप, वज्रतल, वज्रसंघात - भवन निर्माण की वस्तुओ मे पक्की ईट, लकडी, पत्थर इत्यादि के अतिरिक्त वराहमिहिर ब्रहत्सहिता के 56वें अध्याय मे चार प्रकार के लेपों का वर्णन मिलता है। दो वज्रलेप वज्रतल एव वज्रसंघात वज्रलेप कच्चे तिण्डुक कपित्थक फल (LVI 5-6) रेशम के पेड के फूल शलकी के बीज, धनवन की भूसी तथा

27- Utpala on LII 55-6
अगाचार्येण चतुरस्रे क्षेत्रे वास्तुनर – – – – – पितामहो विनिर्दि टान्त्रय
क्षेत्रेऽप्यय विधिरिति।

बच को पानी के द्रोण मे 1/8 भाग तक उबालकर और अन्तत श्रीवासक, रस, गुग्गुल बल्लातक कुण्डुरूक इत्यादि के साथ मिलकर बताया जाता था। वज्रतल गाय, भैस, बकरी के सीगो गर्दन के बाल भैस एव गाय के चर्म, बिम्ब एवं कपिला के फल एव रस (LVI 1) को मिलकार बनाया जाता था। वज्र सघात शीशे की आठ तहो, घटों की धातु की होता है। लौह की एक तरह से बनता था।

स्थपति - अन्त मे शिल्पकारो के विषय मे कहा जा सकता है। परवर्ती कार्यो म शिल्पकारो के विभिन्न वर्गो का उल्लेख मिलता है। समरागण सूत्रधार मे शिल्पकारो के चार वर्गो का वर्णन मिलता है। स्थपति, सूत्रग्राहिन, वर्धकिन और तक्षक। इनकी योग्यता का वर्णन अत्यन्त सूक्ष्म रूप से किया गया है जबकि मानसार मे इनकी पौराणिक उत्पत्ति का वर्णन मिलता है। उनकी उच्च योग्यता के कारण उनका कार्य समाज के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण होता था। समाज मे इनका उच्च स्तर था।

मन्दिरकला - मन्दिर कला को प्रासादलक्षणध्याय के नाम से जाना जाता है (Ch LV)।

प्रासाद- प्रासाद शब्दका सर्वप्रचलित प्रयोग मन्दिर के सन्दर्भ मे किया जाता है। इसके प्रसग अमरकोष[28], मत्स्यपुराण इत्यादि में मिलते हैं। सुरालय[29], सुरभवन[30] देवालय[31], देवतायतन[32], देवकुला[33], देवग्रह[34], देवागार[35] इत्यादि शब्द प्रसाद को ही इगित करते है। मन्दिर शब्द पहले रहने के लिए बने भवनो के लिए प्रयुक्त होता न कि प्रासाद के अर्थ मे।

28- Chs (CCLXIX - CCLXX)
29- IX 42, LVII 2, XCV 4
30- LXXVII 4
31- LII 118 cf devanam alayah in LV 2
32- LV 1,9,10
33- LII 87, LXVII 49, YY (VR pandits sed) XV 20
34- LII 116
35- LVII 3

प्रासाद का निर्माण सामाजिक व धार्मिक प्रतिष्ठा के साथ–साथ उत्सर्ग तथा मोक्ष के भाव से जुडा होता था। धार्मिक सरचना के लिए ईट और पत्थर के प्रयोग ने वास्तुविदो मे एक नयी शक्ति का सचार किया।

स्थलनिर्धारण - प्रासाद निर्माण के लिए ऐसे स्थल का चुनाव किया जाता था जहां प्रचुर मात्रा मे जल वृक्ष व उपवन हो। इसलिए जगल, नदी, पहाड और जलप्रपात इत्यादि से घिरे स्थलो को उपयुक्त माना जाता था। नगरो मे जहा मे चीजे उपलब्ध नही थी वहा तालाब खुदवाना एव उपवन इत्यादि के निर्माण से स्थल के प्राकृतिक सौन्दर्यीकरण पर अधिक बल दिया जाता था। इसके पीछे यही मान्यता थी कि देवी देवता ऐसी ही जगहो पर निवास करते है। मनमोहक कमल के फूलों से अच्छादित तालाब जो सूरज की किरणो से अठखेलिया करते नयनाभिराम दृश्यो से युक्त हो, जहा हसो का विचारण उनका कलख पौधे की छाया मे विचरण करने पशु हो, जहा जलतरगो की धुन पर मत्स्य नृत्य का स्नेहिल दृश्य हृदय को मोहित करने वाला ऐसा वातावरण देव निवास के लिए उपयुक्त होता है। भारतीय सस्कृति की ऐसी समृद्धता का उदाहरण कई प्राचीन प्रासादो मे मिलता है। उदाहरणार्थ देवगढ का दशावतार मन्दिर जो बेतवा नदी के किनारे व उत्तर, दक्षिण पश्चिम से पहाडी से घिरा है, भुवनेश्वर के विश्वप्रसिद्ध जगन्नाथपुरी एव कोणार्क का सूर्य मन्दिर जो बडे तालाबो से युक्त है या अजन्ता एलौरा की गुफाएं कार्ले एव कन्हेरो के चैत्य बिहार सभी प्रकृति की अनुपम सौन्दर्य मे स्थित थे।

स्थल योजना - नौ रेखऐ आर–पार, नौ उर्ध्वाकार एव कोने पर विकर्ण द्वारा प्रासाद स्थल को 64 भागो मे बाटा जाता था। ब्रह्मा बीच के 4 खण्डो को ग्रहण करते है जिन्हे ब्रह्म स्थान कहा जाता है। ब्रह्मा के चारो तरफ के चार वर्ण एव बाहरी भागो के दोनों

किनारो के स्थल मे $1\frac{1}{2}$ खण्ड अन्य देवो के लिए निर्धारित होते थे। शेष बीस देवों को दो–दो वर्ग नियम होते है। जिन्हे द्विपद कहा जाता था।[36] इन समस्त देवो की भवन निर्माणकाल मे विभिन्न चरणो मे पूजा की जाती थी। जिसका सन्दर्भ मत्स्य पुराण मे मिलता है। यह स्थल योजना वस्तुत वास्तुविदो द्वारा ही प्रयोग की जाती थी न कि ज्योतिषियो द्वारा प्रवर्तित की गयी। समकालीन प्रासाद वास्तुकला इसका उदाहरण है।

मापन - मूलत देव स्थल के विभिन्न भागो का विस्तार आवासीय भवन के विस्तार से भिन्न था। जैसे कि आवासीय भवन की चौडाई एक ऊँचाई बराबर होनी चाहिए जबकि मन्दिर की ऊँचाई, चौडाई से दो गुनी एव समतल भाग या 'कटि' जिस पर प्रासाद बनाया जाये ऊँचाई का तिहाई होना चाहिए।[37] गर्भग्रह पूरी चौडाई का आधा होना चाहिए। देवगढ के प्रासाद की संरचना लगभग इसी सिद्धान्त पर आधारित है जो कि 18'6" × 18'6" वर्ग मे है। इसकी ऊँचाई 40 फीट से कम नहीं है।

द्वारपथ की चौडाई गर्भगृह की चौडाई की 1/4 होती थी आवासीय द्वारो की ऊँचाई (चौडाई की तिगुनी) के विपरीत प्रासादो के द्वार की ऊँचाई चौडाई की दुगुनी होती थी।

अजन्ता की 1,4 एव 5 न० की गुफाओ मे द्वारपथ जो कि द्वार की चौडाई के दूने हे से पता चलता है कि कुछ हद तक इन आयामों को अपनाया गया है। देवगढ कके

36- अष्टाष्टकपदमथवा कृत्वा रेखाश्च कोणगस्तिर्यक।।
ब्रह्म चतुष्पदोऽस्मिनर्धपदा ब्रह्मकोणस्था ।।
अष्टौ च बहिष्कोणेष्वर्धपदास्तदुमयस्थिता सार्धा ।
उक्तेभ्यो ये शेषास्ते द्विपदा विशतिस्ते हि।।
चतु षश्टिपद कार्य देवतायतन सदा। [LII 55-6, LV-10]

37- यो विस्तारो भवेद्यस्य द्विगुणातत्समुन्नति ।
उच्छ्रायाद् यस्जतृतीयाशस्तेन तुल्यकटि स्म्रता।। [LV 11]

प्रसाद मे द्वारपथ की माप $6'11" \times 3'4\frac{1}{2}"$ है जो लगभग इस सिद्धान्त का ही अनुसरण है।

द्वार किसी प्रमुख बिन्दु के सामने दीवार के मध्य मे होना चाहिए। द्वार के बारे मे समस्त सावधानिया रखनी चाहिए जो कि आवासीय द्वार के लिए बताई जा चुकी थी।

अंलकरण - गुप्तकाल के प्रासादो मे द्वारपथो का बडा सूक्ष्म अलकरण मिलता है। हमें सज्जा के कई प्रकार मिलते है। द्वार के किनारे का 3, 5, 7 या 9 की उर्ध्वाकार सरचना से समाविष्ट होना या प्रतिहार की प्रतिकृति दोनो तरफ बना होना। हस, जीवक, करवाक, कारन्दव, श्रीवृक्ष, स्वास्तिक, शुभ–घट, प्रेमशील युगल तथा पक्षियो आदि की सरचना से सजाया जाता था। गुप्तकाल के मन्दिरो में गंगा जमुना नदियो एव साथ मे मकर की प्रातकृति भी मिलती है।

प्रासाद के प्रकार - वराहिमिहिर 20 तरह के प्रासादो का उल्लेख करते है–

(1) मेरू	(2) मन्दर	(3) कैलाश
(4) विमानचन्द	(5) नन्दन	(6) समुद्रग
(7) पद्म	(8) गरूण	(9) नन्दीवर्धन
(10) कुजर	(11) गुहराज	(12) वृष
(13) हस	(14) सर्वतोभद्र	(15) घट
(16) सिह	(17) वृत्त	(18) चतुष्कोण
(19) षोडशाश्री	(20) अष्टाश्री (BS, LV 17-9)	

मेरू का षट्भुज आकार मे सबसे बडे प्रासाद के रूप मे वर्णन मिलता है। मेरू 12 मजिल का, रग बिरगी खिडकियो वाला व चार प्रवेश द्वार वाला 22 हस्त चौडा प्रासाद होता है। मेरू प्रासाद का सन्दर्भ भोज के समराण सूत्रधार मे भी मिलता है, जिसके अनुसार इसकी चौडाई 33 से 50 हस्त के बीच होती है। और यह प्रासादो का अधिपति प्रासाद कहा जाता है। इसके सिर्फ क्षत्रिय ही बना सकते है। कलचुरी राजवश के शासक यशकर्ण ने काशी मे करणमेरू नामक प्रासाद निर्मित करवाया, जिसका वर्णन इस प्रकार है।

कनकशिखरवेल्लद्वैजयन्ती समीरग्लपितगगनखेलत्खेचरी चक्रखेद. |

किमपरमिह काश्या यस्यदुज्धाब्धिबीचीवलयवहलकीर्त्ते. कीर्त्तन कर्ण्णमेरू ||

EL XXII P 212, CII, IV pp 293, 303-304

मन्दर छ मुखा 30 हस्त चौडा एव दस मंजिल का मन्दिर होता है। (त्रिंशाधस्त आयामोदशभूमो मन्दर शिखर युक्त LV 21)

कैलाश षट्भुज आकार मे 28 हस्त चौडा एव 8 मजिल का मंदिर होता है (कैलाशो= पि शिखरवान अष्टाविशो = षटभूमश = च)[38]

विमानचन्द एक खास तरह का छ दिशाओं का 21 हस्त चौडा मन्दिर होता है जिसमे जालीदार खिडकिया होती है। कश्यप इस मंदिर को 8 मजिला मानते है।

षट्भुज मन्दिरो मे अन्तिम नाम नन्दन प्रासाद का आता है जो 32 हस्त चौडा छः

38- cf Kasylpacited by utpala -
अष्टभौमश्च कैलासो हस्ताष्टाविशति स्मृत ।
22- षडश्रि शिखरोपेत प्रासादस्तु तृतीयक ।।

मजिल का तथा 16 गुम्बदो वाला प्रासाद है।

समुद्ग यह आकार मे गोल तथा हरे चने के तरह होता था। यह प्रासाद एक मजिल और श्रग वाला तथा आठ हस्त चौडा होता था। श्रग शिखर के सामन ही होता था।

पद्म प्रासाद का आकर आठ कमल के पुष्प के समूह के समान था तथा शेष समुद्रग के समान ही था (LV 23 cf utpala) गरूड प्रासाद आने नाम के अनुसार गरूड पक्षी के समान ही था। यह 24 हस्त चौडा होता था तथा सात मजिल का और 20 आमलक का होता था यह मदिर आयातकार होता था। नन्दिवर्धन का आकार गरूड प्रासाद के समान था। परन्तु इसमे गरूड प्रासाद के समान पंख तथा पूछ नही थी यह 24 हस्त चौडा होता था तथा सात मजिल का और 20 आमलक का होता था। कुंजर प्रासाद का आकार हाथी के पीछे के आकार क समान होता था यह तल पर चारों तरफ 16 हस्त का होता था। यह प्रासाद एक मजिल का होता था तथा छत तीन चन्द्रशाला से युक्त होती थी।

गुहराज प्रासाद का आकर गुहा के समान होता था यह 16 हस्त चौडा होता था तथा छत तीन चन्द्रशाला से युक्त होती थी।[39] वृष गोलाकार प्रासाद था तथा 12 हस्त चौडा और यह मात्र एक मजिल का होता था (वृष, एकभूमि, श्रङ्ग द्वादशहस्त· समन्ततो वृन्त LV-26)

हस प्रासाद राजहस के आकार का होता था। यह 16 हस्त चौडा तथा एक मजिल का होता था।

39- कुञ्जर इति गजपृष्ठ षोडशहस्त समन्ततो मूलात्।
गुहराज षौडशकस्त्रिचन्द्रशाला भवेद्वलभी ।। [LV 25]

घट कुम्भ के आकर का प्रासाद था यह 8 हस्त चौडा तथा एक मजिल का था। सर्वतोभद्र 26 हस्त चौडा तथा चार प्रवेश द्वार वाला था इसमे 5 मजिल थी।[40]

सिह, यह एक मजिल का प्रासाद था तथा 8 हस्त चौडा होता था। यह प्रासाद सिह के चित्रो से अलंकृत था।

वृत्त, चतुष्कोण षोडशाश्री तथा अष्टाश्री प्रासाद का आकार उनके नाम के अनुसार ही था। वृत वृत्ताकार, चतुष्टकोण वर्गाकार, षोडशास्त्री, 16 दिशाओ वाला और अष्टशास्त्री आठ भुजाओ वाले प्रासादो को कहते है। ये सभी प्रासाद अन्दर से अन्धकारमय होते है। भूमरा का शिवमन्दिर चतुष्कोणीय है। उडीसा के रामगढ मे मुण्डेश्वरी मन्दिर अष्टकोणीय मन्दिर का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

40- द्वारैर्युत चतुर्मिर्बहुशिखरो भवति सर्वतोभद्र ।
बहुरूचिरचन्द्रशाल षड्विश पञ्मामश्च ।। [LV27]

शिल्प, संगीत तथा चित्रकला

शिल्प कला - यहा वनसप्रशाध्याय (Ch LVIII) का वर्णन करना आवश्यक है, जिसमे प्रतिमा बनाने के लिए लकडियो की आवश्यकता का उल्लेख है। शमशान भूमि पर उगे वृक्ष, सडक के किनारे प्रसाद के समीप उधान एव तपोवन मे, चैत्य वृक्ष, नदियो के सगम पर उगे वृक्ष, सावधानपूर्वक पोषित, वृक्ष झुके हुए किसी वृक्ष के अत्यधिक समीप वृक्ष, किसी भी तरह से क्षति पहुँचाऐ गये वृक्षो को तक्षणमाला या मूर्तिकला के लिए उपयुक्त माना गया। देवदारू, चन्दन, शमी, मधुक, वृक्ष ब्राह्मणो के लिए उपयुक्त बताये गये है। क्षत्रिय को अरिष्ट, अश्वथ, खदिर और बिल्व वृक्ष की मूर्तियो को अधिष्ठित करने का अधिकार था। वैश्यो को जीवक, खदिर, सिन्धुक और स्यन्दन तथा शूद्रो को तिन्दुक, केसर, सर्ज, अर्जुन आम्र वृक्षो की मूर्तियो अधिष्ठित कराने का अधिकार था। चुने हुए वृक्षो को काटने से पहले कुछ कर्मकाण्डो को सम्पन्न किया जाता था। वृक्ष के तनो को पहले कई भागों मे बाटा जाता था, जिससे कि किसी मूर्ति का उर्ध्वस्थ एव निम्नस्थ वृक्ष के सदृश्य हो।[41]इसकी अगली रात्रि को शिल्पी वृक्ष पर निवास करने वाली आत्माओ (पिशाच, नाग, असुर गज, विनायक इत्यादि) की अराधना करता था तथा मन्त्रोचार से उनका निवास बदलवाता था। प्रातः काल जल का छिडकाव किया जाता था तथा मक्खन से साफ की गई तथा मधु लगायी गई कुल्हाडी से वृक्ष को काटा जाता था।

वर्गीकरण - वराहमिहिर मूर्ति एव लिङ्ग को प्रयुक्त वस्तुओ के आधार पर सात भागो मे बाटते है –

41- लिग वा प्रतिमा वा द्रुभवत् स्थाप्या यथादिश यस्मात्
तस्माच्चिहनयितव्या दिशो द्रुमस्योर्ध्वमथवाडध ।। [LVIII 7]

(1) दारूमयी (2) मृण्मयी (3) मणिमयी

(4) स्वर्णी (5) रजतमयी (6) ताम्रमयी

(7) शैली [42]

कुछ परिवर्तन के साथ यह वर्गीकरण मत्स्य पुराण शुक्र नीतिसार और समरागण सुराध्याय मे भी मिलता है।

प्राचीन काल मे अलग–अलग देवताओ के लिए अलग–अलग सामग्रियो का प्रयोग उयुक्त समझा जाता था। जैसे, ताम्र स्फटिक, चन्दनख, शख या लौह, स्वर्ण, लौह, नाग और कास्य क्रमश· सूर्य, चन्द्र, मगल, बुध, ब्रहस्पति, शुक्र, शनि राहु और केतु के लिए निर्धारित थे।

प्रतिमाभित्ति - प्रत्येक देवता की मूर्ति हेतु अनुपात निर्धारित था। वराहमिहिर अनुपातो के लिए अगुल का प्रयाग करते थे। वराहमिहिर एक 108 अंगुल ऊँची प्रतिमा का वर्णन करते हुए बताते है कि प्रतिमा के मुख की लम्बाई अैर चौडाई पूरी प्रतिमा की 12 अगुल होनी चाहिए। उत्पल इसकी व्याख्या करते हुए कहते है कि पूरी लकडी या प्रस्तर को 12 प्रमुख खण्डो एव पुन हर खण्ड को 9 भागों मे विभाजित करने पर 108 अंगुल या ईकाईयो से प्रतिमा प्रयुक्त होती है। उत्पल अगुल से सम्बन्धित मात्र अगुल की ईकाई भी बताते है, जो शिल्पी या धनी भक्त जो प्रतिमा निर्माण करवा रहा हो की मध्यमा के मध्य भाग के बराबर होता है।

42- आयु श्रीबलजयदा दारूमयी मृण्मयी तथा प्रतिमा।
लोकहिताय मणिमयी सौवर्णी पुष्टिदा भवति।।
रजतमया कीर्तिकरी प्रजाविव दि करोति ताम्रमया।
भलाभ तु महान्त शैली प्रतिमाऽथवा लिगम् [LIX 4-5]

–	दोनो हनु (Jaws) एव चिबुक (chin)	2
–	मस्तक (क्षैतिज)	8
–	कनपटी (मस्तक से नीचे की तरफ)	2
–	कर्ण (चौडाई)	4
–	आखो एव कर्ण के बीच की दूरी	$4\frac{1}{2}$
–	निचले ओष्ठ की चौडाई	1
–	ऊपर के औष्ठ की चौडाई	1
–	ऊपर के ओष्ठ पर पडने वाला गढ्ढा (चौ०)	$\frac{1}{2}$
–	मुख (लम्बाई)	4
–	खुले मुह की चौडाई	3
–	नासापुट	2
–	नासिका की ऊँचाई नासापुट से	2
–	दोनो आखों की पुतलियो के बीच की दूरी	4
–	आखो के गढ्ढो की लम्बाई	2

संगीत एवं चित्रकला - वराहमिहिर को स्वर एव वाद्य[43] सगीत के विषय मे जानकारी थी। वे सगीत से सम्बन्धित व्यक्तियो का उल्लेख करते है। गायन के सगत के लिए

43- (Vadya Bj XVIII 1, Vadita, XXXIII 23, Vaditra, XLIII 16, LXXXV 22)

वीणा, बासुरी, इत्यादि वाह्य यन्त्रो का प्रयोग किया जाता था। गायन एव यन्त्रो से उत्पन्न ध्वनियो की तुलना करायी जाती है। सगीत धार्मिक उत्सव मे प्रमुख स्थान रखता था।

चित्रकला को चित्रकर्म (LVII 14) के रूप मे जाना जाता था तथा इसको बनाने वाले को चित्रकार (V 74,IX30) चित्राज्ञ (X 10) तथा आलेख्याज्ञ (XVI 17)। कपडे को चित्रकला की सामग्रियो मे बताया है (YY, VI, 10)। चित्रकला के लिए सुगन्धित रगो का प्रयोग होता था (XLVII 27)। चित्र बनाने के लिए जिन वस्तुओ की आवश्यकता होती थी, उनमे विभिन्न प्रकार के रग तथा अनेक प्रकार की कूचियॉ प्रमुख थी। गेरू, कुकुम, पीला, नीला, काला सफेद तथा हरा रग मुख्यत प्रयुक्त होते थे। ये रग स्थानीय खनिजो से तैयार किये जाते थे। कूचियो को वर्तिका तथा तूलिका कहा जाता था। कभी–कभी खडिया तथा गेरू से भी खाका चित्र बनाया जाता था। रग तथा कूचियॉ को जहा रखते थे उसे प्रतोलिका, वर्णिकाकरड एव वर्ण मजूषा कहा जाता था।

इस प्रकार उपर्युक्त सक्षिप्त सर्वेक्षण के आधार पर यह कहा जा सकता है कि भारतीय स्थापत्य कला का एक अत्यन्त सुदीर्घ इतिहास है। गुप्तकाल अद्वितीय क्रियाशीलता का काल था। अनेक साक्ष्यो तथा ज्योतिषीय ग्रन्थो से भारतीय कला का चूडान्त निदर्शन मिलता है। इसका प्रभाव अधिकाश देशों की कला मे भी दृष्टिगोचर होता है।

छन्द

वराहिमिहिर पद बनाने मे निपुण थे उन्होने वृहत्सहिता मे 63 से कम छन्दो का प्रयोग नही किया है। आर्या छन्द उनका सबसे प्रिय था। जिन छन्दो को उन्होने प्रयुक्त किया है वह निम्न है तथा उन पदो की सख्या जो मिलती है वह उनके आगे दी हुई है।

मुखचपला	जघनचपला	शार्दूलविक्रीडत
श्रगधरा	सुवदना	सुव्रता
शिखरिणी	मन्दाक्रान्ता	वृषमचरित
उपेन्द्रवज्रा	उपजाति	प्रसम
मालती अपर्वकृत	विलम्बतगति	सुपष्पताग्र
इन्द्रवश	स्वागता	द्रुतपद
रूचिर	प्रहरष्णीय	दोयक
मालिनी	भ्रमराविलासित	मन्तमयूर
मणिगुणनिकार	हरिणलुप्त	ललितपद
शालिनी	रतोद्वत	विलासिनी
बसन्ततिलिका	इन्द्रवज्रा	अनवसिता
लक्ष्मी	प्रमिताक्षरा	स्थिर
तोटक	वशपत्रपतित	ललित
भुजङ्गप्रचात	पुटा	वैश्वदेवी

उर्मिमाला	वितान	भुजङ्गविज्रम्भित
उद्गता	गीतयात्रा	उपगीति
आर्या	नरकुटक	विलास
आर्यागीति	पथयात्रा	वक्त्र
श्लोक	अनुष्टुप	वैतालिय
औपचन्दासिक	वृष्टिप्रयात—दण्डक	वरणकदण्डक
समुद्रदण्डक	विपुला आर्या	

अन्त मे कहा जा सकता है कि वराहमिहिर ने छन्दो पर प्रचुर कार्य किया है।

अध्याय 7

ज्योतिष ग्रन्थों में वर्णित तत्कालीन दैनिक जीवन

7- दैनिक जीवन मे ज्योतिष

बृहत्सहिता मे प्राकृतिक ज्योतिष शास्त्र पर विस्तृत वर्णन किया गया। प्राचीन काल मे लोगो को ज्योतिष शास्त्र पर अत्यधिक विश्वास था। यहॉ पर हम इस विषय पर सक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते है।

वैदिक सभ्यता 'शकुन' 'भविष्यवाणी' तथा भविष्य बताने पर विश्वास रखती थी। 'छान्दोग्य उपनिषद' (VII 1 24) के अनुसार 'दैव तथा 'नक्षत्र विद्या' का अर्थ प्राकृतिक व्यवधान तथा ज्योतिष से सम्बन्धित माना गया है। नारद ने भी विज्ञानो की सूची मे इसे सम्मिलित किया है। पाणिनि ने भी शरीरिक चिन्हो से भविष्य कथन तथा भविष्य वक्ता द्वारा भाग्य बताने पर लोगो के विश्वास का सन्दर्भ दिया है। उत्पल की 'ऋग्याणदिगण' मे सामवातसार, मुहुर्त तथा निमित्त आदि अध्ययन के विषय मे विवरण मिलता है।

प्राचीन भारत के सिनकोनिन राज्य में सामवातसार–ज्योतिष के कार्यालय सामवातसार,[1] सामवतसरिका,[2] सामवतसार पाथिन,[3] देवाकन,[4] देवविद,[5] देवचिन्तक[6] आदि विभिन्न नामो से विख्यात थे। वराहमिहिर ने ज्योतिष के कारणों का विस्तृत वर्णन किया है वे एक ऐसे व्यक्तित्व है जिन्होने भारतीय ज्योतिष को व्यक्तिगत फलादेश मात्र तक सीमित न रखकर मानव जीवन के सभी पहलुओं से बडी सफलता व कुशलता से वर्णन किया है।

उन्होने राज्य तथा समाज मे सामवतसार' की महत्वता तथा योग्यता का वर्णन

1- II p 19, 11 8, 9, 10
2- II - 11
3- II 12
4- II P 84, 11 16
5- II 15 22
6- II p 73, II 12, 20

किया है। उनके अनुसार राजा को विद्वान सामवतसार का सम्मान करना चाहिये तथा उसकी उचित सुरक्षा करनी चाहिये तथा चार अन्य ज्योतिषी को उसकी सहायता के लिये नियुक्त करना चाहिये। वराहमिहिर के अनुसार–यदि राजा विद्वान ज्योतिष का सम्मान नही करता है, तो वह विनाश की ओर अग्रसर होता है। वह आगे कहते है कि न तो माता–पिता न सम्बन्धी मित्र राजा तथा उसके भ्रत्यो की कुशलता के लिये इतने उत्सुक होते है जितना कि एक विश्वसनीय ज्योतिष। उनके अनुसार जहा पर सामवतसरिका नही है, उस देश मे समृद्धि तथा प्रसिद्धि नही रहती है।[7] गौतम धर्मशास्त्र (XI.15.16) विष्णु धर्मशास्त्र (III 75) याज्ञवल्क्व स्मृति (I 307, 333;III172.2) विष्णुधर्मोन्तर (III 4.5 16) तथा कामन्दक्य नीतिशास्त्र (IV.33) राजा को ज्योतिष पर निर्भर रहने की विनती करती है।[8] कौटिल्य जो कि ज्योतिष पर बहुत ज्यादा विश्वास नही रखते थे उन्होंने भी कर्तान्तिक, नैभित्तिक तथा मुहुर्तिका का शाही अधिकारियो की सूची मे उल्लेख किया है। जैन साहित्य थानाग सामब्याग तथा उत्तराध्यायन सूत्र मे भी पापकर्मो को सूचित किया है तथा उन्हे निषिद्ध माना है।[9] मनु (VI 50) ने भी कहा है कि ब्राह्मणो को किसी भी स्थिति मे निमिन्त, नक्षत्र तथा अगविद्या धर्मशास्त्र का सम्पादन नही करना चाहिये। लेकिन कठोर विरोध के बावजूद भी इन कलाओ की सामान्य लोक मे अत्यधिक प्रसिद्धि थी। सांसरिक जीवन पर ज्योतिषीय तथ्यो पर बढते हुये प्रभाव ने ब्राह्मण लेखकों के विचारो में परिवर्तन किया जिसका प्रभाव राजा का ज्योतिषो पर विश्वास के रूप मे दिखायी पडा।

वराहमिहिर ने 'सामवातसार' को उच्च आदर्श का स्थान दिया है। उनके अनुसार ज्योतिष की तीन शाखाओ गणित, कुंडली, प्राकृतिक ज्योतिष तथा आवश्यक बौद्धिक योग्यता में निपुण होने के साथ वे शारीरिक आर्कषण से युक्त समझे जाते

7- II 22, 11
8- cf Mahabharata II 5 42
9- Angavijja, Introduction by Dr Moti Chandra, p 35

थे। ऐसा विश्वास था कि शारीरिक अवस्था किसी के गुण दोष का प्रथम मापदण्ड थी। सामवात्सार बनने के इच्छुक व्यक्ति को कुशाग्र बुद्धि तथा विनम्र होना चाहिये था। इस प्रकार "यह सम्भव है कि एक व्यक्ति हवा के सहारे समुद्ध को पारकर दूसरे किनारे पर पहुच जाये किन्तु असाधु व्यक्ति मानसिक रूप से भी उस महान सागर के अन्त तक नही पहुॅच सकता जिसे काल पुरूष कहा जाता था" यही ज्योतिष है।[10] लेकिन ज्योतिष जो कि अनुचित अभ्यास का आश्रय जैसे जादू टोना तथा देवताओ पर अधिकार करके भविष्यवाणी करते थे, जो स्वय के भौतिक लाभ के लिये यह कार्य करते थे। वराहमिहिर ने इस प्रकार के लोगो को 'नक्षत्र–दूषक' कहा है तथा उनकी भर्त्सना की है। (cf II 1, 2, 17) वराहमिहिर ने अपने समय की ज्योतिषीय विश्वासो की अत्यधिक विस्तृत सीमा वर्णित की है। उन्होने केवल सूर्य, चन्द्रमा, ग्रह तारा मंडल, शशिचन्द्र सम्बन्धी चिन्हो की भविष्यवाणी का ही नहीं अपितु अगो की गति की व्याख्या शारीरिक चिन्ह असाधारण मनुष्य के चिन्ह तथा शकुनों आदि का भी वर्णन किया है। अब हम इन सबको सक्षिप्त वर्णन करेगे।

सूर्य- सूर्य की स्वाभाविक गति के अच्छे परिणाम होते हैं लेकिन उसकी असमान्य गति सकट का कारण समझी जाती थी (III.4)। यह मान्यता थी सूर्य मकर तथा कर्क राशि मे जाने के पूर्व अपनी गति की पुनरावृत्ति करता है तो वह दक्षिण पश्चिम के लिये उत्तर तथा पूर्व की अपेक्षा विनाशकारी होता है। दूसरी तरफ सूर्य के लिए, अस्त होते समय दोनो राशियो को पार करने के सम्बन्ध मे यह विश्वास था वह फसलो की समृद्धि और सफलता की उन्नति करेगा। (III.5)। ऐसा विश्वास था कि non eclipse days[11] एक ग्रह जिसे त्वाष्ट्र Tvastr कहते थे, सौर नक्षत्र मडल को अन्धकारयुक्त करती है, जिसका परिणाम सात राजओ तथा आयुध अग्नि तथा दुर्भिक्ष

10- II 4 fro exalations of the atrology Cf II, 3, 5, 7, 9, 12, 13, 14, 21

11- I C the day then the 8th and 14th of each for night of a lunar month and the fill and how moon days

द्वारा उनकी प्रजा का विनाश होता था (III 6)[12]। धूमकेतु जो कि 'तामसफिलकस' के नाम से जाने जाते थे तथा राहु के पुत्र समझे जाते थे, जब सूर्य के गोले मे दिखाया देते थे तो मान्यता थी कि इनका बुरा परिणाम जैसे दुर्भिक्ष चोरी, विदेशी आक्रमण, राजा की मृत्यु, विभिन्न महामारियो का फैलना माना जाता था, जिसको कि धूमकेतु के आकार स्थिति तथा रग के निरीक्षण द्वारा पहले से बताया जा सकता था। विभिन्न शुभ और अशुभ परिणाम सूर्य की अवस्था तथा रग से, इन्द्रधनुष से, बादलो से घिरे हुये आभा मंडल से, धूमकेतु की अवस्था तथा स्थिति से पुर्वानुमानित किये जाते थे।

चन्द्रमा - चन्द्रमा दक्षिण के तारामडल ज्येष्ठ, मूल, दो आषाढ विशाखा तथा अनुराधा को पार करता हुआ अपशकुन समझा जाता था तथा अग्नि से भय, जगलो, जलचरो तथा बीजो के विनाश का कारण समझा जाता था। जबकि विशाखा तथा माघ के मध्य द्वारा पार करता हुआ शुभ समझा जाता था। चन्द्रमा के दस असामान्य आकार जिन्हे नौसामास्थान लागल, दसतलागल, साम, दंड, कार्मुक युग पर्सवास्यिन, अवार्जित तथा कुड कहते थे, इनके अच्छे और बुरे परिणामो का वर्णन किया गया है (IV8-15)। चन्द्रमा की विभिन्न आकृति, आकार तथा रग के अपने प्रभाव का भी वर्णन है। (IV16-20, 24-32)। यह माना जाता था यदि चन्द्रमा ग्रहण के समय किसी उल्कापात द्वारा, काटा जाये तो उसकी छाया राजा की मृत्यु का कारण है, उस समय जहॉ चन्द्रमा स्थित है।

ग्रहण- यद्यपि चन्द्रग्रहण तथा सूर्य ग्रहण का कारण चन्द्रमा का क्रमश पृथ्वी और सूर्य के बीच मे प्रवेश करना था (V8 Also cf. V4-7,9-13) परन्तु साधारणतया यह विश्वास था इसका कारण दैत्य राहु था जो कि कश्यप ऋषि तथा सिहिका का पुत्र

12- cf parasara cited by utpala

था। यह मान्यता था कि विष्णु द्वारा, दैत्य तथा देवो के मध्य अमृत के लिये युद्ध मे उसका सिर काट दिया था, वह एक गृह बन गया था (VI)। ऐसा विश्वास था वह भी चन्द्रमा तथा सूर्य के समान था तथा ब्रह्म के वरदान के कारण स्थायी होने पर भी दिखायी वही पडता था (V2)[13]। कुछ लोगो के अनुसार राहु की केवल सिर तथा पूछ देखी जा सकती है। अन्य लोगो के विचारो के अनुसार वह सर्प की आकृति मे होता था। चन्द्रग्रहण समय की निश्चित गणना के बाद होता था तथा प्राचीन कालीन लेखको ने सकट के रूप मे इसके प्रभाव को स्वीकार किया है। छ (six) महीने के समय, तथा ग्रहण का घटित होना, ब्रह्मा, चन्द्रमा, इन्द्रकुबेर, वरूण, अग्नि तथा यम की उतरते हुये क्रम मे अध्यक्षता की मान्यता थी। ग्रहण का होना विभिन्न अच्छे तथा बुरे परिणामो का शकुन बताने की मान्यता थी। यह मान्यता थी कि सूर्य तथा चन्द्र ग्रहण का एक ही महीने में होना राजा के विनाश का कारण होता था, जो कि महाभारत मे भी वर्णित है। भीष्म पर्व (3.32-3) के अनुसार सूर्य तथा चन्द्र ग्रहण भारत युद्ध का कारण था। साथ ही साथ सूर्य तथा चन्द्र का राहु द्वारा ग्रसित होने का परिणाम अर्जुन तथा सैन्धव के मध्य युद्ध के रूप मे वर्णित है। (अश्वमेधिकपर्व 77.15. Also cf उद्योग पर्व 143.11)। धूल भरी आंधियो का होना, भारी ओस, (हिमपात) भूकम्प, उल्कापात रगबिरगे बादल तथा अन्य अद्‌भुत घटनाओ का होना एक सप्ताह के अन्दर ग्रहण के अशुभ परिणाम समझा जाता था जबकि स्पष्ट वर्षा फसलों की समृद्धि के रूप मे समझी जाती थी। (V82.6)।

मंगल बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि - इन पाचो ग्रहो की गति भी इसी प्रकार के परिणाम की द्योतक थी। ऐसी मान्यता थी कि ग्रसित बुद्ध स्वतन्त्र होकर सूर्य से दृष्टिगोचर होता है तो शहर पर आक्रमण होता है। अन्य विश्वासों के अनुसार बुध का

13- The story under reference may be briefly summariesed as follows-Being angery at the untively request of simhika for a son, kasyapa gave her a dreadful son who come to be known as Rahu, Inmediately after his birth, he fought a battle in which he was defeated by Aditis sons Enraged —————— edipse the two luminarics and this indicate good and bad thing for the world , cf parasara cited by utpala on V 2

पश्चिम मे दिखायी देना चढाई करने वाली सेना का शहर मे आधिपत्य होना दर्शाता था। जबकि बृहस्पति का एक वर्ष मे तारा मडलो से होकर गुजरना अच्छे और मिले जुले परिणाम प्रकट करता था। इससे अधिक तारो से होकर गुजरना फसलो के विनाश का कारण था। सूर्यास्त से पहले शुक्र का दिखायी देना भय अकाल तथा बीमारी का कारण माना जाता था। जबकि दिन क मध्य मे इसका चन्द्रमा के साथ देखा जाना शहर तथा राजा की सेना मे मतभेद का कारण माना जाता था। शनि नक्षत्र जो स्थित हो, वह विभिनन देशो, लोगो, व्यवसाय तथा लोक समुदाय के लिए सकट लाने वाला माना जाता था (X.1-18)। एक समय मे विशाखा मे ब्रहस्पति अथवा दोनो का एक ही तारामडलो में होना सकट के रूप में समझा जाता था (X.19)।

केतु- केतु अथवा पुच्छल तारा को आग के सादृश्य वर्णित किया गया है किन्तु वास्तव मे वहां कोई अग्नि नही है। केवल जुगनू या हीरे जवाहरात आदि है जो कि अग्नि के सदृश दिखायी पडते है। (XI.3) केतु के प्रकट होने तथा छिपने की गणित द्वारा गणना नही की जा सकती। तीन प्रकार के केतु का वर्णन मिलता है, जो कि स्वर्गीय, वायुमडल सम्बन्धी तथा लौकिक है। (XI 2)।[14] विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा केतु की सख्या 101 अथवा 1000 मानी गयी है। नारद इसे एक ही मानते है, जो अनेक रूप तथा आकार मे प्रतीत होता है। वायुमडलीय पुच्छल तारे ध्वज के डडे, आयुध, गृह घोडे तथा हाथियो की आकृति मे तथा जो नक्षत्र के रूप मे वह स्वर्गीय तथा जो इनसे अलग थे। वे लौकिक माने जाते थे (XI.4) केतु को अच्छा तथा बुरा प्रभाव इसके उदय तथा अस्त के द्वारा निश्चित किया जाता था लोगो की यह मान्यता थी कि केतु का प्रभाव इसके दिखायी पडने के तीन सप्ताह बाद से शुरू होता था। केतु छोटा, स्पष्ट चमकदार, सीधा, सफेद वर्षा के बाद थोडे समय के लिये दिखायी दे वह

14- For the enumeration of 1000 ketus see XI 10-28

शुभ माना जाता था, जबकि इसके विपरीत दिखायी देने वाले को धूमकेतु कहते थे तथा वह अशुभ समझा जाता था, विशेष तौर पर जब यह इन्द्रधनुष के सादृश्य हो इसी तरह केतु जिन्हे 'अस्थिकेतु' (XI 30) कपालकेतु (XI 31) रौद्र (XI 32) कालकेतु (XI33 36) श्वेतकेतु (XI 39) रश्मिकेतु (XI.40) तथा समवर्त (XI 51 2) कहा जाता था, बुरे परिणाम वाले माने जाते थे। जिन्हे कुमुद (XI.43) मणिकेतु (XI144 5) फलकेतु (XI46) पदमकेतु (XI 49) तथा अवर्त (XI.50) कहा जाता था, वह समृद्धिशाली होते थे। वामकेतु ध्रुवकेतु का मिश्रित प्रभाव की मान्यता थी अशुभ केतु हल्के तथा बहुत से तारो का स्पर्श करने वाले विभिन्न देशो के राजा का विनाश के कारण समझे जाते थे।

कैनोपस (अगस्त्य) - यदि भद्दा, धुयेयुक्त भूरा, छोटा, किसी धूमकेतु अथवा पुच्छल तारे द्वार तोडा हुआ हो तो वह सूखा, भय अकाल, युद्ध तथा महामारी आदि का कारण होता है ऐसा विश्वास था (XII 21,19)। जबकि जो सोने अथवा चादी के समान हो वह इसके विपरीत परिणाम देता है (XI 20)। फसलो की उत्पत्ति तथा मूल्यो मे उतार चढाव मे ज्योतिषीय तथ्यो पर निर्भर होते है ऐसा माना जाता था।[15]

अच्छे तथा बुरे परिणाम ग्रहो की आपसी टकराहट, चन्द्रमा का दूसरे ग्रहो से योग तथा विभिन्न ग्रहो की वर्ष के ऊपर अध्यक्षता के कारण होती थी। (Chs. XVII XX)

सन्ध्या - सूर्य के आधे अस्त होने के समय के बीच को तथा धुंधले तारो का परिलक्षित होने का समय, तथा सूर्य के उदय होने के मध्य अस्पष्ट तारो की झलक को सन्ध्या कहा जाता था। इसका अच्छा तथा बुरा प्रभाव पक्षियो तथा जगली जानवरो की गति, हवा, सूर्य तथा चन्द्रमा के चारों तरफ का आभामडल, पेड के

15- Supra Ch V section 4

आकार के बादलो तथा इन्द्रधनुष से निश्चित किये जाते थे। इस प्रकार जंगली जानवर का जोर से लगातार भयातुर होकर सन्ध्या समय चिल्लाना गाव के विनाश का सूचक था। पक्षियो का सूर्य की ओर मुंह करके चिल्लाना देश के विनाश का सूचक था।[16] दड का मध्य मे दिखना राजा तथा चारो वर्ण के विपक्ष में माना जाता था। वृक्ष के आकार के बादलो का अचानक अदृश्य होना राजा की मृत्यु की भविष्यवाणी जबकि उसी तरह छोटा वृक्ष युवराज तथा मन्त्री की मृत्यु की भविष्यवाणी करता था (XXX.19)[17]। दिग्दाह का दावानल, भूकम्प धूमकेतु, सूर्य, चन्द्रमा तथा तारागणो का आभामडल, इन्द्रधनुष, गन्धर्व नगर प्रतिसूर्य (Mock-sun) आदि भी सामरिक जीवन मे विभिन्न तरीको से अपना प्रभाव डालते थे (Chs 31.38)।

भूकम्प - भूकम्प के सम्बन्ध में लोगो का विश्वास था कि वह समुद्र मे रहने वाले विशाल जल–जन्तुओं की गति के कारण पृथ्वी का भार उठाने से थके हाथियों की श्वास द्वारा, वायुमडलीय हवा के कारण होते थे। इसके अतिरिक्त अन्य मान्यताये भी थी।

उल्का अथवा धूमकेतु के सम्बन्ध मे मान्यता थी कि वह स्वर्गीय सुख का आनन्द लेने के पश्चात लोगो के रूप मे नीचे गिरते है।

उत्पात[18]- यह माना जाता था कि मनुष्य के दुश्कर्म के परिणाम स्वरूप प्राकृतिक व्यवधान होते थे (XLV.1), जो कि तीन प्रकार स्वर्गीय, वायुमडलीय लौकिक के होते थे। मनुष्य के गलत कर्म के परिणाम स्वरूप देवताओ का अप्रसन्न होना इन उत्पात (UTPATAS) का कारण माना जाता। राजा का यह कर्तव्य था किन दुष्प्रभावी को रोकने के लिये शान्ति (Santıs) कराये (XLV.3)।

16- The collection of the sun beames clouds and wind assuming the form of a staff was called danda (XXX.16)

17- See also XXX 23, 25, 27-9, 30 for the time of these effect, See XXX 31

अंग विद्या - शारीरिक अगो की गति के अनुसार शकुन बताने को अग विद्या या विज्ञान कहते थे। यह अत्यन्त प्राचीन है। पूर्वकालीन बौद्ध ब्राह्मण तथा जैन साहित्यो मे इसका वर्णन है। इस विज्ञान की प्रसिद्धि के सम्बन्ध मे वराहमिहिर का कथन है जो इस विद्या मे निपुण होता था वह राजा तथा लोगो द्वारा सदैव सम्मानीय होता था (L.44)। शकुन बताने के अच्छे तथा बुरे परिणाम के लिये शकुन वक्ता को स्थान, दिशा, अगो के गति के सम्बन्ध मे काफी पूछ ताछ करनी पडती थी। इस पूछताछ के लिये उचित समय तथा दिशा तथा स्थान का चयन बहुत ध्यान से करना पडता था। इस उद्‌देश्य के लिये बाग या जगल जो कि फूलो, फलो तथा छायादार वृक्षो से घिरा हो, ब्राह्मण तथा साधुओ की कुटिया तथा स्वच्छ जल का तालाब हो, उचित समझा जाता था (L 2for an unsuitably place see.L.3.5) शकुन बताने के उद्‌देश्य से अगो को पुल्लिग, स्त्रीलिग तथा नपुसक लिग मे विभक्त किया जाता था। अन्य अच्छे तथा बुरे प्रभाव, मुहॉसो की स्थिति, व्रण, तिलक, मस्से (Masaka) शुभ चिन्ह तथा शरीर के विभिन्न भागो के बालों के घेरे (avarta) द्वारा भी माने जाते थे ऐसी जनमान्यता थी।[19]

पुरूष तथा स्त्रियों के चिन्ह + कुछ विशेष लोग पुरूष तथा स्त्रियों के चिन्ह के आधार पर भूत तथा भविष्य बताते थे उनका समाज में बडा सम्मान था। किसी व्यक्ति, ऊँचाई, वजन, सार, रग, आवाज, प्रवृत्ति, साहस शरीर के अंग तथा छाया का ध्यानपूर्वक निरीक्षण करके भविष्य बताते थे (LXVII 1)[20]। इन लोगों को सामुद्रविड तथा लक्षणाजन (LXVII 89) कहा जाता था। यदि किसी मनुष्य के अगूठे के मध्य मे जौ का चिन्ह हो तो वह समृद्धिशाली होगा ऐसा माना जाता था। अंगूठे के जड़ से

18- cf Angavijja, ch 53

19- Ch 51 on pitaker Laksana is declared by utpala to be spurious Atah param = api kealtpitaka-laksanami pathani, tad= apy = asmabhir = vyakhyayate but varahmihira mentions it as one opf the topics deatt with in a samhita (ch II, p 73)

20- cf Angavijja, ch 37

निकली चौडी रेखा पुत्र तथा पुत्रिया सूचित करती है। कलाई से निकली हुयी तो रेखाये जो की पहली ऊगली तक पहुँचती है, 100 वर्ष की आयु की द्योतक थी इसके विपरीत छोटी रेखा कम आयु की। जनमान्यता के अनुसार यही तीन रेखाये हथेली तक पहुँचती है तो वह राजा बनाती है। स्त्री के हाथ की रेखा जो कि कलाई से प्रारम्भ होकर बीच की ऊँगली तक पहुँचती है वह राजसी ठाट–बाट की प्रतीक है। इसी तरह की अन्य मान्यताए भी प्रचलित थी।

पॉच महापुरूष - वराहमिहिर ने वृहत्सहिता के 68 अध्याय मे पॉच महापुरूषो (पच पुरूष प्रशस्त) के चिन्हो का वर्णन किया है। ऐसा विश्वास था कि पॉच महापुरूष जिन्हे हस, सश, रूचक भद्र तथा मालव्य कहा जाता था, का जन्म ब्रहस्पति, शनि मगल बुद्ध तथा शुक्र की सुदृढ स्थिति मे तथा लग्न से चौथे 7 सातवे तथा दसवें ग्रह मे थे तब हुआ था[21]। इन महापुरूष के सम्बन्ध मे कहा जाता था, कि इन्होने सूर्य से शक्ति, शारीरिक सुन्दरता तथा मानसिक शक्ति चन्द्रमा से तथा चारित्रिक विशेषताये गृह नक्षत्रो से प्राप्त की है। ब्राह्मण परम्परा के अनुसार यह पाच महापुरूष राजा बनते थे।

वे मनुष्य जो मिश्रित चारित्रिक गुणो वाले होते थे, तथा राजा नहीं बन सकते थे, सख्या मे पॉच होते थे। जो कि वामनक, जाघन्य, कुब्ज, माण्डलक तथा सन्सिन। वे क्रमश भद्र, माण्डलक हंस रूचक तथा सश के सहायक होते थे। ऐसा माना जाता था कि नये वस्त्र धारण करना एक या अन्य नक्षत्र मे शुभ और अशुभ परिणाम प्रकट करता था। यह कहा जाता था कि चारा कोनो वाले वस्त्रों को

21- तराग्रहैर्बलयुतै स्वक्षेत्रस्वोच्चत्रै चतुष्टयगै।
पचपुरूषा प्रशान्ता जायन्ते तानह वक्ष्ये।।
जीवेन भवति हस सौरेण शश कुजेन रूचकश्च।
भद्रो बुधेन बलिना मालव्यो दैत्यपूज्येन।।
LXIII 1-2 cf Raghuvamsa, III 13

भगवान, दो चौडे किनारे वाले को मनुष्य तथा शेष बचे हुये वस्त्र दैत्य धारण करते थे (LXXX 9)। जब कपडा गन्दा, कीचडयुक्त, कटा, जला या फटा हो अथवा दैत्यो के भाग का हो तो पहनने वाले की बीमारी या मृत्यु की भविष्यवाणी करता है। इस मान्यता की प्रसिद्धि तथ्यो द्वारा जैनो के 'उत्तराध्यायन सूत्र' मे भी वर्णित है।

विशेष नक्षत्र, तिथि, करन तथा साप्ताहिक दिन भी शुभ माने जाते थे तथा विभिन्न कार्यो के लिये निर्धारित किये जाते थे।

शकुन- मनुष्य के जीवन मे होने वाली भविष्य की घटनाओ का पक्षियो तथा जानवरो की गति को देखकर अनुमान लगाया जाता था, विशेषतया यात्रा के दौरान। सन्त तथा दिप्त शकुन क्रमश अच्छे या बुरे भविष्य के द्योतक थे। जब दो शकुन एक साथ देखे जाते थे तो एक वह जो श्रेष्ठ गति, शक्ति, स्थिति जोविल मूड (Jovial mood) साहसी और आवाज तथा स्वय की दृढ स्थिति में हो, दूसरे की अपेक्षा शक्तिशाली होता था। शकुन के सम्बन्ध में यात्री का बाये तथा दाये, आगे तथा पीछे, दिशा मे जाने का वर्णन भी किया गया है। पक्षी का शान्त दिशा की ओर चिल्लाना किसी मनुष्य के पहुँचने या लाभ की भविष्यवाणी करता था। जबकि आधी की दिशा मे चिल्लाना अनचाहे व्यक्ति से मिलना या दुख की सूचना देता था। इससे सम्बन्धित अत्यधिक विस्तृत विवरण मिलता है। भारतीय जीवन के विख्यात लक्षणो मे युगो के दौरान विश्वास की दृढता, भविष्यवाणी, शकुन आदि अत्यन्त प्रचलित रूप में थे। उदाहरणत कुत्ते का सूखी हड्डी के टुकडे को मुह मे लेकर अथवा सूर्योन्मुख होकर भौकना अथवा रात्रि के दौरान घर मे प्रवेश करना भविष्यवणी करता था क्षति अभी है। ठीक इसी प्रकार छीकना भी अशुभ माना जाता था (XCIV.60)

योगयात्रा के अनुसार शीशा, दूध दही, शहद, घी, झडा सोना कोच शख सफेद, बैल फल, अक्षत, गन्ना, खाद्य पदार्थ, कीमती पत्थर यात्रा के दौरान शुभ माने जाते थे।

अग्नि लक्षण–अग्नि पूजा मे पूजारी सामवतसार[22] से सम्बन्धित होता था। पहले अग्नि मे आहुति दी जाती थी तत्पश्चात शकुन पर विचार किया जाता था। अग्नि जो कि सुगन्धित, चमकदार मोटी ज्वालो से युक्त तथा शुभ पदार्थो की आकृति जैसे पताका, घोडा, कमल, फूल रथ की आवाज, समुद्र, बादल, हाथी, तथा महक जैसे हाथी का मद (XLII 31-33-6), पृथ्वी, कमल तथा चावल घी अथवा शहद वाली शुभ मानी जाती थी। यह कहा जाता था कि अग्नि पूजा के अन्त में अग्नि अपने चारो तरफ प्रभा युक्त चमकदार तथा इसकी लपटे दायी ओर मुडती है तो वह राजा की विषय की सूचना देता है। (XLII 32)

अध्याय 8

उपसंहार

8. उपसंहार

गत अध्यायो मे किए गये विवेचन के आधार पर ज्योतिष ग्रन्थो का इतिहास लेखन मे योगदान स्वय सिद्ध है। जैसा कि पूर्व मे कहा गया है ज्योतिष का सम्बनध सीधे जीवन से है क्योकि कोई भी ज्योतिषी यदि कोई भविष्यवाणी करता है और वह जीवन मे घटित नही होती तो उस ज्योतिषी का सम्मान भी नही रहता। अत प्रत्येक ज्योतिषी का यही प्रयास रहता है कि वह घटित होने वाली भविष्वाणिया करे। अत· ज्योतिष ग्रन्थो मे फलित ज्योतिष के सिद्धान्तो का प्रतिपादन करते समय तत्कालीन सामाजिक जीवन के विविध आयामो की झलक स्वमेव समाविष्ट हो गयी। ज्योतिष के ग्रन्थो का सीधा इतिहास से कोई सम्बन्ध बता पाना बहुत सरल कार्य नहीं प्रतीत होता। परन्तु इस विषय के शोध कार्य के माध्यम से मेरा यह प्रयास रहा है कि ज्योतिष मे जहा कही भी समाजिक परितर्वन के सकेत हो एकत्र कर इस क्षेत्र के विभिन्न दिशाओ की स्थापना एव अध्ययन किया जाये।

इस दृष्टिकोण से इतिहास लेखन के ज्योतिषग्रन्थो का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रस्तुत शोध कार्य मे सामाजिक परिवर्तन के समस्त आयामो पर विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

हमे प्रचीन इतिहास की जानकारी साहित्य, सिक्के, शिलालेखों, अभिलेखों तथा ज्योतिष ग्रन्थो के आधार पर होती है। चूकि ज्योतिष ग्रन्थो की प्रमाणिकता स्वयं सिद्ध है तथा यह पूर्णत वैज्ञानिक है। इसमे ग्रन्थकारो के स्वयं के पूर्वाग्रहो विचारों एवं निष्ठाओ का कोई स्थान नही होता है। जैसा कि मध्यकाल एवं आधुतनिक काल के

लेखको मे देखने को मिलता है। किसी पूर्वाग्रह से ग्रसित न होने के कारण एवं देश काल एव परिस्थिति से स्वय को अलग रखने के कारण इनसे प्राप्त ज्ञान सर्वाधिक महत्वपूर्ण सत्य तथा तटस्थ होते हैं। अत इस शोध प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य प्राचीन भारत मे ज्योतिष ग्रन्थो के आधार पर होने वाले सामाजिक परिवर्तनो का पक्षपात रहित होकर विषयवस्तु को नवीन एव सुस्पष्ट रूप से प्रस्तुत करना है।

इस सम्पूर्ण प्रक्रिया को एक नये दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। इसका अवलोकन करके यह कहा जा सकता है कि समाज अर्थ धर्म कला एव साहित्य के क्षेत्रो का इन ग्रन्थों मे विस्तृत विवरण मिलता है तथ प्राचीन भारत मे हुये सामाजिक परिवर्तनो का ज्ञान प्राप्त करने के लिये ज्योतिष ग्रन्थ अत्यन्त उपयोगी है। प्रथम अध्याय के रूप मे प्रस्तावना को प्रस्तुत किया गया है, जिसके अन्तर्गत इतिहास लेखन की पुनरावृत्ति पर प्रकाश डाला गया है। इतिहास की कोई भी उपलब्धि अन्तिम नही होती। कोई भी इतिहासकार यह नहीं कह सकता कि उसका कार्य अन्तिम है। इसके अतिरिक्त इसी अध्याय मे शोध की आवश्यकता पर सक्षिप्त वर्णन किया गया है तथा शोध विषय के चयन पर भी अत्यन्त सक्षिप्त रूप से विवरण प्रस्तुत किया है।

इसमे दूसरे अध्याय के रूप मे सामाजिक परिवर्तनो का वर्णन किया गया है। इसके अन्तर्गत चारो वर्णो ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एव शूद्र वर्ण संकर एव मिश्रित जातियो का विशद विवेचन किया गया है। ज्योतिष ग्रन्थ के अनुसार वर्षा ऋतु के सूर्य की सफेद लाल पीली एव काली किरणो का क्रमश ब्राह्मण क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद का विनाश करने वाली मानी गयी है। सूर्य एव चन्द्र ग्रहण के समय किन जातियों को कष्ट होता है इन सबका विवरण प्रस्तुत किया गया है। भारतीय समाज को सुसंस्कृत

एव सुव्यस्थित करने के लिये आश्रम व्यवस्था का निर्माण हुआ। तत्कालीन समाज मे स्त्रियो की दशा का विस्तार से वर्णन किया गया है, जिसके अन्तर्गत विवाह, सती प्रथा, बहुविवाह आदि पर भी दृष्टि डाली गयी है। जनजीवन में प्रचलित खान–पान, वस्त्र एव आभूषण आदि का भी सक्षिप्त वर्णन इसमे किया गया है। इस समय तक चिकित्सा विज्ञान उन्नत अवस्था मे था बृहत्सहिता के आधार पर इस सम्बन्ध मे विवरण प्रस्तुत किया गया है।

तृतीय अध्याय के रूप मे आर्थिक इतिहास का वर्णन किया गया है। समाज का उत्कर्ष मनुष्य के आर्थिक जीवन की सम्पन्नता समुन्नति एवं सुख सुविधा पर निर्भर करता है। आर्थिक जीवन का मूल आधार कृषि, पशुपालन, कला, व्यापार, विदेशी व्यापार, वाणिज्य, क्षेत्रीय उत्पाद्य माणिक्य उद्योगो पर होता है। अथर्वेद में पृथ्वीवन्य को कृषि का आरम्भ करने वाला कहा गया है। सिन्धु सभ्यता के विभिन्न उपकरणो से इस तथ्य के प्रमाण मिलते है जिस तरह धीरे–धीरे गृह निर्माण, बर्तन बनाने की कला एव औजारो के निर्माण मे विकास हुआ। आर्थिक क्षेत्र के सभी वर्गो का ज्योतिष ग्रन्थ एव अभिलेखो तथा उत्खनन से प्राप्त सामग्री के आधार पर अत्यन्त विस्तृत वर्णन किया गया है।

चतुर्थ अध्याय के रूप मे धार्मिक परिवर्तनों को उल्लेख किया गया है। वराहमिहिर के ग्रन्थो से हमे तत्ककालीन धार्मिक जीवन की स्पष्ट झलक देखने को मिलती है। यह समय प्रगतिवादी धार्मिक विचारधाराओ का था यद्यपि नास्तिक लोगों ने जैसे बौद्ध और जैन ने समाज के कुछ वर्गो को अपने पक्ष मे ले लिया था, फिर भी ब्राह्मणवाद उत्थान पर था वैदिक देवताओं मे इन्द्र वरूण एव अग्नि का स्थान विष्णु और शिव ने ले लिया था। इन्द्र अपने विभिन्न नामो से जाने जाते थे। ऋग्वेद की 250

ग्रन्थो को इनकी गाथा का वर्णन है। साहित्य इनका स्थान भक्तिकाल तक रहा। ब्रह्मा को ब्रह्माण्ड का रचयिता, प्रथम मुनि एव मानव जाति का पितामह माना है। ब्रह्मदण्ड, गणक, चर्तुसार नामक पुच्छल तारे इनके पुत्र कहे गये है। विलक्षणता से युक्त न्याय की देवी को इनकी पुत्री कहा गया है। इन्हे देवताओ का प्रमुख माना जाता था तथा इन्द्र को इनकी आज्ञा माननी पडती थी। वराहमिहिर को त्रिदेव की अभिधारणा का ज्ञान था। ये ब्रह्मा विष्णु एव शिव के रूप मे थे परन्तु महत्वत्ता मे विष्णु एव शिव इनके अग्रणी थे। विष्णु को अद्‌भुत शक्ति एव प्रतापी माना। वराहमिहिर ने इन्हे नारायण, हरि, केशव, माधव, मधुसूदन आदि नामो की सज्ञा दी है। विष्णु के विभिन्न अवतारो मे वराह अवतार सबसे प्रसिद्ध था। शिव जिनको रूद्र, हर, शंकर शम्भू ईशान आदि नामो से वर्णित किया गया है। उत्पल द्वारा इनके अद्धगौरीश्वर स्वरूप का भी वर्णन मिलता है। इनके अतिरिक्त पाशुपत, कापालिक, सूर्य, अग्नि, यम, कुबेर आदि अन्य देवताओ के विषय मे भी वर्णन प्रस्तुत किया गया है उत्तर वैदिक कालीन देवताओ मे बलदेव की प्रतिमा का वर्णन मिलता है। वराहमिहिर के अनुसार यह एक हाथ मे हल धारण किये हुये, नशीली ऑखों वाले, तथा एक कान मे कुण्डल धारण किये हैं। प्रद्युम्न की पहचान कामदेव से की है। शिव देवता के परिवार के रूप मे गणेश स्कन्द आदि का वर्णन है। इसके अतिरिक्त देवियो की शक्ति के रूप मे पूजा की जाती थी। इनकी सख्या वराहमिहिर ने सात बतायी है तथा मथुरा संग्राहालय मे सुरक्षित इन सप्तमातृ का उल्लेख उनके चिन्ह एव सवारी के साथ किया गया है। एक अन्य देवी एकनामसा का भी वर्णन मिलता है जिन्हे यशोदा की पुत्री बताया गया है। अन्य देवताओ का भी विस्तृत रूप से वर्णन मिलता है। नव ग्रहो की बिना किसी विशेष सम्प्रदाय के रूप मे पूजा की जाती थी। ग्रहो की गति के सम्बन्ध मे विश्वास था कि इनकी गति सामान्य रूप से सासारिक घटनाओ मे एव विशेष रूप से मानव जीवन पर

प्रभाव डालती है। इसके अतिरिक्त पक्षियो एव नागपूजा का भी प्रचलन था।

राजनैतिक सगठन को पाचवे अध्याय के रूप मे प्रस्तुत किया गया है। इस सम्बन्ध मे बृहत्सहिता से विस्तृत जानकारी नही प्राप्त होती है। अन्य स्रोतो से प्राप्त जानकारी के आधार पर यह कहा जा सकता है राजनैतिक सगठन शासन का महत्वपूर्ण अग था। शासन के इस विज्ञान को 'दण्डनीति' कहा गया। इसमे निपुण विदो को 'नीतिवृन्ति' एव 'नीतिजन' के नाम से सन्दर्भित किया गया । शासन की राजतन्त्रात्मक प्रणाली के सम्बन्ध मे निश्चित रूप से कुछ कहा नहीं जा सकता। यह कहा जा सकता है कि लोकतत्रवाद पर राजतन्त्रात्मक प्रणाली का प्रभाव था। राजा राज्य की आत्मा होता था। 'इन्द्रमहा' 'पुष्य–स्नान' एवं 'निराजन' तथा पट्टा–लक्षण मुख्य रूप से राजा से सम्बन्धित थे। राजा के सम्बन्ध मे यह महत्वपूर्ण वर्णन मिलता है कि प्रजा रूपी वृक्ष की समृद्धि, पोषण तथा शक्ति का मूल राजा ही है। मण्डल सिद्धान्त राजा की विजय की इच्छा पर आधारित था। राजा के अतिरिक्त रानी का भी महत्वपूर्ण स्थान होता था। वाकाटक रानी प्रभावती गुप्ता का उल्लेख कई अभिलेखो मे मिलता है। राजा की कार्य मे सहायता के लिये मन्त्रि परिषद के अतिरिक्त अन्य विभागो मे भी अधिकारियो की नियुक्ति की जाती थी। युद्ध की महत्वता के कारण सेना के उच्च्व अधिकारी सेनापाति एवं दण्डनायक का भी विवरण प्रस्तुत किया गया है। सैन्य अभियानो के लिये वर्षा ऋतु के बाद का समय उचित माना गया है। इसी प्रकार वराहमिहिर ने सैन्य अभियानो के समय होने वाली शुभ एव अशुभ घटनाओं का जो वर्णन किया है उसका भी विवरण प्रस्तुत किया गया है।

साहित्य एव कला को छठे अध्याय मे प्रस्तुत किया गया है। वराहमिहिर ने खगोल शास्त्र एव ज्योतिष शास्त्र को आगम पर आधारित विज्ञान माना है। साहित्य

मे ज्योतिष शास्त्र का विवरण प्रस्तुत किया गया है। ज्योतिष विज्ञान को तीन स्कन्धो मे विभाजित किया गया है। इसकी सर्वप्रथम शाखा को तन्त्र कहा गया जिसमे सूर्य, चन्द्र तथा नक्षत्रो की गणना की गयी है। दूसरी शाखा को 'होरा' कहा गया जिसमे कुडली अथवा कुडली बनाने का वर्णन है। अन्त में प्राकृतिक ज्योतिष जिसे अग विनिश्चय अथवा शाखा कहा गया, जिसमे सम्पूर्ण ज्योतिष के पाठयक्रमो का वर्णन किया गया है तथा इसके सहिता नाम दिया गया। भाष्यकारो ने सहिता को फल ग्रन्थ के रूप मे वर्णित किया है। वराहमिहिर द्वारा प्रतिपादित पचसिद्धान्तो का वर्णन ऊपर किया जा चुका है। कुण्डली के अन्तर्गत राशियों का बलवान और निर्बल होना, होरा चक्र, द्रेष्काण चक्र, नवमाश, द्वादशाश सात ग्रहो का स्थान उसके अनुसार उनकी शक्ति का वर्णन जन्म का समय, अकस्मात मृत्यु जीवन की अवधि और इसके परिवर्तनो का वर्णन है। वर्तमान मे वराहमिहिर के प्रचलित ग्रंथ जातक और विवाहपटल भी उपलब्ध है, जो 'होरा' के अन्तर्गत आते है। उत्पल के अनुसार लग्न निकालने की प्रक्रिया द्वारा प्रतिस्थापना, सस्कार, यात्रा, विवाह और इस तरह के अन्य कार्यो मे शुभ और अशुभ फल देने वाले गृहो तथा नक्षत्रो की स्थिति का वर्णन 'होरा' मे किया गया है। इसके अतिरिक्त वृहत्संहिता मे वर्णित लेखको एव उनके कार्यो को भी विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया गया है। इसके अतिरिक्त दर्शन शास्त्र के माध्यम पृथ्वी की उत्पत्ति एव सूर्य चन्द्रमा के सम्बन्ध मे जनकारी प्रस्तुत की गयी है। धर्म, हस्त विज्ञान दशमलव माप आदि का भी सक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया है। वराहमिहिर पदो की रचना मे अत्यन्त निपुण थे उन्होने 65 छन्दो को बृहत्सहिता में प्रयुक्त किया है। जिनके नामो का उल्लेख भी इस अध्याय मे किया गया है। कला का वर्णन भी इसी अध्याय के अन्तर्गत किया गया है। भारतीय कला की परम्परा वैविध्यपूर्ण तथा अत्यन्त प्राचीन है। कला द्वारा मनुष्य अपनी अभिव्यक्ति करता है। वास्तु की नहीं। इसका प्रारम्भ सिन्धु

घाटी से लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व से होता है। सिन्धु घाटी से लेकर नन्द वश के उदय के पूर्व 326 ई० पू० तक का समय भारतीय कला का आदि युग था। इसके पश्चात मौर्य कला से लेकर हर्ष का समय इस काल का मध्ययुग था। हर्ष के बाद भारतीय कला का चरमयुग आता है। गुप्तकाल मे भवन निर्माण कला अपनी उन्नत अवस्था मे पहुँच चुकी थी। कला के अन्तर्गत वास्तु का वर्णन है, जिसका अर्थगृह होता है। इसमे विभिन्न वर्णों के आधार पर गृह का वर्गीकरण किया गया है और वर्णों के आधार पर ही इनकी सीमा निर्धारित की गयी है। इसके अतिरिक्त, स्तम्भ, चातुष्शालका, सर्वतोभद्र आदि का विस्तृत विवरण किया गया है। भवन निर्माण के लिये उपयुक्त भूमि का भी विवरण प्रस्तुत किया गया है। वज्रलेप, वज्रतल एव वज्रसंघात के अन्तर्गत भवन निर्माण की वस्तुओ में पक्की ईंटे, लकडी, पत्थर इत्यादि का उल्लेख है। इस अध्याय मे मन्दिर का भी वर्णन विशद रूप से किया गया है। वराहमिहिर ने 20 तरह के प्रासादो का उल्लेख किया है। इसी अध्याय के अन्तर्गत शिल्प, सगीत तथा चित्रकला का भी विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। अनेक साक्ष्यो तथा ज्योतिषीय ग्रन्थो से भारतीय कला का घूडान्त निर्दशन मिलता है इसका प्रभाव अधिकांश देशो की कला में भी दृष्टिगोचर होता है।

ज्योतिष ग्रन्थो मे वर्णित तत्कालीन दैनिक जीवन को सातवे अध्याय के रूप मे वर्णित किया गया है। बृहत्संहिता मे प्राकृतिक ज्योतिष शास्त्र पर विस्तृत वर्णन किया गया। प्राचीन काल में लोगो को ज्योतिष शास्त्र पर अत्यधिक विश्वास था। वैदिक सभ्यता 'शकुन' भविष्यवाणी तथा भविष्य बताने पर विश्वास रखती थी। छान्दोग्य उपनिषद के अनुसार दैव तथा नक्षत्रविद्या का अर्थ प्राकृतिक व्यवधान तथा ज्योतिष से सम्बन्धित माना गया है। इसके अन्तर्गत 'सामवातसार' की महत्वता एवं योग्यता का वर्णन किया गया है। ज्योतिष का लोगो के ऊपर अत्यन्त गहरा विश्वास

था। गौतम धर्मशास्त्र, विष्णु धर्मशास्त्र, याज्ञवल्क्य स्मृति आदि राजा को ज्योतिष पर निर्भर रहने की विनती करते है। वराहमिहिर द्वारा वर्णित सूर्य–चन्द्रमा ग्रह तारामडल का ही नही अपितु अगो की गति की व्याख्या शारीरिक चिह्न शकुन आदि का वर्णन भी इसी अध्याय मे विस्तृत रूप से किया गया। अग्नि के लक्षणो मे भी विचार किया गया है।

उपसहार को आठवे अध्याय के रूप मे निरूपित किया गया है। सम्पूर्ण शोध कार्य को अत्यन्त सक्षिप्त रूप से इसमे प्रस्तुत किया गया है। अन्त मे ज्योतिष ग्रन्थो के आधार पर समाज का जो रेखाचित्र उभर कर सामने आता है। उसके आधार पर समय–समय पर समाज के विभिन्न वर्ग जैसे आर्थिक व्यवस्था, धार्मिक व्यवस्था साहित्य कला एव अन्य क्षेत्रों पर इन ग्रन्थों से पूर्व की सामाजिक स्थिति मे स्पष्ट परिवर्तन परिलक्षित होता है एवं परिवर्तन की जो प्रक्रिया देखने को मिलती है वह सतत् जारी है।

सम्बन्धित ग्रन्थ

1- ज्योतिषीय ग्रन्थ

वृहद्यात्रा — सम्पादक वी० आर० पण्डित, बम्बई (अप्रकाशित)

बृहज्जातक — सम्पादक सीताराम झा, भट्टोपाल की टीका सहित, बनारस, 1934

— चिदम्बर अय्यर द्वारा अग्रेजी अनुवाद मद्रास, 1885

— ए०एन०एस०द्वारा सस्कृत अनुवाद

वृहत्सहिता — सम्पादक सुधाकर द्विवेदी भट्टोपल की टीका सहित भाग–2, बनारस, 1895-97

— सम्पादक एच० केर्न० कलकत्ता 1865

लघुजातक — हिन्दी अनुवाद, वाराणसी 1958

लघुविवाहपटल — सम्पादक वी० आर० पण्डित, बम्बई

पञ्चसिद्धान्तिका — सम्पादक सुधाकर द्विवेदी सस्कृत टीका सहित, वाराणसी 1889

समाससहिता — अजयमित्र शास्त्री द्वारा पुर्नलिखित

योगयात्रा — सम्पादक जे०एल० शास्त्री, लाहौर, 1944

— सम्पादक वी० आर० पण्डित, बम्बई

इण्डिया एस सीन इन द वृहत्सहिता ऑफ वराहमिहिर — अजय मित्र शास्त्री

ज्योतिशास्त्र

यवन जातक (स्फुजिध्वज)

वृद्धयवन जातक (वराहमिहिर) — व्याख्याकार डॉ० सुरेशचन्द्र मिश्र, भाग 1 – 2

सारावली (कल्याण वर्मा) — सम्पादक डॉ० मुरलीधर चर्तुवेदी हिन्दी व्याख्या सहित

मूल ग्रन्थ

ऋग्वेद — श्रीपाद वर्मा, औधनगर बम्बई, 1940

अर्थशास्त्र — कौटिल्य

याज्ञवल्पय स्मृति — मिताक्षरा पाचवा सस्करण बम्बई 1944

नारदसूक्त

सूत्रास्थान —

अश्वचिकित्सा(नकुल) — अश्ववैधक से उर्द्धत, बी० आई० कलकत्ता 1887

अश्ववैद्यक — बी०आई०कलकत्ता 1887

चन्द्रशेखर(रत्नदीपिका) —

यशास्तिलिका चम्पू —

अग्निपुराण — एम०एन०दत्त द्वारा अनुवादिक भाग 1-2 कलकत्ता 1903-04

शतपथ ब्राह्मण — जे एग्गलिग द्वारा अनुवादित पाच भागो मे एस०बी०ई XII, XXVI, XI III और XLVI

वायु पुराण — राम प्रताप त्रिपाठी शास्त्री द्वारा अनुवादित हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

विष्णु पुराण — मूल ग्रन्थ हिन्दी अनुवाद सहित गीता प्रेस गोरखपुर

ब्रह्मपुराण

ब्रहद्धर्मपुराण

गौतमधर्मसूत्र — हरदत्त की टीका सहित ए०एस०एस०पूना 1931

मालविकाग्निमित्रम् — बी०एस०एस० द्वितीय सस्करण, बम्बई 1889

राजतरागिणी (कल्हण) — एम०ए० स्टेन द्वारा सम्पादित दिल्ली 1960

बॉधायन धर्मसूत्र — चिन्ना स्वामी शास्त्री द्वारा सम्पादित वाराणसी 1991

धर्मशास्त्र का इतिहास (पी०वी०काणे)

मेधातिथि टीका —

तैतरिय सहिता

शुक्रनीति — बी०के० सरकार द्वारा अग्रेजी द्वारा अग्रेजी अनुवाद द्वितीय सस्करण इलाहाबाद 1923

आपस्तम्ब ग्रह्यसूत्र — सम्पादक टी० गणपतिशास्त्री सहित हरदन्त की टीका, त्रिवेन्द्रम 1923

भविष्य पुराण — वेकटेश्वर प्रेस, बम्बई 1910

2- संस्कृत और प्राकृत ग्रन्थ

चरकसहिता (चरक)	–	सम्पादक जे० विद्यासागर द्वितीय सस्करण कलकत्ता 1896
		हिन्दी अनुवाद छठा भाग जामनगर 1949
महाभारत	–	नीलकण्ठ की टीका सहित, पूना 1929-33
मनुस्मृति	–	सम्पादक–जयन्त कृष्ण हरिकृष्ण दूबे, भारतीय विद्या भवनम्
	–	सम्पादक जे० जौली लन्दन, 1887 कुल्लूक की टीका सहित
मत्स्य पुराण	–	राम प्रताप त्रिपाठी, शास्त्री द्वारा अनुवादित ASS, पूना 1907
शुक्रनीतिसार	–	बी०के०सरकार द्वारा अग्रेजी अनुवाद, कलकत्ता, 1890
अमरकोश (अमरसिह)	–	रामाश्रमी की टीका सहित एन०एस०पी० बम्बई 1944
आर्यभट्ट	–	परमदिश्वर की भट्दीपिका टीका सहित, सम्पादक, ए० केर्न, 1874
हर्षचरित (बाण)	–	शकर की व्यवस्था बी०एस०एस० बम्बई 1909
दशकुमार चरित (दण्डी)	–	एन०एस०पी० बम्बई 1951
रघुवश (कालिदास)	–	मल्लिनाथ की टीका सातवा प्रकाशन एन०एस०पी० बम्बई 1929
कामन्दक्यनीतिसार (कामन्दक)	–	सम्पादक आर०एल०मित्रा
कामसूत्र (वात्सायायन)	–	सम्पादक यशोधर जयमगला वाराणसी 1929

शिलालेख

फ्लीट जे० एफ० — इसक्रिप्शन ऑफ द अर्ली गुप्त किग एण्ड देयर सकसेसर, CII, III, कलकत्ता 1888

लूदरर्स एच० — भरहुत इसक्रिप्शन CII, II (11) 1963

मिराशी वी०वी० — इसक्रिप्शन ऑफ द वाकाटक CII, V, 1963

आधुनिक कार्य

अय्यगर के० वी०आर० — सोशल एण्ड पॉलिटिकल सिस्टम ऑफ मनुस्मृति, लखनऊ 1949

अय्यर वी० जी० — क्रोनोलोजी ऑफ एन्शियन्ट इण्डिया

अल्टेकर ऐ० एस० — पोसिशन ऑफ वूमेन इन हिन्दू सिविलाइजेशन वाराणसी 1956

भण्डारकर आर०जी० — वैष्णविज्म, शैविज्म एण्ड माइनर रिलिजियस सिस्टम, कलेक्टेड वर्कस Vol IV पूना 1929

चक्रधर एच०सी० — सोशल लाइफ इन एन्शियन्ट इण्डिया, ए स्टडी इन वात्स्यायनास कामसूत्र द्वितीय सस्करण कलकत्ता 1924

शर्मा आर०एस० — एन एर्पोच टू एस्ट्रोलॉजी एण्ड डिवीनेशन इन मेडिवल इण्डिया।

— इण्डियन फ्यूडलिज्म

शर्मा आर०एस०तथा झा डी०एन० — द इकोनोमिक हिस्ट्री ऑफ इण्डिया

झा डी०एन० — अर्ली इण्डियन फ्न्यूडलिस्म

नरपति जयचर्या सवोर्दय — मिलिट्री एस्ट्रोलॉजी ऑफ नरपति

ओम प्रकाश – प्राचीन भारत का सामाजिक एव आर्थिक इतिहास चौथा सस्करण

शर्मा राम शरण – पूर्व मध्यकालीन भारत मे सामजिक परिवर्तन, देवराज चानना व्याख्यान माला का प्रथम व्याख्यान 1969

मिश्र जय शकर – प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास, छठा सस्करण

ओझा ए०पी० – समाजिक स्तरीकरण

यादव बी०एन०एस० – सोसाइटी एण्ड कल्चर इन नोर्दन इण्डिया

यादव बी०एन०एस० – इण्डियन हिस्ट्री काग्रेस प्रेसिडेन्शियल एड्स बम्बई

3 - जरनलस

– एनलस ऑफ द भण्डारकर ओरयिन्टल रिसर्च इन्स्टीयूट, पूना

– ऐशियाटिक रिसर्चस

– आरक्यूलोजील सर्वे ऑफ इण्डिया, एनवल रिपोर्ट

– आरकिओलॉजीकल सर्वे ऑफ साउथ इण्डिया

– एपिग्राफिया इण्डिका

– इण्यिन कल्चर

– जरनल ऑफ द ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट बडौदा

– जनरल ऑफ इण्यिन हिस्ट्री

– जनरलस ऑफ ओरियन्टल रिसर्च, मद्रास

– जनरल ऑफ इण्डियन सोसाइटी ऑफ ओरियन्टल आर्ट

– जनरल ऑफ द यूनिवर्सटी ऑफ बम्बई